CMYK

www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ... छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, शुक्रवार, 4 अगस्त 2023 । वर्ष – 33 । अंक – 96 । पृष्ठ – 12 । मूल्य – 4.00 रु





राज्य के हितों की रक्षा के लिए कांग्रेस सरकार का साहसिक कदम पृष्ठ 3
■ हम सब ज़हरीली गैस से भरे गुब्बारे हो गए हैं
■ इंडिया बनाम भारत या इंडिया जो भारत है? पृष्ठ 4
■ पाकिस्तान ने अमेरिका के साथ चुपचाप सुरक्षा समझौते को दी मंजूरी
■ कैमरून में बंदूकधारियों ने की आठ मछुआरों की हत्या पृष्ठ 9
मनोज तिवारी ने क्रिकेट को कहा अलविदा पृष्ठ 10

# सावन की पहली झड़ी से जनजीवन अस्त-व्यस्त, किसान खुश



**रायपुर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश में हो रही लगातार वर्षा से किसानों के चेहरे में मुस्कान बिखर गई हैं। वहीं कई क्षेत्रों में पानी के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है। प्रदेश में 1 जून से 31 जुलाई तक सबसे अधिक वर्षा 830.1 मिमी सुकमा में हुई है, जो सामान्य से 33 फीसदी अधिक है। सबसे कम वर्षा सरगुजा में 314 मिमी जो सामान्य से 54 फीसदी कम है। वहीं रायपुर में 752.9 मिमी, महासमुंद में 619.8, कोंडागांव में 458.3 मिमी, कांकेर में 577.7 मिमी, राजनांदगांव में 623.4 मिमी, गरियाबंद में 619.2 मिमी, दुर्ग में 589.6 मिमी, बिलासपुर में 577.4 मिमी, बलौदाबाजार में 578 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

प्रदेश में दो दिनों से लगातार बारिश हो रही है। बारिश की वजह से नदी नाले उफान पर हैं।इसके चलते शहर के मुख्य मार्ग और गली-मोहल्लों में भी पानी भर गया है प्रदेश के कई हिस्सों में रूक-रूककर हो रही बारिश से तापमान में गिरावट आई है।बारिश को लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग के मुताबिक अभी आने वाले कुछ दिनों तक प्रदेश में मौसम का मिजाज ऐसा ही रहेगा। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा। इसके साथ ही प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हल्की से मध्यम वर्षा होगी। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि अगस्त माह में भरपूर वर्षा होने के आसार है। ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

प्रदेश के अन्य हिस्सों के साथ-

### निगम करे नाव की व्यवस्था : चंदेल

नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने जलभराव पर कहा कि रायपुर नगर निगम बरसात के दौरान नाव की व्यवस्था करे, जिससे लोगों को आने-जाने में दिक्क़त न हो। इसके साथ एसडीआरएफ़ को भी तैनात करे, जिससे गाड़ियों की आवाजाही हो सके।

## बलौदाबाजार सहित कसडोल क्षेत्र में नदी-नाले उफान पर



**कसडोल/बलौदाबाजार**, 3 अगस्त (देशबन्धु)। बलौदाबाजार सहित कसडोल क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश से क्षेत्र के नदी नाले उफान पर आ गई है। खेत खलिहान लबालब हो गए हैं जिसके कारण पूरा क्षेत्र जलमग्न दिखाई दे रहा है। बलौदाबाजार स्थित खोरसी नाला में भी उफान के चलते मगरचबा, खैरघटा एवं पाहंदा गावं के समीप पानी पहुंच गया है। जहां लोगो को सावधानी रहने की बात कही गई है। पानी का बहाव देखने नगर के लोगो का भी आवाजाही शाम तक देखा गया। वही कसडोल सिरपुर मार्ग में बल्दाकछार के पास सड़क में पानी आ जाने से मार्ग अवरूद्ध हो गया है।

ज्ञात हो कि बलौदाबाजार एवं कसडोल नगर सहित पूरे अंचल में पिछले तीन दिनों से लगातार बारिश हो रही है जिसके कारण लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है और जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। लगातार बारिश से क्षेत्र के छोटे बड़े सभी ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# रायपुर, कोरबा और अंबिकापुर में एक साथ कारोबारियों के ठिकानों पर ईडी की दबिश



■ दस्तावेजों की जांच जारी

**रायपुर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश में एक बार फिर से ईडी के छापे पड़े हैं। रायपुर, कोरबा और अंबिकापुर में प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने कारोबारियों के घर दबिश देकर दस्तावेजों की जांच कर रही है। ऐसा कहा जा रहा है जिन कारोबारियों के घर जांच चल रही है वे आईएएस रानू साहू के करीबी हैं।

रायपुर के कचना इलाके में स्वर्णभूमि स्थित रोहित अग्रवाल के घर जांच जारी है। रोहित तेंदूपत्ता के कारोबार से जुड़े हैं। ईडी की टीम सुबह से दस्तावेजों की जांच कर रही है। कोरबा में स्टेशन रोड निवासी पूर्व पार्षद और व्यवसायी शिव अग्रवाल के यहां सुबह 5 बजे से ईडी की टीम ने दस्तक दी। घर के लोग कुछ समझ पाते तब तक टीम ने घर के सभी लोगों को एक कमरे में रखकर कर जांच करना शुरू किया। करीब 5 घंटे तक जांच के बाद ईडी की टीम खाली हाथ वापस लौट गई।

सीतामढ़ी में नवीन टाइल्स और जमीन कारोबारी पवन अग्रवाल के ठिकानों पर भी दस्तावेजों की जांच जारी है। इनके पिताजी शिव अग्रवाल जोगी कांग्रेस से 2018 में विधानसभा चुनाव लड़े थे। अभी तक कार्रवाई का अपडेट सामने नहीं आया है।

कोरबा में ही व्यवसाई रूड़ मल अग्रवाल के घर और दुकान में भी छापा मारा गया है। अधिकारियों के साथ सुरक्षाबल के जवान घर के बाहर निगरानी करते देखे गए। रुड़ मल अग्रवाल के घर कार्रवाई के दौरान अब तक क्या मिला है इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। इससे पहले बुधवार को ईडी की टीम ने रायगढ़ में सुनील रामदास अग्रवाल के ठिकानों पर कार्रवाई की थी। हालांकि टीम कल ही लौट गई थी।

# दिल्ली बिल लोकसभा में पास

## गृह मंत्री शाह बोले, केंद्र को दिल्ली पर कानून बनाने का अधिकार



■ आप सांसद रिंकू बचे सत्र के लिए निलंबित
■ अब बिल को राज्यसभा में किया जाएगा पेश
■ कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों ने किया विरोध

**नई दिल्ली**, 3 अगस्त (देशबन्धु)। संसद के मानसून सत्र के 11वें दिन गुरुवार को लोकसभा में दिल्ली सर्विस बिल पास कर दिया गया। वहीं, स्पीकर ओम बिड़ला ने आप सांसद सुशील कुमार रिंकू को बाकी बचे सत्र के लिए निलंबित कर दिया। रिंकू को निलंबित करने का प्रस्ताव संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी लाए थे। रिंकू पर वेल में आकर कागज फाड़ने का आरोप था। अब इसे राज्यसभा में पेश किया जाएगा।

लोकसभा में 2 बजे दिल्ली अध्यादेश विधेयक पर चर्चा शुरू हुई। अमित शाह ने कहा कि विपक्षी दलों को गठबंधन का नहीं, दिल्ली का सोचना चाहिए। एक बात तय है कि चाहे कितना भी अलायंस कर लें, सरकार तो नरेंद्र मोदी की ही आ रही है। शाह ने ये भी कहा कि मणिपुर पर जितनी चर्चा चाहें, कर लें, मैं जवाब दूंगा। वहीं इस दौरान कांग्रेस, टीएमसी और डीएमके सहित अन्य विपक्षी दलों ने बिल का कड़ा विरोध किया। अमित शाह ने विधेयक के पक्ष में तर्क देते हुए सदन में कहा, 'अध्यादेश सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश को संदर्भित करता है जिसमें कहा गया है कि दिल्ली को लेकर किसी भी मुद्दे पर सरकार का कानून बनाने का अधिकार है।' उन्होंने बताया कि संविधान में भी हमें ये अधिकार दिया गया। अमित शाह ने आगे कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल, राजाजी, राजेंद्र प्रसाद और डॉ. बी.आर. अंबेडकर भी दिल्ली को राज्य का दर्जा दिए जाने के विरोध में थे। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन को दिल्ली की नहीं सिर्फ अलायंस की चिंता है। ये विधेयक का विरोध राजनीति के लिए कर रहे हैं।

> विपक्षी गठबंधन को दिल्ली की नहीं सिर्फ अलायंस की चिंता है। ये विधेयक का विरोध राजनीति के लिए कर रहे हैं। नेहरू, पटेल भी दिल्ली को राज्य का दर्जा दिए जाने के विरोध में थे : अमित शाह, गृह मंत्री

> शाह के मुंह से नेहरू की तारीफ अच्छी लगी। दिल्ली में ऐसी छेड़खानी होती रहेगी तो आप अन्य राज्यों के लिए भी ऐसे बिल लाते रहेंगे : अधीर रंजन चौधरी, कांग्रेस

# कोयला खदानों की नीलामी से छत्तीसगढ़ को मिले 147 करोड़

## विकासात्मक वृद्धि को सशक्त बनाने और सहायता देने केंद्र सरकार की ठोस पहल

**रायपुर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। कोयला मंत्रालय ने कोयला खानों की नीलामी से प्राप्त 704 करोड़ रुपये की अग्रिम राशि छह कोयला धारक राज्यों- छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और पश्चिम बंगाल को हस्तांतरित कर दी है।

यह वित्तीय हस्तांतरण इन राज्यों की विकासात्मक वृद्धि को सशक्त बनाने और सहायता देने की एक ठोस पहल है।

704 करोड़ रुपये की आवंटित राशि 18 कोयला खानों के लिए अग्रिम राशि की पहली किस्त का प्रतिनिधित्व करती है, जिनकी वाणिज्यिक कोयला खान नीलामी के छठे दौर और पांचवें दौर के दूसरे प्रयास के तहत सफलतापूर्वक नीलामी की गई थी।

■ झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और पश्चिम बंगाल को भी मिला लाभांश

| राज्य | पहली किश्त |
|---|---|
| छत्तीसगढ़ | 147,38,30,625 रु. |
| झारखंड | 130,99,10,684 रु. |
| मध्यप्रदेश | 188,85,92,781 रु. |
| महाराष्ट्र | 18,75,00,000 रु. |
| ओडिशा | 199,81,43,795 रु. |
| प. बंगाल | 18,75,00,000 रु. |

हस्तांतरित की गई राशि का राज्यवार विवरणानुसार कोयला खान विकास और उत्पादन समझौते (सीएमडीपीए) के सुधार ने इस महत्वपूर्ण विकास का मार्ग प्रशस्त किया। सीएमडीपीए के अनुसार, सफल बोलीदाताओं ने कोयला ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### मणिपुर में फिर भड़की हिंसा

**इंफाल।** मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदाय के बीच जारी हिंसा को आज (3 अगस्त) तीन महीने पूरे हो गए। बिष्णुपुर जिले में गुरुवार को सुरक्षाबलों और मैतेई समुदाय के बीच हिंसक झड़प हुई।

स्थिति को संभालने के लिए सुरक्षाबलों ने हवाई फायरिंग की और आंसू गैस के गोले छोड़े। जिसमें 20 महिलाएं घायल हो गईं।




# अब कैबिनेट सेक्रेटरी को मिला सेवा विस्तार

■ लोकसभा चुनाव तक अपने पद पर बने रहेंगे राजीव गौबा



**नई दिल्ली**, 3 अगस्त (देशबन्धु)। प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक संजय मिश्र के सेवा विस्तार पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी के बावजूद केंद्र सरकार ने कैबिनेट सेक्रेटरी राजीव गौबा को लगातार तीसरी बार एक साल का सेवा विस्तार दे दिया है। अब वे लोकसभा चुनाव तक अपने पद पर बने रहेंगे। झारखंड कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1982 बैच के अधिकारी गौबा को 2019 में उन्हें पहली बार दो साल के लिए कैबिनेट सचिव नियुक्त किया गया था। अगस्त 2021 में सेवा निवृत्ति के बाद उन्हें एक साल के लिए सेवा विस्तार मिला। अगस्त 2022 में उन्हें दूसरी बार एक साल के विस्तार दे दिया गया। अब उन्हें फिर से तीसरी बार सेवा विस्तार मिल गया है। वे लोकसभा चुनाव 2024 तक अपने पद पर बने रहेंगे।

**जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम के प्रमुख वास्तुकार** - गौबा को जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 का प्रमुख वास्तुकार माना जाता है। इसी अधिनियम के तहत केंद्र सरकार ने सूबे में लागू धारा 370 को रद्द कर जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया था। कैबिनेट सचिव बनने से पहले गौबा केंद्रीय गृह मंत्रालय में सचिव और उससे पहले शहरी विकास मंत्रालय में सचिव थे। यही नहीं केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर तैनाती से पहले वे झारखंड के मुख्य सचिव भी रहे थे।

### राहुल की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** 'मोदी उपनाम' मानहानि मामले में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को सुनवाई करेगा। उन्होंने इस मामले में उनकी सजा पर निलंबन से गुजरात हाई कोर्ट के इनकार को उच्चतम न्यायलय में चुनौती दी है। तीन न्याधीशों की पीठ पूर्व सांसद की याचिका पर सुनवाई जारी रखेगी।

### ज्ञानवापी मामला फिर पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली**, 3 अगस्त (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गुरुवार को वाराणसी में ज्ञानवापी परिसर के सर्वे का आदेश दे दिया, लेकिन इस फैसले के खिलाफ मुस्लिम पक्ष सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। इससे पहले श्रृंगार गौरी मुकदमे की मुख्य याचिकाकर्ता राखी सिंह ने सुप्रीम कोर्ट में कैविएट पिटीशन दाखिल कर दी। मतलब मुस्लिम पक्ष की याचिका पर किसी फैसले से पहले उनका पक्ष भी सुना जाए। उधर, इस मामले में बौद्ध समाज भी सामने आ गया है। गुरु सुमित रतन भंते ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। उनका दावा है कि ज्ञानवापी उनका मठ है। उन्होंने कहा कि देश में तमाम ऐसे मंदिर हैं, जो बौद्ध मठों को तोड़कर बनाए गए हैं। इससे पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गुरुवार को अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी की याचिका खारिज कर दी।

### 16 अगस्त से दोबारा लोगों के लिए खुलेगा 'अमृत उद्यान'

**नई दिल्ली**, 3 अगस्त (देशबन्धु)। स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान (मुगल गार्डन) दूसर बार आम लोगों के लिए खोला जा रहा है। आमतौर पर यह उद्यान प्राय: फरवरी माह में एक महीने के लिए खोला जाता है। लेकिन इस साल यह 16 अगस्त से दोबारा लोगों के लिए खोल दिया जाएगा।

## अनुच्छेद 370 हटाने के 5 साल बाद भी हिंसा से नहीं मिली मुक्ति

# औसतन रोजाना एक मौत को देख रहा कश्मीर

**जम्मू,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। इस महीने की पांच तारीख को कश्मीर में जिस अनुच्छेद 370 को हिंसा का प्रमुख कारण बताते हुए हटा दिया गया था उसके 5 साल बीत जाने के बाद भी कश्मीर को हिंसा से मुक्ति नहीं मिल पाई है। हिंसा में कमी तो है पर आज भी कश्मीर प्रतिदिन एक मौत को देखने को मजबूर है। इसकी पुष्टि खुद सरकारी आंकड़े करते थे। सरकारी आंकड़े बताते थे कि 2019 से लेकर 1 अगस्त 2023 तक के 5 साल के अरसे में कश्मीर ने 1277 मौतें देखी हैं। इनमें हालांकि सबसे बड़ा आंकड़ा आतंकियों का ही था जिनके विरूद्ध कई तरह के आप्रेशन चला उन्हें मैदान से भाग निकलने को मजबूर किया गया लेकिन नागरिकों व सुरक्षाबलों की मौतें भी यथावत हैं। आंकड़े कहते थे कि 819 आतंकी इस अवधि में ढेर कर दिए गए। तो इसी अवधि में 222 सुरक्षाकर्मियों को शहादत देकर इस सफलता को प्राप्त करना पड़ा। आतंकियों द्वारा नागरिकों को मारने का सिलसिला भी यथावत जारी था। हालांकि पुलिस के दावानुसार, इस अवधि में कोई भी नागरिक कानून व्यवस्था बनाए रखने की प्रक्रिया के दौरान नहीं मारा गया बल्कि इन 5 सालों में जो 236 नागरिक मारे गए उन्हें आतंकियों ने ही मार डाला। इतना जरूर था कि अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद आतंकियों के सबसे अधिक हमले प्रवासी नगरिकों के साथ साथ हिन्दुओं पर भी हुए हैं। जो लगातार जारी हैं। पिछले साल पांच अगस्त की बरसी की पूर्व संध्या पर भी आतंकियों ने पुलवामा मे ग्रेनेड हमला कर एक बिहारी श्रमिक की जान ले ली थी। अगर इन आंकड़ों पर जाएं तो कश्मीर ने प्रतिदिन औसतन एक मौत देखी है और आतंकियों व अन्य मौतों के बीच 2~1 का अनुपात रहा है।

# छज्जा व दीवार गिरने से दो मासूमों की मौत




## बाजार शेड में आश्रय लेना दलित परिवार को पड़ा भारी

### राशि मिलने में देरी से नहीं बन सका था आवास

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही**, 3 अगस्त (देशबन्धु)। शासन द्वारा स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास के निर्माणाधीन होने के कारण पेंड्रा के साप्ताहिक बाजार शेड में अस्थाई रूप से शरण लिए एक दलित परिवार के 6 वर्षीय बच्चे की छज्जा गिर जाने से मौत हो गई। परिवार लगभग 7-8 माह से इसी बाजार शेड पर रहते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत आवास के पूर्ण होने का इंतजार कर रहा था परंतु आवास की द्वितीय किस्त समय पर नहीं मिलने के कारण आवास निर्माणाधीन स्थिति में था जिसके कारण मासूम बच्चा मौत के गाल में समा गया।

पूरा मामला नगर पंचायत पेंड्रा के वार्ड क्रमांक 9 का है जहां रहने वाला मनोज चौधरी का मकान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत था। मनोज चौधरी को प्रथम किस्त मिलने के बाद अपने मकान को तोड़कर निर्माण करने लगा, परंतु आगे की राशि उसी स्वीकृत नहीं हो सकी थी जिसके कारण उसका आवास निर्माणाधीन स्थिति में अधूरा पड़ा हुआ था। अधूरे मकान में रहने की दिक्कत थी जिसके कारण वह मोहल्ले में ही लगने वाले साप्ताहिक इतवारी बाजार के शेड में पिछले 6 माह से शरण में था। बीते 2 दिनों से हो रही लगातार बारिश कमजोर छज्जे पर भारी पड़ी और सुबह नित्यक्रिया से लोटे 6 वर्षीय बालक श्लोक चौधरी के ऊपर बाजार शेड का छज्जा गिर गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों ने उसे तत्काल बाजार के बगल में स्थितसामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पेंड्रा तथा बाद में जिला अस्पताल देकर गए परंतु तब तक उसकी मौत हो गई थी। दैनिक मजदूरी कर जीवन यापन करने वाले मनोज चौधरी के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। फिलहाल पुलिस मामले पर मर्ग कायम कर ली है।




## दीवार गिरने से 9 साल की मासूम की मौत

इधर पेंड्रा के ग्राम नवागांव में दीवाल धसकने से उसकी चपेट में आकर 9 साल कि वंशिका पैकरा की मौके पर मौत हो गई। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार वंशिका पैकरा मूल रूप से पेंड्रा विकासखंड के रामगढ़ की रहने वाली थी। वह पिछले 3 साल से ग्राम नवागांव में अपनी नानी के यहां रहकर पढ़ाई कर रही थी। घटना 3 अगस्त को दोपहर की है। बारिश के कारण वंशिका पैकरा स्कूल नहीं गई थी तथा घर के बगल में ही अपनी सहेली के साथ खेल रही थी और पुराने बने दीवार से सटकर अपने घर जाने की कोशिश में थी। तभी पुराना बना दीवार लगातार हो रही बारिश से कमजोर हो चुका था वह गिर गया जिसकी चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## भारी बारिश को देखते हुए 2 दिन स्कूल बंद

### कलेक्टर ने दिए आदेश

अंचल में 2 दिन से हो रही लगातार बारिश से यहां के नदी नाले उफान पर हैं। भारी बारिश को देखते हुए जिले की कलेक्टर श्रीमती प्रियंका ऋषि महोबिया ने गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के सभी स्कूलों में 5 एवं 6 अगस्त को अवकाश घोषित कर दिया है ताकि बच्चे सुरक्षित अपने घर में रह सके।

लगभग 8 से ज्यादा नदियों का उद्गम क्षेत्र एवं दर्जन भर से ज्यादा ना लो वाले जिले गौरेला पेंड्रा मरवाही में 2 दिन से हो रही भारी बारिश से यहां का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। भारी बारिश से किसान खुश है क्योंकि काफी दिनों से किसानों को वर्षा का इंतजार था परंतु भारी बारिश के कारण पेंड्रा ब्लॉक में दो दुर्घटनाएं हुई जिसमें एक मासूम की छत गिरने से मौत हो गई तथा एक मासूम की दीवार गिरने से मौत हो गई।

नदी नालों से भरपूर गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में भारी बारिश के बावजूद बाढ़ जैसे हालात नहीं है परंतु फुटहा बांध में अनियमित जलभराव के कारण बांध फूट गया और तेज बहाव के प्रकोप से बांध के निचले हिस्से में किसानों की सैकड़ों एकड़ जमीन पर लगी धान की फसल बर्बाद हो गई है। ग्राम लटकानी और गिरारी के बीच फूटहा बांधा पुराना बांध है जो बहुत अधिक व्यवस्थित नहीं होने के कारण बांध जलभराव नहीं सह सका।

# चीफ़ जस्टिस ने किया बेमेतरा जिला कोर्ट का निरीक्षण

**बिलासपुर**, 3 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश श्री रमेश सिन्हा ने हाईकोर्ट के मामलों की सुनवाई पश्चात् औचक निरीक्षण हेतु बेमेतरा पहुंचे। उनके द्वारा न्यायालय परिसर के समस्त कक्षों का निरीक्षण किया गया। न्यायालय परिसर में वाहनों की पार्किंग, स्वच्छता, वाशरूम, अधिवक्ताओं व पक्षकारों हेतु उठने-बैठने की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिये गये। न्यायालय का भवन पुराना होने के कारण लायब्रेरी, रिकार्ड रूम अन्य कुछ स्थानों में सीलन पायी गयी। अधिवक्ता कक्ष में भी पानी का रिसाव होना पाया गया जिस पर उनके द्वारा नाराजगी जाहिर की गयी। न्यायालय की अधोसंरचना न्यायालय की गरिमा के अनुरूप नहीं पायी गयी। निरीक्षण के समय बेमेतरा जिले के जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री बृजेन्द्र कुमार शास्त्री, कलेक्टर श्री पदुम सिंह एल्मा, पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता एसडीएम कु. सुरूचि सिंह व लोक निर्माण विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे जिन्हें आवश्यक सुधार हेतु निर्देश दिये गये।

न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए वहां लंबित प्रकरणों की जानकारी ली तथा 05 से 10 वर्ष के पुराने प्रकरण 156 (3) सीआरपीसी के प्रकरण, धारा 138 नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के प्रकरणों को प्राथमिकता देते हुए त्वरित गति से निराकृत करने हेतु निर्देश दिया गया। मुख्य न्यायाधीश श्री रमेश सिन्हा ने न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं से भी चर्चा की व उनकी समस्याओं को दूर करने हेतु निर्देश दिये गये। औचक निरीक्षण में उनके साथ रजिस्ट्रार जनरल श्री अरविन्द कुमार वर्मा तथा एडिशनल रजिस्ट्रार कम पीपीएस श्री एम.वी.एल.एन सुब्रहमन्यम भी उपस्थित थे। ज्ञात हो कि मुख्य न्यायाधिपति श्री रमेश सिन्हा को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में आये हुये मात्र 3 माह ही व्यतीत हुये हैं। उक्त तीन माह के कार्यकाल में ही उन्होंने अनेक जिला न्यायालयों व केन्द्रीय जेल, बिलासपुर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्था में सुधार हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये हैं। उनके इस उच्च न्यायालय में आने से पूरे राज्य में आधारभूत संरचना तथा कार्य दशा आमूल-चूल परिवर्तन दिखाई देना शुरू हो गया है।



**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती योगेश्वरी राजपूत पति स्व. श्री राजेश सिंह निवासी सरकण्डा, गली नं.3, बंगालीपारा, बिलासपुर (छ.ग.) ही हूं। मैने एलआईसी की बीमा पालिसी ली थी, जिसकी सं. 380707495 है एवं इसकी मैचुरिटी दिसंबर 2018 को हो चुकी है, पालिसी के दौरान मेरा घर का चालू नाम रीता राजपूत प्रयोग किया गया है, जबकि मेरा बैंक खाता भी योगेश्वरी नाम से है, मैं यह प्रमाणित करना चाहती हूं कि श्रीमती रीता एवं योगेश्वरी राजपूत दोनों मेरे ही नाम हैं।

**शपथकर्ता**
**योगेश्वरी राजपूत (रीता)**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

## बारिश का पानी घरों में, नपा की टीम जुटी

**तखतपुर**, 3 अगस्त (देशबन्धु)। लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है और पानी घरों में घुस गया है। बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद के लिए सुबह से नगर पालिका की टीम लगी हुई है। पिछले दोपहर से हो रही बारिश से पूरा क्षेत्र जल मग्न हो गया है रातभर हुई बारिश से नगर के सुभाष नगर, कालेजपारा, जनकपुर के अधिकांश घरों में घुस गया है रात से ही बारिश की पानी को देखकर लोग रतजगा कर रहे थे और लगभग रात्रि 12 बजे के बाद से पानी घुसना शुरू हो गया था और इसकी जानकारी मिलते ही लोग एक दूसरे को खबर करने लगे और सुबह होते ही तहसीलदार शशांक शेखर शुक्ला, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्ना श्रीवास, पार्षद टेकचंद कारड़ा प्रभावित परिवारों के पास पहुंचें और उन्हें सुरक्षित ठहराने की व्यवस्था किए।

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

## सावन की पहली झड़ी से ...

प्रदेश के अन्य हिस्सों के साथ-साथ रायपुर में हो रही लगातार बारिश की वजह से अनेक हिस्से जलमग्न हो गए हैं। राजधानी में भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर के सामने पानी भर गया है। लोगों के साथ गाड़ियों की आवाजाही में परेशानी आ रही है।

**नाले में जा गिरी कार**

बिलासपुर में लगातार बारिश की वजह से नदी-नाले उफान पर आ गए हैं. सड़क पर बह रहे पानी की वजह कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित पुराना बस स्टैंड में कार नाले में समा गया. कार में सवार एक ही परिवार के सदस्यों को लोगों ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षित निकाला। भारी बारिश की वजह से बिलासपुर के चुचुहियापारा रेलवे अंडरग्राउंड ब्रिज में पानी भर जाने से लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। लोग जान जोखिम में डालकर अंडरग्राउंड ब्रिज पार कर रहे हैं।

पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने की वजह से हर वर्ष ब्रिज बारिश में डूबता है. इससे सिरगिट्टी, धुमा, पोड़ी, सिलपहरी, गणेश नगर समेत दर्जन भर गांव के लोगों को मुसीबत का सामना करना पड़ता है. बिना प्लानिंग के बनाए गए अंडर ब्रिज पर अब लोग रेलवे और जनप्रतिनिधियों पर सवाल उठा रहे हैं.

**नदी-नाले उफान पर**

मुंगेली जिले में लगातार 24 घण्टे से हो रही बारिश से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. जिले के नदी-नाले उफान पर है, वहीं जिला मुख्यालय के निचले इलाके में लोगों के घरों में पानी घुस गया है. किसानों के खेत तालाब में तब्दील हो गए हैं, जिससे कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है।

**गरियाबंद में अलर्ट जारी**

गरियाबंद जिले में भारी बारिश की वजह से अलर्ट जारी किया गया है. सरकड़ा गांव में कच्चा मकान ढहने से पति-पत्नी दबकर घायल हो गए. भारी मशक्कत के बाद गांव वालों ने पति-पत्नी को मलबे से बाहर निकाला. मुरली निषाद और उसकी पत्नी संतोषी निषाद का अस्पताल जारी है. दोनों की हालत नाजुक बताई जा रही है।

## बलौदाबाजार सहित...

नदी नाले उफान पर आ गए हैं। नगर से दो किमी दूर महानदी और जोक नदी में लगातार जल स्तर बढ़ते दिखाई दे रहा है। वही कसडोल सिरपुर मार्ग में बल्दा कछार के पास नाला का पानी सड़क में आ जाने से मार्ग अवरूद्ध हो गया है जिसके कारण आने जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है। इसी तरह समीपस्थ ग्राम पंचायत खर्री के पास नाला एवम असनींद के पास बरघाट नाला में सुबह पुल से ऊपर पानी बह रहा था। इस लगातार दो दिनों की बारिश से खेत खलिहान भी लबालब हो गया है और नजारा सभी तरफपानी ही पानी दिखाई दे रहा है।

## कोयला मंत्रालय ने ...

मंत्रालय को अग्रिम राशि की पहली किस्त जमा कर दी है। विशेष रूप से, शेष तीन किस्तें बोलीदाताओं द्वारा सीधे संबंधित राज्य सरकारों को जमा की जाएंगी, जिससे इन राज्यों के विकास में उनका योगदान और बढ़ जाएगा। इस पर्याप्त पूंजी निवेश का उपयोग राज्य सरकारें अपने क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देने के लिए करेंगी। यह बुनियादी ढांचे के विकास, शैक्षिक सुविधाओं, स्वास्थ्य सेवाओं और विभिन्न कल्याणकारी पहलों, समुदायों के उत्थान और समग्र विकास को बढ़ावा देने में रणनीतिक निवेश को सक्षम करेगा।

वाणिज्यिक कोयला खनन की शुरुआत के बाद से, कोयला क्षेत्र राज्य सरकारों को राजस्व में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इसके अलावा, एक बार कोयला खदानें चालू हो जाने के बाद, वे रॉयल्टी और मासिक प्रीमियम के माध्यम से राज्यों की समृद्धि में भी योगदान देंगे। इन खदानों से उत्पन्न राजस्व को राज्यों द्वारा आवश्यक कल्याण कार्यक्रमों के लिए अपनी वित्तीय क्षमता को मजबूत करने, वंचित समुदायों के उत्थान और अन्य प्रमुख विकास परियोजनाओं की सहायता करने के लिए उपयोग किया जा सकता है।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, चाम्पा संभाग चाम्पा (छ.ग.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक – 5355/ NIT- 17/ 2023–2024 / व.ले.लि. चाम्पा, दिनांक: 31/07/2023

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि – 11/08/2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :– 17/08/2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :– 18/08/2023 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक
इस कार्य हेतु प्रत्येक के लिए समय 03 माह वर्षा ऋतु सहित है,
ठेकेदार की श्रेणी ''अ'' से ''द'' वर्ग है एवं निविदा प्रपत्र की
कीमत रू. 750.00 है।

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू.में) बैंक साल्वेंसी (रू.में) |
|---|---|---|
| 17 T0142 | जिला सक्ती के विकासखण्ड डभरा अंतर्गत ग्राम बालपुर में जनपद प्राथमिक शाला भवन का निर्माण कार्य प्रथम आमंत्रण | 13.87 10405.00 208050.00 |
| 17 T0143 | --।।-- ग्राम बालपुर में नवीन प्राथमिक शाला भवन का निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण | 13.87 10405.00 208050.00 |
| 17 T0144 | --।।-- ग्राम पलसदा में शासकीय प्राथमिक शाला भवन का निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण | 13.87 10405.00 208050.00 |
| 17 T0145 | जि--।।-- ग्राम निमोही में शासकीय प्राथमिक शाला भवन का निर्माण कार्य। प्रथम | 13.87 10405.00 आमंत्रण 208050.00 |
| 17 T0146 | --।।-- ग्राम भैंसामुहा में शासकीय प्राथमिक शाला भवन का निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण | 13.87 10405.00 208050.00 |
| 17 T0147 | --।।-- ग्राम कोसमंदा में शासकीय प्राथमिक शाला भवन का निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण | 13.87 10405.00 208050.00 |
| 17 T0148 | --।।-- ग्राम सेमरडीह में शासकीय प्राथमिक शाला भवन का निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण | 13.87 10405.00 208050.00 |
| 17 T0149 | --।।-- ग्राम कुंदरूझांझ में शासकीय प्राथमिक शाला भवन का निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण | 13.87 10405.00 208050.00 |
| 17 T0150 | --।।-- ग्राम पतेरापाली साराडीह के शासकीय उच्च प्राथमिक शाला में 02 नग अतिरिक्त कक्ष,शौचालय एवं किचन शेड का निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण | 13.44 10080.00 201600.00 |
| 17 T0151 | --।।-- ग्राम साराडीह के मिडिल स्कूल से हायर सेकेण्डरी स्कूल में 02 नग अतिरिक्त कक्ष,शौचालय एवं किचन शेड का निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण | 13.44 10080.00 201600.00 |
| 17 T0152 | --।।-- ग्राम जवाली के जनपद प्राथमिक शाला में 02 नग अतिरिक्त कक्ष,शौचालय एवं किचन शेड का निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण | 13.44 10080.00 201600.00 |
| 17 T0153 | --।।-- ग्राम डभरा के शासकीय सादर प्राथमिक शाला भवन में 02 नग अतिरिक्त कक्ष,शौचालय एवं किचन शेड का निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण | 13.44 10080.00 201600.00 |
| 17 T0154 | --।।-- ग्राम बोहारडीह के शासकीय प्राथमिक शाला भवन में 02 नग अतिरिक्त कक्ष,शौचालय एवं किचन शेड का निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण | 13.44 10080.00 201600.00 |
| 17 T0155 | --।।-- ग्राम केकराभाठ के शासकीय मिडिल स्कूल भवन में 02 नग अतिरिक्त कक्ष,शौचालय एवं किचन शेड का निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण | 13.44 10080.00 201600.00 |
| 17 T0156 | --।।-- ग्राम सिरौली के शासकीय उच्च प्राथमिक शाला भवन में 02 नग अतिरिक्त कक्ष,शौचालय एवं किचन शेड का निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण | 13.44 10080.00 201600.00 |
| 17 T0157 | --।।-- ग्राम कांसा के मिडिल स्कूल से हाई स्कूल भवन में 02 नग अतिरिक्त कक्ष,शौचालय एवं किचन शेड का निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण | 13.44 10080.00 201600.00 |
| 17 T0158 | --।।-- ग्राम कटौद के उच्च प्राथमिक शाला भवन में 02 नग अतिरिक्त कक्ष,शौचालय एवं किचन शेड का निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण | 13.44 10080.00 201600.00 |
| 17 T0159 | --।।-- चन्द्रपुर के शासकीय जनपद प्राथमिक शाला भवन (22060500801) में 02 नग अतिरिक्त कक्ष, शौचालय एवं किचन शेड का निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण | 13.44 10080.00 201600.00 |

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in./pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

जी– 03907/3

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग**
**चाम्पा संभाग चाम्पा (छ.ग.)**

**कार्यालय छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित**
''वन धन भवन'' सेक्टर 24, नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)
दूरभाष: (0771) 2513100 से 2513110
E-mail: mfpfed.cg@nic.in Website: www.cgmfpfed.org
अधिसूचना क्रमांक/ एम.एफ.पी.–16/विप–01/ विज्ञा./ 2023/ VIII दिनांक 01.08.2023

**वनोपजों के निश्चित दर एवं थोक दर पर विक्रय हेतु सूचना**

भारत सरकार को न्यूनतम समर्थन मूल्य योजनांतर्गत वर्ष 2020, 2021, 2021–22, 2022, 2022–23 एवं 2023 में संग्रहित एवं भण्डारित वनोपज का निश्चित विक्रय दर निम्नानुसार है :–

कच्चे लघुवनोपज विक्रय हेतु निश्चित दर

| क्र. | वनोपज का नाम | संग्रहण वर्ष | निर्धारित निश्चित दर प्रति क्विंटल | क्र. | वनोपज का नाम | संग्रहण वर्ष | निर्धारित निश्चित दर प्रति क्विंटल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आटी इमली | 2022 | 2900.00 | 15. | हर्रा कचरिया | 2022–23 | 3200.00 |
| 2. | आटी इमली | 2021 | 2300.00 | 16. | बहेड़ा कचरिया | 2022–23 | 2860.00 |
| 3. | आटी इमली | 2020 | 2000.00 | 17. | पाताल कुम्हड़ा | 2022–23 | 2200.00 |
| 4. | फुल इमली (बीज रहित) | 2022 | 6300.00 | 18. | नागरमोथा | 2023 | 4000.00 |
| 5. | फुल इमली (बीज रहित) | 2021 | 5800.00 | 19. | माहुल पत्ता | 2022–23 | 1800.00 |
| 6. | फुल इमली (बीज रहित) | 2020 | 4300.00 | 20. | कालमेघ | 2022–23 | 2500.00 |
| 7. | फुल इमली (बीज रहित) पल्टा हुआ | 2022 | 6600.00 | 21. | महुआ फूल (सूखा) | 2021–22 | 2800.00 |
| 8. | आटी इमली (आर्गेनिक) | 2022 | 4500.00 | 22. | अमचूर (ग्रेड–ए) | 2022–23 | 18500.00 |
| 9. | फूड ग्रेड महुआ फूल (ग्रेड–ए) | 2023 | 14500.00 | 23 | अमचूर (ग्रेड–बी) | 2022–23 | 12500.00 |
| 10. | फूड ग्रेड महुआ फूल (ग्रेड–बी) | 2023 | 11000.00 | 24 | अप्रसंस्कृत शहद 50 कि.ग्रा. (लूज में) | 2021–22 | 12000.00 (50 कि.ग्रा.) |
| 11. | फूड ग्रेड महुआ फूल (ग्रेड–सी) | 2023 | 7000.00 | 25 | अप्रसंस्कृत शहद (पैकिंग में) | 50 कि.ग्रा. 2021–22 | 12750.00 (50 कि.ग्रा.) |
| 12. | फूड ग्रेड महुआ फूल (ग्रेड–सी) | 2022 | 4000.00 | 26 | अप्रसंस्कृत शहद (लूज में) 2021–22 | 50 कि.ग्रा. (50 कि.ग्रा.) | 15000.00 |
| 13. | कोदो 2022–23 4000.00 | | | 27. | प्रसंस्कृत शहद 50 कि.ग्रा. (पैकिंग कनटेनर में) | 2021–22 | 15500.00 (50 कि.ग्रा.) |
| 14. | रागी | 2022–23 | 4400.00 | | | | |

प्रसंस्कृत हर्बल उत्पाद विक्रय हेतु निश्चित दर एवं होलसेल दर

| क्र. | वनोपज का नाम | पैकिंग साईज | निश्चित दर प्रति पैक (बंडल/ नग) | होलसेल दर प्रति पैक (बंडल/ नग) | क्र. | वनोपज का नाम | पैकिंग साईज | निश्चित दर प्रति पैक (बंडल/ नग) | होलसेल दर प्रति पैक (बंडल/ नग) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | माहुल दोना (5 इंच) | 1 बंडल (25 पीस) | 13.00 प्रति बंडल | -- डबल लेयर लीफ | 12. | माहुल दोना (7 इंच) | 1 बंडल (25 पीस) | 15.00 प्रति बंडल | 16.00 प्रति बंडल |
| 2. | माहुल दोना (6 इंच) | 1 बंडल प्रति बंडल | 15.00 प्रति बंडल | 16.00 | 13. | माहुल दोना (7 इंच) डबल लेयर लीफ | 1 बंडल (50 पीस) | 29.00 प्रति बंडल | 30.00 प्रति बंडल |
| 3. | माहुल दोना (6 इंच) | 1 बंडल (50 पीस) | 28.00 प्रति बंडल | 29.00 प्रति बंडल | 14. | माहुल प्लेट (8 इंच) डबल लेयर लीफ | 1 बंडल (25 पीस) | 20.00 प्रति बंडल | 21.00 प्रति बंडल |
| 4. | माहुल दोना (7 इंच) | 1 बंडल (25 पीस) | 17.00 प्रति बंडल | 18.00 प्रति बंडल | 15. | माहुल प्लेट (8 इंच) डबल लेयर लीफ | 1 बंडल (50 पीस) | 38.00 प्रति बंडल | 39.00 प्रति बंडल |
| 5. | माहुल दोना (7 इंच) | 1 बंडल (50 पीस) | 31.00 प्रति बंडल | 34.00 प्रति बंडल | 16. | माहुल प्लेट (8 इंच) डबल लेयर लीफ | 1 बंडल (25 पीस) | 50.00 प्रति बंडल | 51.00 प्रति बंडल |
| 6. | माहुल प्लेट (8 इंच) | 1 बंडल 25 पीस) | 24.00 प्रति बंडल | 25.00 प्रति बंडल | 17. | माहुल पत्तल (13 इंच) गत्ता पेपर | 1 बंडल (50 पीस) | 191.00 प्रति बंडल | 200.00 प्रति बंडल |
| 7. | माहुल दोना(8 इंच) | (50 पीस) | प्रति बंडल | प्रति बंडल | | (14 इंच) | (25 पीस) | प्रति बंडल | प्रति बंडल |
| 8. | माहुल पत्तल (12 इंच) | 1 बंडल (25 पीस) | 50.00 प्रति बंडल | 52.00 प्रति बंडल | 19. | माहुल पत्तल (14 इंच) | 1 बंडल (50 पीस) | 109.00 प्रति बंडल | 112.00 प्रति बंडल |
| 9. | माहुल पत्तल 1 बंडल (12 इंच) | 98.00 (50 पीस) | प्रति बंडल | 101.00 प्रति डबल | 20. 20. | माहुल दोना डबल लेयर लीफ | (6इंच) 1 बंडल (25 पीस) | 13.00 प्रति बंडल | 14.00 प्रति बंडल |
| 10. | माहुल पत्तल 1 बंडल (13 इंच) गत्ता पेपर | 100.00 (25 पीस) | 101.00 प्रति बंडल | माहुल दोना प्रति बंडल | 21 | (6इंच) डबल लेयर लीफ | 1 बंडल (50 पीस) | 24.00 प्रति बंडल | 25.00 प्रति बंडल |
| 11. | माहुल पत्तल (12 इंच) डबल लेयर लीफ | 1 बंडल (50 पीस) | 96.00 प्रति बंडल | 97.00 प्रति बंडल | 22. | फूल झाड़ू प्रीमियम (प्लास्टिक केनवाली) | -- | 3600.00 प्रति सैकड़ा | 3900.00 प्रति सैकड़ा |
| 23. | माहुल पत्तल (14 इंच) डबल लेयर लीफ | 1 बंडल (25 पीस) | 53.00 प्रति बंडल | 54.00 प्रति बंडल | 27 | फूल झाड़ू प्रीमियम (प्लास्टिक पाईप वाली) | 4000.00 -- | 4200.00 प्रति सैकड़ा | प्रति सेकड़ा |
| 24. | माहुल पत्तल (14 इंच) डबल लेयर लीफ | 1 बंडल (50 पीस) | 104.00 प्रति बंडल | 105.00 प्रति बंडल | 28 | कांटा झाड़ू | -- | 27.00.00 प्रति सैकड़ा | 2800.00 प्रति सैकड़ा |
| 25 | फूल झाड़ू (प्लास्टिक केन वाली) | -- | 2800.00 प्रति सैकड़ा | 3600.00 प्रति सैकड़ा | 29 | छिंद झाड़ू | -- | 2500.00 प्रति सैकड़ा | 2600.00 प्रति सैकड़ा |
| 26 | फूल झाड़ू (प्लास्टिक केन वाली) | -- | 3200.00 प्रति सैकड़ा | 3600.00 प्रति सैकड़ा | | | | | |

इच्छुक क्रेता निर्धारित प्रपत्र में संघ मुख्यालय कार्यालय ई–मेल cgmfpfed.trade@gmail.com में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। उपरोक्त दरों में कर एवं अन्य प्रकार के व्यय क्रेता द्वारा अतिरिक्त वहन किया जावेगा। प्रस्तुत आवेदन में करों सहित राशि तथा अभिलेख, पेन नंबर एवं जी.एस.टी.एन. प्रमाण पत्र संलग्न करना है। निर्धारित शर्तों के अनुरूप समय पूर्व छ.ग.रा.ल.वनो.सह.संघ मार्या.,रायपुर के निर्धारित बैंक खाता में क्रय मूल्य की पूर्ण राशि (समस्त करों सहित) जमा कर, जमा की पुष्टि उपरांत संघ मुख्यालय में क्रेता नियुक्ति आदेश एवं परिदान प्राप्त करना होगा। वनोपज क्रय संबंधी शेष शर्तें तथा आवेदन पत्र एवं वनोपज की मात्रा संबंधी जानकारी संघ की वेबसाईट www.cgmfpfed.org पर दिनांक 05.08.2025 से उपलब्ध होगी। यह दर दिनांक 31.12.2023 तक के लिए लागू है। संशोधन एवं अन्य सूचनाओं के लिए उपरोक्त वेबसाईट का अवलोकन करते रहे।

संपर्क विवरण– संघ मुख्यालय रायपुर श्री मनीष भगत (सीनि. एक्जी. मार्केटिंग) मो. नं. 7247441922 दूरभाष: (0771) 2513100–2513110

प्रबंध संचालक

संवाद– 37975/1

# देश

**उवाच** “ लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला को बुलाने की मांग करते हुए कहा कि सदन की कार्यवाही जब शुरू हो तो पीठासीन के पद पर वे स्पीकर साहब (ओम बिरला) को देखना चाहते हैं, स्पीकर हमारे कस्टोडियन है, उनको बुलाकर पद पर बैठाइए, जो भी मसला है, हम आपस में समाधान कर लेंगे:- **अधीर रंजन चौधरी, कांग्रेस नेता**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 35.0 | 25.2 |
| मुंबई | 30.8 | 26.8 |
| कोलकाता | 34.5 | 26.6 |
| चेन्नई | 39.8 | 28.0 |

# राज्य के हितों की रक्षा के लिए कांग्रेस सरकार का साहसिक कदम

**नई दिल्ली**, 3 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य में कांग्रेस सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की अध्यक्षता में कैबिनेट ने राज्य हित में कुछ महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री एच.के. पाटिल ने 3 जुलाई से विभिन्न विभागों और क्षेत्रों में कुछ आवश्यक बदलाव शुरू करने की प्रक्रिया शुरू की है। 21 तारीख तक कैबिनेट में विचार-विमर्श के बाद कुछ महत्वपूर्ण विधेयकों को पेश और तौला जा चुका है और राज्यपाल ने भी राज्य सरकार के इन विधेयकों को स्वीकार कर अपनी सहमति दे दी है। सरकारों द्वारा समय-समय पर जनसंख्या और सामाजिक परिस्थितियों पर विचार करने के बाद आवश्यक संशोधन करके विधेयक पेश करने की प्रथा है। इस बार कांग्रेस सरकार अति पिछड़ों, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की रक्षा के लिए भी प्रतिबद्ध है। इसने नागरिक विधेयक पेश किए हैं जो दलित और शोषित समुदायों को आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक रूप से मुख्यधारा में



■ मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की अध्यक्षता में कैबिनेट ने राज्य हित में कुछ महत्वपूर्ण फैसले लिए

लाने से संबंधित हैं। 5 जुलाई से 18, 19, 20 और 21 जुलाई तक पेश किये गये विधेयक दोनों सदनों में सर्वसम्मति से पारित किये गये। 1 जुलाई को नौ महत्वपूर्ण विधेयकों को राज्यपाल ने भी मंजूरी दे दी। हालांकि विधेयकों पर विभिन्न तरीकों से चर्चा की गई, कानून मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि अर्थशास्त्री, बुद्धिजीवी और राज्य के लोग अपना विश्वास व्यक्त करेंगे। एच.के.पाटिल ने आगे कहा है, कानूनी विशेषज्ञ, समाज सुधारक और सभी समुदायों के नेता इस विधेयक के पक्ष में हैं, जिसे राज्य के हित में पेश किया गया है। वहीं जिन लोगों ने सोचा था कि राज्य में गारंटी कार्ड योजना की घोषणा के बाद कुछ होगा, उन्हें झटका लगा है।?

ऐसा कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की इच्छा के अनुरूप कानून मंत्री एचके पाटिल द्वारा समीक्षा और पेश किए गए बिल लोगों द्वारा स्वीकार किए जाएंगे। कर्नाटक विनियोग अधिनियम, 2023 के तहत कानून मंत्री एच के पाटिल ने नौ महत्वपूर्ण विधेयकों की समीक्षा की है। चालू वित्तीय वर्ष में भुगतान के खर्चों पर लंबी चर्चा हुई है. सरकार ने कहा कि यह विधेयक राज्य की संचित निधि से विनियोग के लिए भारत के संविधान के अनुच्छेद 204 के प्रावधानों के अनुसार पेश किया गया है।

## कर्नाटक सीएम मिले राजनाथ सिंह से, दशहरा के दौरान एयर शो की मांग

बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने गुरुवार को नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की और उनसे प्रसिद्ध दशहरा उत्सव के दौरान एक एयर शो आयोजित करने का अनुरोध किया। रक्षा मंत्री को सौंपे गए एक पत्र में मुख्यमंत्री कार्यालय ने कहा कि प्रसिद्ध मैसूरु दशहरा उत्सव कर्नाटक की भव्यता का प्रदर्शन करता है। पत्र में कहा गया, '2017 और 2019 में, दशहरा उत्सव को मैसूर के टॉर्चलाइट परेड ग्राउंड में भारतीय वायु सेना द्वारा प्रदर्शित एक विशेष एयरशो का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जिसने हजारों पर्यटकों और कन्नडिगाओं का ध्यान आकर्षित किया। अनुरोध है कि कृपया निर्देशित करें कि मैसुरू में नादहब्बा दशहरा 2023 के दौरान पहले की तरह ही 'एयर शो' हो।' सिद्दारमैया ने खुद यह पत्र राजनाथ सिंह को सौंपा। बाद में मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से उनके कार्यालय में मुलाकात की और बातचीत की। उन्होंने केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भी मुलाकात की और बेंगलुरु-मैसूर एक्सप्रेसवे की कमियों पर चर्चा की। गडकरी ने उन्हें समस्याओं के समाधान के लिए विशेषज्ञों की एक टीम भेजने का आश्वासन दिया। सिद्दारमैया ने राज्य के लिए स्वीकृत की जाने वाली नौ विभिन्न परियोजनाओं का एक पत्र भी गडकरी को सौंपा।

**स्कूल नौकरी मामला**

## ईडी का दावा, सुजय भद्र ने अवैध कमाई के लिए रिश्तेदारों के बैंक खातों का किया इस्तेमाल

**कोलकाता**, 3 अगस्त (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय ने दावा किया है कि पश्चिम बंगाल में स्कूल भर्ती मामले के मुख्य आरोपी सुजय कृष्ण भद्र ने गलत कमाई के पैसे को इधर-उधर करने के लिए अपनी बेटी और दामाद के बैंक खाते का इस्तेमाल किया। 28 जुलाई को कोलकाता में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत में प्रस्तुत आरोपपत्र में ईडी के अधिकारियों ने कहा कि एक ओर जहां भद्र ने आय का एक हिस्सा अपनी बेटी और बेटे के नाम पर संपत्ति खरीदने में इस्तेमाल किया - दूसरी ओर, ससुराल वालों ने अपराध की रकम को ठिकाने लगाने के लिए अपने करीबी रिश्तेदारों के बैंक खातों का इस्तेमाल किया। केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने दक्षिण कोलकाता के एक पॉश इलाके में 2.5 करोड़ रुपए के एक आवासीय फ्लैट का उल्लेख किया है जो आरोपी के दामाद के नाम पर पंजीकृत है।



फ्लैट खरीदने के लिए धनराशि का एक हिस्सा, जैसा कि आरोप पत्र में उल्लिखित है, वेल्थ विजार्ड नामक एक कॉर्पोरेट इकाई द्वारा दिए गए ऋण के रूप में दिखाया गया था, जहां भद्र प्रमुख शेयरधारक थे। 28 जुलाई को पेश की गई चार्जशीट में कॉर्पोरेट इकाई का भी नाम दिया गया है। ईडी के अधिकारियों को भद्र और उनके करीबी रिश्तेदारों के नाम पर कई बैंक खातों का पता चला है, जिनमें कई फर्जी आवक और जावक प्रेषण शामिल हैं। केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने पहले ही भद्र और उनके करीबी रिश्तेदारों के नाम पर 'संदिग्ध' संपत्ति को जब्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। केंद्रीय एजेंसी द्वारा पहले ही भद्र और उनके करीबी सहयोगियों से जुड़े कई बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए हैं।

**संसद से**

### अधिवक्ता संशोधन विधेयक राज्यसभा से पारित

**नई दिल्ली**, 3 अगस्त (एजेंसियां)। न्यायिक परिसरों को दलालों से मुक्त करने वाला अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2023 गुरुवार को राज्यसभा में ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। यह विधेयक एक अगस्त को सदन में पेश किया गया था और इससे अधिवक्ता अधिनियम 1961 में संशोधन होगा। सदन में संक्षिप्त चर्चा का जवाब देते हुए विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन मेघवाल ने कहा कि इस विधेयक से वकीलों और मुवक्किलों के बीच दलालों से मुक्ति पाने में मदद मिलेगी। इससे लीगल प्रैक्टिशनर्स एक्ट 1869 में दलालों से संबंधित कुछ प्रावधानों का रद्द करेगा। श्री मेघवाल ने कहा कि सरकार अधिवक्ताओं के लिए बीमा दायरे में लाने का प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि विधेयक में उच्च न्यायालय, जिला न्यायालय, सत्र न्यायालय, जिला मजिस्ट्रेट और राजस्व अधिकारी अपने परिसरों में दलालों की सूची बना सकेंगे और उनका प्रवेश प्रतिबंधित कर सकेंगे। दलाल पर 500 रुपए का जुर्माना या तीन महीने की कैद की सजा या दोनों सजा दी जा सकेगी।

### प्रेस एवं नियत कालिक पत्रिका निबंधन विधेयक पारित

राज्यसभा ने आज प्रेस एवं नियत कालिक पत्रिका निबंधन विधेयक 2023 को आज ध्वनिमत से पारित कर दिया जिसमें पत्रिकाओं के लिए पंजीयन कराने की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। इसमें ऐसा प्रावधान किया गया है कि आतंकी गतिविधियां या अवैधानिक गतिविधियों के लिए सजायाफ्ता और राष्ट्रीय सुरक्षा के विरुद्ध गतिविधि चलाने वाले को पत्रिका प्रकाशन की अनुमति नहीं मिलेगी। बगैर पंजीयन के पत्रिका के प्रकाशन पर पांच लाख रुपए तक का जुर्माना होगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने आज इस विधेयक पर हुयी चर्चा का जबाव देते हुये कहा कि प्रेस एवं बुक्स निबंधन कानून 1867 के स्थान पर यह विधेयक लाया गया है। इसमें गुलामी की मानसिकता से मुक्ति पाने के लिए लाया गया है। उस समय अंग्रेज अपने सुविधा के अनुसार कानून बनाते थे लेकिन अब इसमें सुगमता लाने के लिए कई बदलाव किये गये हैं। उन्होंने कहा कि अब तक जिला मजिस्ट्रेट से टाइटल जारी किया जाता था जिसमें आमतौर पर छह महीने का समय लगता था। अब इस कानून में ऑनलाइन आवेदन करने की व्यवस्था की गयी है और 60 दिनों में स्वतः ही टाइटल को मंजूरी मिल जायेगी।

### अपतटीय क्षेत्र खनिज संशोधन विधेयक पर संसद की मुहर

राज्यसभा ने खनिज क्षेत्र में सुधारों को आगे बढाने वाले अपतटीय क्षेत्र खनिज (विकास और विनिमयमन) संशोधन विधेयक 2023 को गुरुवार को विपक्ष के बहिर्गमन के बीच ध्वनिमत से पारित कर दिया। लोकसभा इस विधेयक को पहले ही पारित कर चुकी है जिससे इस पर संसद की मुहर लग गयी है। भोजनावकाश के बाद सभापति जगदीप धनखड़ ने जैसे ही विधेयक पर चर्चा शुरू करायी विपक्षी सदस्यों ने मणिपुर की स्थिति पर चर्चा कराने की मांग की। उनकी मांग न माने जाने के कारण समूचे विपक्ष के सदस्य कुछ देर नारेबाजी करने के बाद सदन से बहिर्गमन कर गये। खान मंत्री प्रह्लाद जोशी ने विधेयक पर हुई संक्षिप्त चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि समुद्री क्षेत्रों में खनन का विनियमन करने वाले इस विधेयक को 2002 के अधिनियम में संशोधन के लिए लाया गया है। उन्होंने कहा कि विधेयक में पर्यावरण, जैव विविधता और खनन क्षेत्रों के आस पास रहने वाले लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए विशेष प्रावधान किया गये हैं।

**सार संक्षेप**

### गुवाहाटी में बुजुर्ग की हत्या के मामले में चार गिरफ्तार

गुवाहाटी। असम पुलिस ने गुवाहाटी में मस्जिद जा रहे एक बुजुर्ग व्यक्ति की हत्या में शामिल होने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मृतक की पहचान जावेद अली के रूप में हुई और यह घटना 27 जुलाई को शहर के हतीगांव इलाके में हुई। जबकि तीन संदिग्धों दारोग अली, महिबुल इस्लाम और नूर मोहम्मद को बारपेटा जिले के बागबोर इलाके में एक पुलिस अभियान के दौरान गिरफ्तार किया गया। 'बोगा' नाम के चौथे आरोपी को टेटेलिरताल से हिरासत में लिया गया। पुलिस के अनुसार, दारोग अली को विश्वसनीय जानकारी के आधार पर गिरफ्तार किया गया। उससे पूछताछ करने के बाद अन्य तीनों को पकड़ा गया।

### राष्ट्रपति पांच को जाएंगी तमिलनाडु में मदुमलाई टाइगर रिजर्व

चेन्नई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पांच अगस्त को मदमुआलाई टाइगर रिजर्व (एमटीआर) में थेप्पाकाडु हाथी शिविर पहुंचेंगी। उनकी यात्रा के मद्देनजर, राज्य वन विभाग ने गुरुवार से दो दिनों के लिए एमटीआर के पास रिसॉर्ट्स और लॉज को बंद करने का आदेश दिया है। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, यदि रिसॉर्ट और लॉज चालू रहेगा, तो इससे यातायात जाम हो जाएगा, क्योंकि पर्यटक वाहन इस मार्ग से गुजरेंगे। वन विभाग ने पर्यटकों द्वारा फॉरेस्ट गेस्ट हाउस के लिए की गई अग्रिम बुकिंग को रद्द कर दिया है और राशि वापस कर दी है। राष्ट्रपति का हेलीकॉप्टर से मसाईनागुड़ी पहुंचने का कार्यक्रम है।

### ठाणे कॉलेज में एनसीसी छात्रों पर क्रूरता से बरसाये डंडे, एनसीपी ने की कार्रवाई की मांग

मुंबई/ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे में विद्या प्रसारक मंडल के कॉलेज में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के लिए प्रशिक्षण ले रहे कुछ छात्रों को कथित तौर पर सजा के तौर पर पाश्चिक तरीके से डंडे बरसाये गए। एक अज्ञात वरिष्ठ एनसीसी प्रशिक्षक द्वारा जूनियर छात्रों की क्रूर पिटाई का एक कथित वीडियो गुरुवार को सामने आया, जिसने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के गृहनगर ठाणे में लोगों को सदमे में डाल दिया है। इस वीडियो पर कोई तारीख नहीं है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के वरिष्ठ नेता जितेंद्र अवहाद ने कथित घटना पर दुःख व्यक्त किया और मांग की कि सरकार को मामले में तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। आव्हाड ने मुंबई में मीडियाकर्मियों से कहा, 'यह अविश्वसनीय है... ऐसा हो रहा है... हम इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग करते हैं।'

## स्टालिन 18 को मछुआरा समुदाय के साथ करेंगे बातचीत

**चेन्नई**, 3 अगस्त (एजेंसियां)। महत्वपूर्ण मुद्दों को सुलझाने के लिए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन 18 अगस्त को रामनाथपुरम में मछुआरा समुदाय के साथ बातचीत करेंगे। यह बैठक श्रीलंकाई नौसेना द्वारा राज्य के मछुआरों की लगातार गिरफ्तारी और उनकी नौकाओं को जब्त करने पर हस्तक्षेप की लगातार मांग के बीच हो रही है। सूत्रों के मुताबिक बैठक में मुख्यमंत्री इस मुद्दे पर बात करेंगे। 2020 से श्रीलंकाई नौसेना ने 619 मछुआरों को गिरफ्तार किया है और 83 नौकाएं जब्त की। 83 नावों में से 67 अभी भी श्रीलंकाई नौसेना के कब्जे में हैं। मुख्यमंत्री ने पहले नावों की मरम्मत कार्यों के लिए 6 करोड़ रुपए के मुआवजे पैकेज की घोषणा की थी। इस बीच, राज्य की सत्तारूढ़ द्रमुक सरकार भी कच्चातीवू द्वीप को वापस हासिल करने पर जोर दे रही है, जो वर्तमान में श्रीलंकाई प्रशासन के अधीन है। पिछले महीने श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की नई दिल्ली यात्रा से पहले, स्टालिन ने कच्चाथीवू मुद्दे और मछुआरों की गिरफ्तारी के संबंध में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखा था। इस बीच, स्टालिन के नेतृत्व वाली सरकार बुनियादी ढांचे के विकास और मछली पकड़ने के बुनियादी ढांचे के उन्नयन को भी बड़ा बढ़ावा दे रही है। नागपट्टिनम जिले के अरुकोटुथुराई और वेल्लापलम में मछली पकड़ने के बंदरगाह का निर्माण किया जा रहा है।



## किसानों की कर्जमाफी के फैसले पर मुख्यमंत्री को विधायकों ने दी बधाई

**हैदराबाद**, 3 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा के गुरुवार से शुरू हुए सत्र के दौरान विधायकों ने मुख्यमंत्री श्री के चंद्रशेखर राव से उनके कक्ष में मुलाकात की और तेलंगाना के किसानों के कल्याण के लिए फैसले लेने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने हाल ही में कैबिनेट द्वारा लिए गए कई फैसलों के साथ-साथ कल लिए गए किसान कर्जमाफी के फैसले पर भी मुख्यमंत्री को बधाई दी। मुख्यमंत्री केसीआर ने बुधवार को 19 हजार करोड के किसानों के कर्जमाफी का आदेश दिया था। इस विषय पर वृहस्पतिवार को विधानसभा स्थित सीएम चैंबर में राज्य के सभी संयुक्त जिलों के मंत्रियों, विधायकों और जन प्रतिनिधियों ने मख्यमंत्री को फूल भेंट किए और जिलों के सदस्य के रूप में मुख्यमंत्री केसीआर के साथ तस्वीरें खिंचवाईं। उन्होंने किसानों की ओर से मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले कृषि मंत्री सिंगीरेड्डी निरंजन रेड्डी ने मुख्यमंत्री के आने का इंतजार किया और उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट किया। कृषि मंत्री ने किसानों का कर्ज माफ करने के लिए कृषि विभाग और तेलंगाना के किसानों की ओर से मुख्यमंत्री केसीआर को धन्यवाद दिया।

■ मुख्यमंत्री केसीआर ने बुधवार को किसानों के 19 हजार करोड के कर्जमाफी का दिया आदेश

इस अवसर पर विधायकों ने मुख्यमंत्री को बताया कि राज्य भर में सभी किसान परिवार जश्न मना रहे हैं। उन्होंने प्रशंसा करते हुए कहा कि राज्य सरकार एक बार फिर खेतिहर किसानों की पक्षधर बनकर खड़ी हो गई है, मुख्यमंत्री केसीआर एक बार फिर किसानों के हितैषी बनकर खड़े हो गए हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री केसीआर को मंत्री हरीश राव के अधीन मेडक जिले के विधायक, मंत्री गुंटकंदला जगदीश रेड्डी के अधीन नलगोंडा जिले के विधायक, मंत्री वेमुला प्रशांत रेड्डी के अधीन निज़ामाबाद जिले के विधायक, , मंत्री सत्यवती राठौड़, मंत्री कोप्पुला ईश्वर, गंगुला कमलाकर, केटीआर के तहत करीमनगर जिले के संयुक्त विधायक, श्रीनिवास गौड़, आदिलाबाद जिले के संयुक्त विधायक मंत्री इंद्रकरण रेड्डी, मंत्री सबिता इंद्रा रेड्डी के नेतृत्व में आदिलाबाद जिले के संयुक्त विधायकों, मंत्री महमूद अली, श्रीनिवास यादव के नेतृत्व में हैदराबाद के विधायकों और कई अन्य लोगों ने मुख्यमंत्री केसीआर के प्रति आभार व्यक्त किया।



## अमरनाथ यात्रा में लंगर वालों ने समेटना शुरू किया अपना बोरिया बिस्तर

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू**, 3 अगस्त (देशबन्धु)। अमरनाथ यात्रा में अब शामिल होने वालों की संख्या नगण्य होने का परिणाम है कि श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे लंगरवाले परेशान हो गए हैं। उनकी परेशानी का कारण यात्रियों की अनुपस्थिति में उनका खराब हो रहा भोजन है। और उन्हें लंगर लगाने की अनुमति इन्हीं शर्तों पर मिली थी कि जब तक यात्रा जारी रहेगी, उन्हें लंगर खुला रखना होगा। हालांकि इस बार जिन 123 संस्थाओं को लंगर लगाने की अनुमति दी गई थी उनमें से आधे से अधिक यात्रा के ढलान पर आते ही अपना बोरिया बिस्तर बांध कर गुम हो चुकी हैं। बचे हुए में से 50 परसेंट भी जल्द से जल्द अपने लंगरों को बंद कर देना चाहते हैं। ऐसे में अगर अधिकतर लंगर बंद हो जाते हैं तो सबसे बड़ी परेशानी उन श्रद्धालुओं को पेश आने वाली है जो अभी भी यात्रा में शिरकत कर रहे हैं।

■ 123 में से आधे से ज्यादा बंद हुए, बाकी भी बंद करने की अनुमति चाहते हैं

हालांकि अब प्रतिदिन शिरकत करने वालों का आंकड़ा दो से तीन हजार के आंकड़े को पार नहीं कर पा रहा है। ऐसे में बचे खुचे लंगरवालों पर दबाव बनाया जा रहा है कि वे



अपनी व्यवस्थएं अगले आदेश तक बनाए रखें। ऐसे में बाबा बर्फानी लंगर संगठन के प्रधान राजन गुप्ता कहते थे कि हम पहले भी अमरनाथ यात्रा की अवधि को सीमित करने की मांग करते आए हैं क्योंकि पिछले कई सालों से यह देखा जा रहा है कि अमरनाथ यात्रा के प्रतीक हिमलिंग के पिघलते ही यात्रा ढलान पर आ जाती है औरफिर श्रद्धालुओं की तलाश करनी पड़ती है।

अमरनाथ यात्रियों की संख्या में कमी आने के कई अन्य कारणों में जम्मू-पठानकोट नेशनल हाईवे पर दो पुलों को बंद कर दिए जाने से बनी अव्यवस्था के अतिरिक्त हिमलिंग का पिघल जाना भी शामिल है। पिछले साल भी खराब मौसम के कारण कई दिन पहले ही यात्रा की समाप्ति की घोषणा कर दी गई थी और फिर रक्षाबंधन के दिन छड़ी मुबारक की स्थापना की औपचारिकता निभाई गई थी।

## दूसरे व्यक्ति को जीवन दान से बड़ी मानवता की सेवा नहीं हो सकती: डॉ. मांडविया

**13वें भारतीय अंगदान दिवस पर स्वास्थ्य मंत्री ने बताया बढ़ रही है अंगदान की सलाना दर**

■ डॉ कला अय्यर

**नई दिल्ली**, 3 जुलाई (देशबन्धु)। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने गुरुवार को नई दिल्ली में 13वें भारतीय अंगदान दिवस समारोह को संबोधित करते हुए बताया कि भारत में पिछले एक दशक में अंग दान की दर तीन गुना हो गई है।

मंडाविया ने कहा, '2013 में 5,000 की तुलना में अब देश में सालाना 15,000 से अधिक अंग दान किए जाते हैं, किसी अन्य व्यक्ति को जीवन देने से बड़ी मानवता की सेवा नहीं हो सकती है। 13वां अंगदान दिवस समारोह मृत दाता परिवारों को उनके प्रियजनों के अंग दान करने के साहसिक निर्णय के लिए सम्मानित करने, मृत अंग दान पर जागरूकता फैलाने और अंग दान और प्रत्यारोपण के क्षेत्र में काम करने वाले चिकित्सा पेशेवरों के योगदान को मान्यता देने के लिए उन्हें पुरस्कार देकर आयोजित किया गया था।



समारोह को संबोधित करते हुए डॉ मंडाविया ने कहा कि उन सभी लोगों के योगदान को पहचानना और उनकी सराहना करना महत्वपूर्ण है जो इस प्रयास का हिस्सा रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार ने देश में अंगदान बढ़ाने की दिशा में कई कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि अंग दाताओं के लिए छुट्टी की अवधि 30 दिन से बढ़ाकर 60 दिन कर दी गई है, 65 वर्ष की आयु सीमा हटा दी गई है और अंग दान की प्रक्रिया को और अधिक सुव्यवस्थित किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार देश में अंग दान को लोकप्रिय बनाने के लिए और अधिक नीतियां और सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस वर्ष आज़ादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में, अंग दान के लिए जागरूकता अभियान 'अंगदान महोत्सव' शुरू किया गया है।

केंद्र सरकार के मंत्रालयों, राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों, अस्पतालों, संस्थानों और मेडिकल कॉलेजों, गैर सरकारी संगठनों की भागीदारी के साथ अंगदान महोत्सव पूरे देश में शहर से लेकर गांव स्तर तक जुलाई 2023 को अंग दान माह के रूप में मनाया गया।

**निर्णय** *नागर विमानन और गृहमंत्रालय ने संभावित हादसों को रोकने के लिए एक साथ उठाया बीड़ा*

## त्योहारी सीजन से पहले हवाई अड्डों पर भीड़ भाड़ कम करने की कवायद तेज

**जोगेन्द्र सोलंकी**

**नई दिल्ली, 3 जुलाई (देशबन्धु)। केंद्रीय नागर विमानन ज्योदिरादित्य सिंधिया ने इस साल आगामी त्योहारों के सीजन के दौरान हवाई अड्डों पर भीड़-भाड़ की स्थिति से बचाव के लिए हवाई अड्डों पर मानवीय शक्ति से लेकर मशीनी संसाधन बढाने के लिए कहा है।**

त्योहारी सीजन की भीड़ को नियंत्रित करने के उपायों में गृह मंत्रालय के अधीन ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन से इमिग्रेशन काउंटरों पर शत-प्रतिशत कर्मिकों की तैनाती सुनिश्चित करने के लिए भी कहा गया है। साथ ही सीआईएसएफ कार्यबल की तैनाती बढ़ाने पर अमल भी शुरू हो गया है। नए उपायों में हवाई अड्डों पर पीक आवर्स के दौरान उड़ानों की संख्या को कम करने के भी निर्देश दिए गए है।

आगामी त्योहारी सीजन में सभी हवाई अड्डों पर भीड़ कम करने के उपायों के तहत सीआईएसएफ द्वारा दो चरणों, अक्टूबर 2023 और नवंबर 2023 के लिए अतिरिक्त कार्यबल को तैनात किया जाएगा। ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन (बीओआई) भी अक्टूबर 2023 से अपने कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने का कार्य शुरू करेगा। हवाई अड्डों पर सुरक्षा संबंधी संसाधनों को बेहतर करने के लिए, अतिरिक्त एक्स-रे मशीनों, चेक-इन-काउंटरों और हवाई अड्डों पर सेल्फ-बैगेज ड्राप की सुविधा को भी जोड़ा जाएगा। यात्रियों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों का प्रयोग करके, वास्तविक समय पर अपडेट प्रदान के माध्यम से हवाई अड्डे पर उनके आवागमन को सुगम बनाया जाएगा। सुरक्षा जांच क्षेत्रों के विस्तार के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। बता दें कि पिछले साल 2022 के त्योहारों व सर्दियों के सीजन के दौरान प्रमुख हवाई अड्डों पर भीड़ की समस्या देखने को मिली, जो कि विभिन्न स्तरों पर यात्रियों की प्रसोसेसिंग के दौरान लंबे समय तक प्रतीक्षा करने की वजह से उत्पन्न हुई थी। ऐसी स्थिति इस बार उत्पन्न न हो इसीलिए नागर विमानन मंत्री ज्योदिरादित्य सिंधिया ने दिल्ली हवाईअड्डे समेत मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, कोलकाता और चेन्नई हवाई अड्डे के संचालकों को बाधाओं भीड़ भाड़ के कारणों की पहचान करने के लिए कहा था। बाद में भीड़-भाड़ के जो कारण पता चले उसी कमी को पूरा कर इस बार भीड़ भाड़ को नियंत्रण में रखने के अभी से उपाय किए जा रहे हैं। जिसके तहत जिन हवाई अड्डों पर मशीनी संसाधनो, एक्स-रे स्क्रीनिंग मशीनों की कमी थी उसे पूरा किया जा रहा है।



नागर विमानन मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि खासकर पीक आवर्स में फ्लाइटों के ट्रैफिक के बढ़ जाने के प्रबंधन में सुधार के साथ सीआईएसएफ के कार्यबल और इमिग्रेशन कार्यबल की कमी को दूर किया जा रहा है।

देशबन्धु

बिलासपुर, शुक्रवार 4 अगस्त 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# गैर जिम्मेदारी की पराकाष्ठा

मेवात दंगों में झुलस रहे हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर के उस बयान को गैरजिम्मेदारी की पराकाष्ठा ही माना जायेगा जिसमें उन्होंने कहा है कि 'सरकार सभी लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी नहीं ले सकती।' प्रदेश की कानून-व्यवस्था के मामले में नाकाम और लाचार दिखलाई पड़ रहे श्री खट्टर का बयान उनकी जनसुरक्षा के प्रति घोर लापरवाही को भी दर्शाता है जो राज्य के नागरिकों के प्रति बुनियादी कर्तव्य है। मुख्यमंत्री खट्टर ने बुधवार को साफ कहा कि 'इसके लिए हमें माहौल को सुधारना पड़ेगा। हर व्यक्ति की सुरक्षा न पुलिस कर सकती है, न ही सेना कर सकती है। इसके लिए सामाजिक सद्भाव ठीक करना पड़ेगा।' वे तो यहां तक कह गये कि 'किसी भी देश में आप चले जाएं हर आदमी की सुरक्षा वहां की पुलिस नहीं कर सकती पर इसके लिए वैसा माहौल बनाना पड़ता है।' वैसे वे यह भूल गये कि सामाजिक सद्भाव को ठीक करना भी सरकार की ही जिम्मेदारी होती है।

मुख्यमंत्री का बयान स्तब्धकारी तो है लेकिन वह भारतीय जनता पार्टी की प्रशासन पद्धति के अनुरूप है जो हर अच्छी बात का श्रेय लेने में तो पीछे नहीं रहती परन्तु किसी भी असफलता से पल्ला झाड़ लेती है। पिछले 9 वर्षों से अधिक समय तक केन्द्र में सरकार चलाने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सम्भवत: भाजपा प्रशासित सारे राज्यों के मुख्यमंत्रियों के लिये प्रेरणा स्रोत हैं। देश के अपूर्ण लक्ष्यों के लिये अपने पूर्ववर्ती प्रधानमंत्रियों को सभा-सम्मेलनों में दोषी ठहराने वाले मोदी अपनी नाकामियों पर या तो चुप्पी साध लेते हैं अथवा उनका ठीकरा विपक्ष पर फोड़ते हैं। भाजपा सरकार का एक दशक का इतिहास अनेकानेक असफलताओं की जिम्मेदारियों से भागने या उनका दोषी दूसरों को बताने का रहा है। इसी का अनुसरण भाजपा की राज्य सरकारें करती हैं। नोटबन्दी और जीएसटी जैसे अविवेकपूर्ण निर्णयों से हुई देश की बदहाली का उत्तरदायी कोई नहीं है। यहां तक कि यह निर्णय किस प्रक्रिया के तहत लिया गया, यह भी अब तक अज्ञात है। कोरोना काल में ऑक्सीजन, दवाओं, बिस्तरों के अभाव में हुई लाखों लोगों की मौत का उत्तरदायी कौन है, यह सवाल भी अब तक अनुत्तरित है। भाजपा की जिन राज्यों में सरकारें हैं वहां टूटती सड़कें और गिरते पुलों का जिम्मेदार कौन है, इसका जवाब ढूंढे से भी नहीं मिलेगा। उन राज्यों में होने वाली भगदड़ों से मरने वालों का जिम्मेदार भी कोई नहीं होता। भरी गर्मी में होने वाली आम सभाओं में दर्जनों लू से मर जाएं या बीमार हो जायें तो भी किसी व्यक्ति, अफसर, विधायक मंत्री या सरकार को दोषी नहीं ठहराया जा सकता क्योंकि ऐसा किया भी गया तो बचाव में पूरी ट्रोल आर्मी उतर आती है। एक नहीं, सैकड़ों ऐसे मामले हो चुके हैं जिनमें दोषी या अपराधी सामने दिखता है परन्तु वह महफूज़ रहता है। इसका कारण यही है- उत्तरदायित्वहीनता।

हाल की कुछ घटनाएं भी इसी गैर जिम्मेदाराना रवैये की मिसालें हैं। मणिपुर की बात करें तो यहां पिछले कुछ वर्षों से आग सुलग रही थी। कुकी एवं मैतेइयों के बीच चल रही हिंसक झड़पों को पूरी तरह से वहां की सरकार और केन्द्र ने नज़रदाज़ ही नहीं किया वरन एक पक्ष के साथ खड़े होकर आग को भड़कने दिया। वहां अल्पसंख्यक कुकी लोगों को मारा गया, चर्च जलाये गये परन्तु डबल इंजन की सरकार चुप रही। मामला पहले तो विदेश तक पहुंचा और जब अमेरिका में बड़ी मजबूरी में प्रेस के सामने गये मोदी से इस बाबत प्रश्न किये गये तो उन्होंने यह बताने की बजाय कि उनकी सरकार स्थिति को सुधारने के लिये क्या कर रही है, यह समझाते रहे कि 'लोकतंत्र भारत के डीएनए में है।' उन्हें तो यह बतलाना चाहिये था कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र अपने अल्पसंख्यकों की सुरक्षा व विकास के लिये क्या कर रहा है। देश के इतिहास के भीषणतम दंगों में से एक कहे जाने वाले घटनाक्रम के दौरान का 4 मई का वह वीभत्स वीडियो जब देश-दुनिया के सामने आया तो भी राज्य या सरकार का कोई व्यक्ति सामने नहीं आया। वहां के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने वैसे ही दिखावे का प्रकटीकरण करते हुए सार्वजनिक तौर पर अपना इस्तीफा दिया व प्रायोजित तरीके से एक समर्थक द्वारा फड़वाकर जेब में रख लिया, जैसे मोदी जी ने चलते सत्र में संसद के भीतर बयान देने की बजाय बाहर आकर 36 सेकंड का वक्तव्य दिया जिसमें उन्होंने अपने क्रोध व पीड़ा का इज़हार किया था। उसके बाद से आज तक संसद बार-बार विपक्ष की इस मांग को लेकर ठहर रही है कि पूरे घटनाक्रम पर विस्तृत चर्चा हो, लेकिन सत्ता दल इंकार कर रहा है और प्रधानमंत्री राजस्थान में सभाएं कर रहे हैं। तो गृह मंत्री अमित शाह भी बराबरी के जिम्मेदार हैं वे कानून-व्यवस्था सुधारने की बजाय मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ में अगले चुनाव की तैयारी बैठकें कर रहे हैं। उलटे, संसद में गतिरोध के लिये भी वे मानते हैं कि विपक्ष ही जिम्मेदार है।

अलबत्ता, जहां विपक्षी दलों की सरकारें हैं वहां एक चींटी भी मरे तो पूरी भाजपा, उनके समर्थक, मीडिया को क्षण भर में पता चल जाता है। तभी तो मणिपुर की घटनाओं की तुलना जब अन्य राज्यों से की गई तो सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने केन्द्र को जमकर फटकार लगाई। वैसे केन्द्र की हो या भाजपा की राज्य सरकारें- उन्हें इन सबका रत्ती भर फर्क नहीं पड़ता। इसलिये आश्चर्य नहीं होना चाहिये जब खट्टर जैसे सीएम साफ कर देते हैं कि सभी लोगों को सुरक्षा नहीं दी जा सकती। यह दीगर बात है कि ये उन्हीं मोदी के सबसे विश्वसपात्र लोगों में से एक हैं जो पीएम बनने के पहले कहते थे कि 'मैं हर बात के लिये एकाउंटेबल रहूंगा। एक बच्चा भी मुझसे सवाल कर सकता है और मैं जवाब दूंगा'

# हम सब ज़हरीली गैस से भरे गुब्बारे हो गए हैं

कबीले के सरदार ने अपने एक लड़ाके को दुश्मन कबीले के भीतर दाखि़ल होकर एक आदमी को जान से मारने के लिए भेजा। उसे बताया गया था कि उस आदमी के पास हमारे कबीले को तबाह करने की ताकत है और जो उसे मार दिया तो हम हर खतरे से मुक्त हो जाएंगे। उसे बताया गया कि उस कबीले में हमारा एक आदमी पहले से खुफ़िया ढंग से मौजूद है जो वहां पहुंचते ही कैसे और किसे मारना है, इसकी योजना समझा देगा। अपने कबीले को बचाने का जोशीला भाषण सुन लड़ाका तुरंत तैयार हो गया और चल पड़ा अपना भाला और तीर-धनुष लेकर। रास्ते में घना जंगल था। अंधेरा होने पर वह सतर्क था लेकिन एक जंगली जानवर ने उस पर हमला कर दिया। होश आया तो वह एक मचान पर दो लोगों से घिरा हुआ था। उनमें से एक युवा था और दूसरा कुछ उम्रदराज़। पास में कुछ खाना और पानी रखा हुआ था। लड़ाके को होश में आया देख दोनों के चेहरे पर ख़ुशी और तसल्ली का भाव था। उम्र में बड़े व्यक्ति ने फख़्र से अपनी जड़ी-बूटी की ओर इशारा करते हुए बताया कि तुम पर तो एक बाघ ने हमला कर दिया था, वो तो सही समय पर तुम्हें इसने देख लिया वरना तुम्हारा बचना नामुमकिन था। लड़ाके की आंखों में विनम्रता और धन्यवाद का भाव था। दोनों ने मिलकर लड़ाके के साथ भोजन किया और शिकार से जुड़े अपने कई अनुभव भी साझा किये। अगले दिन सुबह लड़ाका विदा हुआ तो उसे लगा जैसे किसी मित्र से जुदा हो रहा है। अनुभवी व्यक्ति से उसने हाथ जोड़कर विदा ली, मानों जान बचाने का आभार व्यक्त कर रहा हो। जिस उद्वेलित मन से वह घर से चला था अब वह कमोबेश शांत और खुश था। दो दिन के सफर के बाद वह उस कबीले के अड्डे पर पहुंचा। पहुंचते ही उसके ख़ुफ़िया साथी ने जिस आदमी को उसे मारना था उसका चेहरा दिखाया। वह हैरान रह गया क्योंकि वह जंगल में उसकी जान बचाने वाला वही उम्रदराज़ व्यक्ति था। लड़ाके के हाथ जैसे भारी हो गए थे। भाला उठता ही न था और अचानक से उसने फ़ैसला लिया। चाहे कुछ भी हो जाए वह उन पर हाथ नहीं उठाएगा। आख़िर क्यों मारना चाहिए मुझे इन्हें? ये भी मेरे जैसे हैं, मेरी ही तरह जीवन की चुनौतियों को जी रहे हैं। मैं इन्हें नहीं मार सकता।

इस छोटी सी कहानी को यहां लिखने का मकसद केवल इतना है कि मानव मन भाई-चारे के साथ जीना चाहता है लेकिन स्वार्थी ताकतें हर युग में उसे या उसके समूह को बस में करना चाहती हैं- कभी ताकत से तो कभी सम्मोहन से। देश में भी अब ऐसी ताक़तें अब और ज़्यादा ताकतवर हो गई हैं जो सीधे सरल इंसान को पहले उन्मादी बना रही है और फिर भीड़ बनकर हमलावर। इंसानों को गुब्बारा बनाकर उनमें ज़हरीली गैस भरी जा रही है और उनके जरिये अनजान लोगों को मौत के घाट उतारा जा रहा है। सड़कों पर लोगों के वाहन फूंके जा रहे हैं। उनकी अलग



वर्षा भम्भाणी मिर्ज़ा

**मानव मन भाई-चारे के साथ जीना चाहता है लेकिन स्वार्थी ताकतें हर युग में उसे या उसके समूह को बस में करना चाहती हैं- कभी ताकत से तो कभी सम्मोहन से। देश में भी अब ऐसी ताक़तें अब और ज़्यादा ताकतवर हो गई हैं जो सीधे सरल इंसान को पहले उन्मादी बना रही है और फिर भीड़ बनकर हमलावर। इंसानों को गुब्बारा बनाकर उनमें ज़हरीली गैस भरी जा रही है।**

पहचान स्थापित की जा रही है ताकि दूरियां बन सके। समूचा प्रचारतंत्र इस काम में झोंक दिया गया है। उसके बाद एक संविधान से चलने वाले दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में घृणित अपराधों को अंजाम देने वालों को कवच भी दिया जाता है। हमने सुना था कि पहले दंगा भड़काने के लिए मंदिरों के सामने गाय और मस्जिद के सामने सूअर काटकर फेंक दिए जाते थे। बलवा करवाने वालों का काम हो जाता था।

हाल ही में अनुभव सिन्हा ने 'अफ़वाह' नाम की बढ़िया फिल्म बनाई है। भीड़ जिस ट्रक को गौमाता का समझकर पीछा करती है उसमें से गधे बाहर आते हैं। इस नए ज़माने में अब खुद को गौरक्षक बताने वाला वीडियो भेजकर चुनौती देता है, उकसाता है और फिर ब्रज अंचल से लगे हरियाणा के नूंह में भड़की हिंसा कई लोगों की जान ले लेती है। व्यवस्था इन दंगों को किसी साज़िश का नतीजा बताकर मुंह पर चादर लपेट कर सो जाती है। ये दंगाई कई सालों से कभी लोगों के फ्रिज में गौमांस ढूंढते हैं तो कभी जानवरों से भरी गाड़ियों को कसाईखाने ले जाई जा रही बताकर भीड़ द्वारा हमला करा देते हैं। चालक को मार देते हैं और जहरीली गैस से भरे गुब्बारे इकट्ठा कर फ़साद करा दिए जाते हैं। ये गुब्बारे 2017 से ट्रेन में भी चढ़ रहे हैं। तब 17 साल के एक बच्चे को ट्रेन में सीट साझा करने के विवाद में मार दिया गया था। अब ये गुब्बारे वर्दी में भी होते हैं। ये यात्रियों की रक्षा के लिए दी गई बन्दूक का इस्तेमाल उन्हें ही मौत के घाट उतारने में कर रहे हैं। देशवासियों में ऐसा डर बैठ गया है कि वे अब यात्रा से डरने लगे हैं। बेरोज़गारी और बेहिसाब मंहगाई से जूझते इंसान बड़ी आसानी से ऐसे गुब्बारों में तब्दील हो रहे हैं। भारत के एक फीसदी अमीरों के पास देश की चालीस फ़ीसदी समृद्धि पर कब्ज़ा हो और पचास प्रतिशत के पास केवल तीन फ़ीसदी संसाधन हो तो इस अभाव में ज़हर भरना कौन सा मुश्किल काम है?

तब क्या कोई उम्मीद नहीं है? मणिपुर, नूंह और ट्रेन में हत्याएं होती रहेंगी और महावीर, बुद्ध और गांधी का यह देश इसी तरह खून से सना रहेगा? कभी अंग्रेज़ों के आगे अपने बलिदान का लहू बहाने वाले देश में अब बेवजह बेगुनाहों का खून बहता रहेगा? क्या हुक्मरान इस खून को अपने वोटों की फसल के लिए खाद की तरह देख रहे हैं? अगर नहीं तो खुलेआम नरसंहार की बात करने वाले क्यों अब तक आज़ाद घूम रहे हैं? क्यों धार्मिक जुलूसों को वही रास्ता चुनना है जहां दंगा भड़क सकता है और क्यों पुलिस उन्हें यह अनुमति भी देती है? उम्मीद की किरण उत्तर प्रदेश के बरेली से आती दिखाई देती है जहां के पुलिस कमिश्नर प्रभाकर चौधरी ने कावंड़ियों की उस ज़िद को नहीं माना जिसमें वे अपना निर्धारित रास्ता बदलना चाहते थे। नतीजतन चंद घंटों में प्रभाकर का तबादला कर दिया गया। 2010 बैच के इन आईपीएस अधिकारी के अब तक 21 बार तबादले हो चुके हैं। अधिकारी जिसकी वजह से बवाल होने से बच गया उसे सम्मान की जगह ट्रांसफर मिलता है। अधिकारी के पिता का साफ़ कहना है कि उनका बेटा बेहद ईमानदार ऑफिसर है और नेताओं से ज़रूरी दूरी बनाए रखता है। इसी का नतीजा है कि बार-बार उसका तबादला कर दिया जाता है। उम्मीद से भरी टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट की है जब मणिपुर की हिंसा को लेकर न्यायाधीश ने पूछा कि कितने लोग गिऱफ्तार हुए, कितनी एफआईआर दर्ज़ हुई और क्या दो महीने हालत ऐसे थे कि कानून-व्यवस्था पूरी तरह समाप्त हो चुकी थी। सर्वोच्च न्यायालय ने वह किया है जो सरकार या फिर केंद्र सरकार को करना चाहिए था। सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर के डीजीपी को जानकारी देने के लिए हाज़िर होने के लिए कहा है। यदि कोर्ट द्वारा जनता के लिए अधिकारी को यूं तलब करना पड़े, तो यह वही परिस्थिति है कि कार्यपालिका अपने कर्तव्य में नाकाम रही है।

एक बात और है। जो पक्ष-विपक्ष की बहस में उलझेंगे तो नुकसान और ज़्यादा होगा। अभी नूंह से गरीब मजदूरों का पलायन हो रहा है। बाद में पूरे देश से होगा। उद्योग चौपट होंगे। आग में सबसे पहले घर बचाना ज़रूरी है। ये नेता लोग सिर्फ अपने स्वार्थ के लिए कभी भी किसी भी छतरी के नीचे चले आते हैं और आप इनके लिए लड़ने मरने को तैयार रहते हैं। आचार्य विनोबा भावे ने कहा है- 'चार बातें ध्यान में रखने लायक हैं: आज का नारा- जय जगत, हमेशा का नारा- जय जगत, हमारा नारा- जय जगत, सबका नारा- जय जगत। आज का, कल का, परसों का नारा यही है। इसी से उद्धार होने वाला है। ऐसा तभी होगा जब सोच में एकरूपता आएगी अन्यथा अनेक कारणों दरारें पड़ेंगी, धर्मभेद, जातिभेद, पंथभेद, भाषाभेद, ऐसे टुकड़े-टुकड़े हो जाएंगे। समाज की गाड़ी यहीं रुकी हुई है। सब एक दूसरे का हित देखें। इसी में सबका कल्याण है।

**( लेखिका स्वतन्त्र पत्रकार हैं )**

# इंडिया बनाम भारत या इंडिया जो भारत है?

पिछले नौ सालों से भाजपा हमारे देश पर शासन कर रही है। विपक्षी पार्टियों को धीरे-धीरे यह समझ में आया कि भाजपा सरकार न तो संविधान की मंशा के अनुरूप शासन कर रही है और न ही उसकी रूचि स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व पर आधारित समावेशी भारत के निर्माण में है। भाजपा सरकार ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियों का इस्तेमाल विपक्षी पार्टियों को कमज़ोर करने के लिए कर रही है। इसके अलावा, उसकी नीतियां सरकार के साथ सांठगांठ कर अपना उल्लू सीधा करने वाले पूंजीपतियों को बढ़ावा देने वाली हैं। वह प्रजातांत्रिक अधिकारों को भी कुचल रही है। उसकी राजनीति राममंदिर, लवजिहाद और अन्य अनेक किस्मों के जिहादों, गाय, गौमांस और पहचान से जुड़े मुद्दों के अलावा, हमारे एक पड़ोसी देश पर अति-राष्ट्रवादी कटु हमले करने पर केन्द्रित है। उसकी नीतियों से आम लोगों, और विशेषकर गरीब और कमज़ोर वर्गों, की परेशानियां बढ़ीं हैं। चाहे वह नोटबंदी हो, कुछ घंटों के नोटिस पर देशव्यापी कड़ा लॉकडाउन लगाने का निर्णय हो, बढ़ती हुई बेरोजगारी और महंगाई हो या दलितों, आदिवासियों, महिलाओं और धार्मिक अल्पसंख्यकों के दमन में बढ़ोतरी हो- इन सबसे आम लोगों को ढेर सारी परेशानियां भुगतनी पड़ रही हैं।

भाजपा इस देश की सबसे धनी पार्टी है। उसने इलेक्ट्रोरल बांड्स के ज़रिये अकूत धन इकट्ठा कर लिया है। पीएम केयर फण्ड भी पार्टी की तिजोरी भरने का साधन बन गया है। इसके अलावा, पार्टी को आरएसएस और उसके अनुषांगिक संगठनों के लाखों कार्यकर्ताओं के रूप में प्रचारकों की एक विशाल फ़ौज उपलब्ध है। ये सभी चुनाव के दौरान और वैसे भी भाजपा के लिए काम करते हैं।



राम पुनियानी

**विपक्षी पार्टियों के इंडिया का विरोध, हमारी सभ्यता के समावेशी मूल्यों का विरोध है। भारत का संविधान भी देश की सभ्यता के विकास का नतीजा है। इंडिया का विरोध सेम्युएल हट्टिंगटन की सभ्यताओं के टकराव के सिद्धांत के अनुरूप है और संयुक्त राष्ट्रसंघ की उस रपट के खिलाफ है जो सभ्यताओं के गठजोड़ की बात करती है और जो नेहरु के ऊपर दिए गए उद्धरण से मेल खाती है।**

इस पृष्ठभूमि में गैर-भाजपा पार्टियों ने 'इंडिया' (भारतीय राष्ट्रीय विकास और समावेशिता गठबंधन) का गठन किया है। इस गठबंधन को बैंगलोर में इन पार्टियों के दूसरे सम्मलेन में आकार दिया गया। बैंगलोर में 26 राजनैतिक दलों ने प्रजातंत्र और संविधान को बचाने और भाजपा, जिसका संगठन मतदान केंद्र से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक फैला हुआ है और जो एक बढ़िया मशीन की तरह काम करता है, से मुकाबला करने के लिए एक साथ मिल कर काम करने का निर्णय लिया है।

इस संगठन के ठोस स्वरूप लेने से भाजपा चौंकन्ना और परेशान हो गई। सबसे पहले उसने एनडीए (राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन) को डीप फ्रीजर से बाहर निकाला। इसमें 38 पार्टियां शामिल हैं, जिनमें से कुछ को छोड़कर सभी अनजान हैं। एनडीए के सम्मलेन में जो बैनर लगाया गया था उसमें केवल शीर्ष नेता का चित्र था और बाकी पार्टियों के नेता उनके आगे दंडवत कर रहे थे।

विपक्षी गठबंधन को इंडिया का नाम देने का निर्णय सचमुच बेहतरीन था और इससे भाजपा और उसके साथी बहुत घबरा गए। उन्होंने विपक्षी पार्टियों को भला-बुरा कहने के अलावा यह भी कहा कि इस नाम का इस्तेमाल अनुचित है। उनके अनुसार इससे चुनाव में मतदाता भ्रमित हो सकते हैं। समाचार एजेंसी एएनआई ने खबर दी है कि इस सिलसिले में दिल्ली के बाराखम्बा पुलिस थाने में एक शिकायत भी भाजपा नेताओं ने दर्ज करवाई है।

भाजपा नेता और असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा इस बहस को एक कदम और आगे ले गए। उनके अनुसार इंडिया और भारत शब्द दो अलग-अलग सभ्यताओं के प्रतीक हैं। अंग्रेजों ने हमारे देश को इंडिया का नाम दिया था और हमें इस औपनिवेशिक विरासत से स्वयं को मुक्त करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे पुरखों ने 'भारत' के लिए संघर्ष किया था और हमें भारत के निर्माण के लिए काम करना चाहिए।

सरमा पर तीखा पलटवार करते हुए कांग्रेस के जयराम रमेश ने ट्वीट किया:'उनके (सरमा) गुरूजी, श्री मोदी ने पहले से चली आ रही योजनाओं को नए नाम दिए- स्किल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और डिजिटल इंडिया। उन्होंने विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों से 'टीम इंडिया' के रूप में काम करने को कहा। यहां तक कि उन्होंने 'वोट इंडिया' की अपील भी की। ज्योंही 26 पार्टियों ने अपने गठबंधन को इंडिया का नाम दिया, उन्हें फिट आ गया और वे इंडिया शब्द के इस्तेमाल को 'औपनिवेशिक मानसिकता' का प्रतीक बताने लगे।'

प्रधानमंत्री इससे इतने परेशान हो गये कि उन्होंने अपने ट्विटर हैंडल को 'बीजेपी फॉर इंडिया' से 'बीजेपी फॉर भारत' में बदल दिया। प्रधानमंत्री के सभ्यताओं और मूल्यों के टकराव की बात करते ही हिन्दुत्ववादी लेखकों में इस मुद्दे पर लिखने की होड़ मच गयी। जेएनयू की कुलपति शांतिश्री धुलिपुड़ी पंडित ने लिखा, 'भारत को मात्र संविधान से बंधे एक राष्ट्र के रूप में प्रस्तुत करना उसके इतिहास, उसकी प्राचीन विरासत, संस्कृति और सभ्यता की उपेक्षा करना है।' इसी गुट के अन्य लेखक तर्क दे रहे हैं कि सभ्यतागत मूल्यों को भारतीय संविधान के मूल्यों पर प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

भारतीय सभ्यता की इन लेखकों की व्याख्या संकीर्ण है और केवल हिन्दू धर्म की ब्राह्मणवादी परंपरा पर केन्द्रित है। वे भारतीय सभ्यता की हूण और यूनानी सभ्यता से अंत:क्रिया को नजऱअंदाज़ कर रहे हैं और भारत में इस्लाम और ईसाई धर्म के आगमन को नीची निगाहों से देखते हुए उसे हमारी सभ्यता पर 'विदेशी आक्रमण' ठहरा रहे हैं। यह आख्यान, जवाहरलाल नेहरु की भारतीय सभ्यता की समझ से एकदम उलट है। नेहरु ने लिखा है, 'भारत एक ऐसी स्लेट है जिस पर एक के बाद अनेकानेक परतों में नए-नए विचार लिखे गए परन्तु कोई भी नयी परत, पिछली परत को पूरी तरह छुपा या मिटा न सकी।'

हेमंत सरमा एंड कंपनी के लिए भारतीय संस्कृति का अर्थ है वह कथित गौरवशाली काल जब ब्राह्मणवादी मूल्यों का बोलबाला था। वे तो चार्वाक, बुद्ध, महावीर, सम्राट अशोक और भक्ति-सूफी संतों जैसे विशुद्ध भारतीयों की परंपरा को भी स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। वे रोमिला थापर, इरफ़ान हबीब, रामशरण शर्मा और हरबंस मुखिया जैसे 'वामपंथी' इतिहासकारों से नफरत करते हैं क्योंकि उनकी दृष्टि में भारतीय सभ्यता का अर्थ है जाति और लिंग आधारित ऊंच-नीच। इन मेधावी इतिहासविदों ने समाज के गहरे सच को उजागर किया। उन्हें केवल 'शासक के धर्म' से मतलब नहीं था। उन्होंने दलितों, महिलाओं और आदिवासियों सहित समाज के सभी वर्गों की बात की और भारतीय सभ्यता की असली विविधता को हमारे सामने रखा।

दरअसल, दक्षिणपंथी विचारधारा ही औपिनिवेशिक विरासत की असली वाहक है। वह इतिहास को उसी चश्मे से देखती है जिस चश्मे को हमारे औपनिवेशिक आकाओं ने हमें दिया था। हमारे विदेशी शासक समाज को धर्म के आधार पर बांटना चाहते थे और इसलिए उन्होंने सांप्रदायिक इतिहास लेखन को प्रोत्साहन दिया जो इतिहास को तत्कालीन राजा के चश्मे से देखता है। हेमंत सरमा जैसे लोग इसी परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। हां, इसमें उन्होंने उच्च जातियों और पितृसत्तात्मक व्यवस्था के मूल्यों को भी जोड़ लिया है और यही मिक्सचर बहिष्करण पर आधारित उनकी राजनीति का आधार है।

उनकी राह में मुख्य बाधा है भारत का संविधान। जैसे-जैसे भारतीय राष्ट्रवाद की ताकत और प्रभाव बढ़ने लगा, इन लोगों ने मनुस्मृति और उसके कानूनों का महिमामंडन शुरू कर दिया और वे मुसलमानों, ईसाईयों और साम्यवादियों को देश का 'आतंरिक शत्रु' बताने लगे। भारत के संविधान का विरोध उनकी राजनीति का हिस्सा रहा है जिसकी स्पष्ट अभिव्यक्ति पूर्व आरएसएस सरसंघचालक के। सुदर्शन ने की थी। उन्होंने कहा था कि संविधान देश के लोगों के लिए किसी काम का नहीं है।

इसमें कोई संदेह नहीं कि विपक्षी पार्टियों के इंडिया का विरोध, हमारी सभ्यता के समावेशी मूल्यों का विरोध है। भारत का संविधान भी देश की सभ्यता के विकास का नतीजा है। इंडिया का विरोध सेम्युएल हट्टिंगटन की सभ्यताओं के टकराव के सिद्धांत के अनुरूप है और संयुक्त राष्ट्रसंघ की उस रपट के खिलाफ है जो सभ्यताओं के गठजोड़ की बात करती है और जो नेहरु के ऊपर दिए गए उद्धरण से मेल खाती है। हम केवल उम्मीद कर सकते हैं कि इंडिया, हेमंत सरमा जैसे लोगों की विघटनकारी राजनीति पर भारी पड़ेगा।

**( अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया )**

## पावन प्रसंग

# सबसे सर्वोपरि है स्थिर मन

हम असुरक्षित क्यों रहते हैं? अनिश्चित क्यों रहते हैं? क्योंकि हमने मान लिया है कि हमारे साथ सब कुछ बुरा होगा, लोग अपने सुरक्षित भविष्य के लिए पैसा जोड़ते हैं, उसे संग्रहीत करते हैं। यह असुरक्षा, यह अनिश्चितता- मन को चंचल करती है। हम संचय तो करते हैं-समृद्धि का, साधन का, संपदा का, सद्गुणों का संचय नहीं करते। परिणाम यह होता है कि जितना संचय बढ़ता है, जितना परिग्रह बढ़ता है, उतनी मन की चिंता भी बढ़ती है।

जिनके घर में बहुत सारा सामान है. तो अपने घर की सफाई नहीं कर सकते। सफाई करने के लिए उनकी एक सप्ताह पहले प्लानिंग करनी पड़ेगी कि अब सफाई करनी है, क्योंकि उनके घर में बहुत सामान भरा है, इधर का कूड़ा उधर का कूड़ा। कई बार तो लोग ऐसा करते हैं इस कोने का कूड़ा उस कोने ने कर देते हैं और उस कोनो का कूड़ा इस कोने में। यह मन का जो कचरा है मन का जो कूड़ा है, वही हमको अस्थिर करता रहता है, लेकिन हमें अपने मन को स्थिर करना है इसलिए पहले हम पहचानें, जानें कि कहां-कहां हमारा मन जाता है? हमारे मन को कौन अस्थिर करता है।

व्यक्ति की चिंताएं, शंकाएं उसको सबसे ज्यादा अस्थिर करती है। निषेधात्मक चीजें मन को बहकाती रहती हैं, इसलिए सबसे पहले उन्हें पहचानना जरूरी है, समझना जरूरी है। जहां-जहां नकारात्मकता है, जो-जो चीजें आपको चुभती हैं, उस चुभन को निकालना है, उन गांठों को खोलना है और इसके लिए शुभ विचारों को अपनाना जरूरी है। एक शुभ विचार ही हमारे मन को बदलने के लिए पर्याप्त हैं, बस, उस विचार में वह ऊर्जा होनी चाहिए। हमारे यहां उपनिषदों में चार महावाक्य कहे गए हैं, ये चार ब्रह्मसूत्र हैं, इनके बारे में ज्ञानी जन कहते हैं कि अगर ये चार सूत्र समझ में आ गए तो समझो सारा ब्रह्मसूत्र समझ में आ गया। भगवद्गीता है तो सप्तश्लोकी भगवद्गीता भी है यानी भगवद्गीता के ये सात श्लोक समझ में आ गए तो समझो सात सौ श्लोक समझ में आ गए। दुर्गासप्तशती है, तो सप्तश्लोकी दुर्गा भी है, इसके सात श्लोक समझ में आ गए तो समझो दुर्गा सप्तशती समझ में आ गई। बात छोटी सी है, लेकिन एक बात भी अगर समझ में आ जाए, तो जीवन बदलने के लिए यह एक बात भी पर्याप्त है। हमारे जीवन में बहुत सारे काम ऐसे हैं, जो हम नहीं कर सकते, लेकिन भगवत्कृपा से सब कार्य संभव हैं। यह विश्वास, यह श्रद्धा, यह आस्था, हमारे मन को बहुत संबल देते हैं, मन को अस्थिर होने से बचाते हैं, उसे एक जगह टिका देते हैं। जीवन में कई बार बड़ी दुर्घटनाएं घटती हैं, जैसे स्वतंत्रता से पूर्व हमारे देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र यानी गोरखपुर, बलिया, बिहार का कुछ इलाका आदि, इन जगहों में एक दुर्घटना घटी, अंगरेज लोग वहां के कुछ लोगों को पकड़ कर ले गए। ये लोग घर से दूर, परिवार से दूर, रिश्ते-नातों के बिना वहां पर कैसे रहें। वहां तो उन्हें मजदूरी करनी थी, अपने रिश्ते तो उनके देश में ही छूट गए। कोई उन्हें घर वापस बुला नहीं सकता था। फिर रिश्ते बनाने के लिए वहीं कहीं उन्होंने शादी कर ली, अफ्रीकन वगैरह से शादी हुई। अपने साथ अपने देश से वो कुछ नहीं ले गए थे, लेकिन हनुमान चालीसा और तुलसीदासजी की रामायण की यानी श्रीरामचरितमानस की कुछ चौपाइयां उन्हें कंठस्थ थीं। वो हनुमान चालीसा, वो रामचरितमानस उनके लिए एक तरह से संजीवनी बन गई, उन्हें भावनात्मक संबल देने के लिए एक आधार बन गई।

आज भी आप देखो तो जो दूर देश के इलाके हैं, और उनमें बसे हुए भारतीय हैं, उनसे पूछो कि वे अपने साथ क्या लाए थे? जब मन टूटता था, तब उस टूटे-बिखरे मन के लिए उनका संबल क्या होता था? हनुमान चालीसा। आज भी वहां पर जब भारत से कोई कथावाचक जाते हैं तो बड़े अनुराग से वे राम-कथा सुनते हैं क्यों? उन राम के नाम से उन हनुमान जी के नाम ने हनुमान चालीसा की चौपाइयों ने उनके जीवन की डोर बांधे रखी। उनके व्यक्तित्व को बिखरने से बचाया। जीवन की छोटी-बड़ी बातों में बड़ी आस्थाएं छिपी होती हैं। वहां सकारात्मकता का, शुभ चिंतन का, सद्गुणों का विश्वास प्रकाश बिखेरो।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# बिहार में जातीय जनगणना के आदेश पारित होते ही शिक्षकों की तनी भृकुटि, नही करेंगे गैर शैक्षणिक कार्य

बिहार में जातीय गणना के पक्ष में राज्य सरकार हमेशा से रही है। एनडीए के गठबंधन के समय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जातीय जनगणना की पैरवी करने मोदी से भेंट की थी। भाजपा जातीय जनगणना के पक्ष में नहीं थी। इसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जातीय जनगणना कराने के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हाईकोर्ट के आदेश पारित होते ही शिक्षकों की आवश्यकता आन पड़ी है। शिक्षक संघ ने सरकार पर यह आरोप लगाते हुए खण्डन किया है कि बीपीएससी में आवेदन करने वाले शिक्षकों के फेल कराने की साजिश है। मुख्य सचिव का कहना है कि कोई भी शिक्षक गैरशैक्षणिक कार्य नहीं करेगा। बिहार में शिक्षक संघ और सरकार के बीच विचारधारा की लड़ाई छिड़ गई है। शिक्षक जातीय जनगणना करेंगे तो बीपीएससी की गणना कैसे करेंगे? शिक्षक और सरकार के बीच तलवार खींच गई है। शिक्षा के अधिकार अधिनियम के विरुद्ध सरकार कार्य कर रही है इससे शिक्षकों का भविष्य अंधकार में डूब जाएगा। कई राज्यों में जातीय जनगणना का विरोध हुआ है उसके बावजूद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने जातीय जनगणना की ठान रखी है। फैसलों के खिलाफ शिक्षक संघ आ खड़ा हुआ है जिससे बिहार में आगामी जनगणना की मुहिम में व्यवधान पैदा होने की संभावना है। गणना और गैरशैक्षणिक कार्य के लिए शिक्षकों को ही आगे किया जाता है। शिक्षक सरकार की गाइड लाइन की पालन हर हालत में करेंगे। यदि ऐसा नहीं है तो शिक्षकों को निलंबित करने में सरकार एक पल का विचार नहीं करेगी। कोरोना के समय में मरीज की गणना,पशु गणना और शौचालय गणना आदि कार्य शिक्षकों ने किए हैं। मकानों की गणना और मेट्रिक में इंटरमीडिएट परीक्षा के बाद अब जनगणना में लगने से उनके पास पढ़ाई का समय नहीं बचेगा। इन परिस्थितियों में सरकार क्या कदम उठाती है? लोकसभा चुनाव की तैयारी और 2025 में बिहार विधानसभा की भी तैयारी होगी। ऐसे में शिक्षकों पर पड़ने वाली समय की मार को कैसे व्यवस्थित की जाए। उसके लिए सरकार से अपील की जा रही है। शिक्षा मंत्री व पीएम को पत्र लिखकर शिक्षकों ने न्याय की गुहार लगाई है।

## दुष्कर्म के बाद नाबालिग की हत्या की बढ़ती घटना समाज के लिए चिंताजनक

कोई दिन खाली नही जाता है अखबार में दुष्कर्म की घटना की खबर नहीं छपी हो। आए दिन दुष्कर्म की घटना में दुधमुंही बच्चियों के साथ घिनौनी हरकत की जाती है। नाबालिग बच्चियों के साथ गैंगरेप की घटनाएं बढ़ती जा रही है। यह सभ्य समाज पर कलंक है। आवारा घूमते बिगड़े युवाओं को परिवार और समाज की कोई फिक्र नहीं है। अपने परिवार और माता पिता का सिर शर्म से झुकाने वाले नालायक बेटे दुष्कर्म और हत्या की वारदात को अंजाम दे रहे है। वहशीपन की बढ़ती दरिन्दगी से समाज की युवा पीढ़ी विश्वसनीयता खोती जा रही है। युवतियों और महिलाओं के साथ अमानुषिक घटना अखबार में पढ़ने मात्र से रोंगटे खड़े हो जाते हैं। पाषाणयुगीन मानव भी इतने क्रूर और निर्लज्ज नहीं थे। शिक्षित परिवार ऐसे बेहूदा कार्य और कभी माफ नहीं किये जाने वाले कार्य करते हैं जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। दुधमुंही बच्चियों के साथ दुष्कर्म और बाद में हत्या करने वाले विकृत मानसिकता वाले युवाओं में विकृति कहां से आती है। दो-तीन साल की बच्चियों को दुलार करते हैं। उस पर विकृति पैदा कर अमानुषिक कृत्य समाज के लिए कलंक है। कलंकित करने वाले नराधमों को फांसी तो दी जाती है लेकिन यह नाकाफी है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

### उल्टा पुल्टा

सुबह-सुबह परी नींद से उठते ही बोली- अजी सुनते हो?
पति- बोलो, क्या हुआ?
पत्नी- मुझे सपना आया कि आप मेरे लिए हीरों का हार लेकर आए हो
पति- ठीक है, तो वापस सो जाओ और पहन लो!

## संपादकीय

### अवर्षा की स्थिति से उपजी चिंता दूर

*तीन दिन पहले तक छत्तीसगढ़ के एक बड़े हिस्से में अवर्षा के कारण गहरी चिन्ता की स्थिति पैदा हो गई थी। इन्हीं तीन दिनों में हुई भारी बारिश से खेत लबालब हो गए हैं। कई क्षेत्रों में बाढ़ के हालात बन गए हैं। विशेषकर राज्य के उत्तरी हिस्सों के लिए यह बारिश अमृत वर्षा से कम नहीं है, जहां के किसान धान की रोपाई के लिए अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे थे। धान के उनके थरहे सूख रहे थे। दूसरी फसलों के भी सूखने का खतरा उत्पन्न हो गया था। राज्य के इस हिस्से के कई जिलों में औसत से 60 प्रतिशत तक कम बारिश हुई थी। मौसम विभाग ने इस माह पूरे राज्य में अच्छी वर्षा होने का अनुमान जाहिर किया है। यह किसानों के लिए खुशी बढ़ाने वाला है। खरीफ फसलों में मुख्यतः धान की फसल उगाने वाले राज्य के किसानों को हर साल अच्छी बारिश का इंतजार रहता है। इस वर्ष जून के शुरुआती महीने में भी मानसून पूर्व की बारिश नहीं हुई। जुलाई का महीना भी बारिश का इंतजार करते ही निकल गया। तीन दिनों में पूरे राज्य में अच्छी बारिश हुई है। हालांकि रायपुर, दुर्ग और बस्तर संभाग में पहले ही औसत से कहीं अधिक बारिश हो चुकी है। हाल की बारिश ने उत्तरी हिस्से के किसानों में भी अच्छी पैदावार की उम्मीद जगा दी है और धान की रोपाई का काम तेजी से शुरु हो गया है। पिछले साल भी इस इलाके में अच्छी बारिश नहीं हुई थी और कई किसानों की फसल खेत में ही सूख गई थी। ऐसे किसानों ने पिछले साल हुए नुकसान के लिए इस साल अच्छी फसल उम्मीद में काफी पहले से ही तैयारी कर ली थी। जब पहली बारिश हुई तो थरहे लगाना शुरु कर दिया। मौसम अनुकूल नहीं रहा, लेकिन अब अवर्षा की स्थिति से उपजी उनकी चिन्ता दूर हो गई है। राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए भी जरूरी है कि खरीफ की अच्छी पैदावार हो। राज्य में अवर्षा की स्थिति राज्य सरकार के लिए भी चिन्ता का एक कारण बनती जा रही थी। छत्तीसगढ़ में इसी साल नवम्बर में जब चुनाव होंगे, किसानों की धान की फसल कटकर खलिहानों में आ रही होगी। सरकार ने इस वर्ष प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदने का फैसला किया है। अब तक प्रति एकड़ 15 क्विंटल धान खरीदा जा रहा था। नवम्बर से ही राज्य में धान की सरकारी खरीदी शुरु होती है। किसानों को इसका इंतजार रहता है। सरकार की इस घोषणा से भी धान उत्पादक किसान उत्साहित हैं। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि धान की पैदावार अच्छी हो। राज्य के किसानों से कहा गया है वे फसल बीमा अवश्य कराएं ताकि प्रतिकूल मौसम से होने वाले नुकसान की भरपाई हो सके। धान की खेती के लिए अभी भी पूरा समय है और मौसम ने साथ दिया तो पैदावार अच्छी हो सकती है। राज्य में औसतन 1200 मिलीमीटर बारिश होती है। अभी करीब आधी औसत वर्षा हुई है। अगले दो माह में अच्छी बारिश हुई तो औसत बारिश की स्थिति सामान्य होने का उम्मीद की जा सकती है। यह कृषि के लिए अनुकूल होगा।*

# नाले में गिरी कार,स्कूल में भरा पानी...

## तारबाहर अंडरब्रिज में आवागमन अवरूध्द,सड़कों पर पानी, लगातार दो दिनों से जन जीवन प्रभावित

### बिलासपुर के लिए यलो अलर्ट जारी

### किसानों के खेत लबालब,चिंता दूर

**बिलासपुर**, 3 अगस्त (देशबन्धु)। लगातार दो दिनों से हो रही बारिश से शहर के नीचे इलाके जलमग्न हो गए सरकंडा क्षेत्र के बधंवापारा अरविंद नगर के साथ ही पुराना बस स्टैंड में कश्यप कॉलोनी तथा विनोबा नगर सहित कई जगह में पानी भर गया है। बंधवापारा में शहीद भगत सिंह स्कूल में जलभराव के कारण स्कूल की छुट्टी कर दी गई। वहीं विपक्षी दल के नेताओं को मौका मिला और सरकंडा क्षेत्र के युवा मोर्चा के पदाधिकारी बजरंग चौक शहीद भगत सिंह स्कूल तथा इमली भाटा में बैट बल्ला लेकर पानी में खेलने पहुंच गए और निगम प्रशासन को कोसने लगे। कांग्रेस की तर्ज पर जब कांग्रेस विपक्ष में थी तब शहर के मुख्य मार्गों में बड़े-बड़े गड्ढों में तथा जलभराव के बीच कांग्रेसी नेता 2018 के पहले रोपाई करने पहुंच जाते थे। लगातार धरना आंदोलन भी करते थे। छत्तीसगढ़ में मौसम विभाग ने कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। कोरिया, सूरजपुर और पेंड्रा जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट और बिलासपुर, कोरबा और मुंगेली जिले के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है।

आज सुबह 5 बजे कार चालक पूरी फैमली के साथ मंदिर जाने को निकले थे जिसमे 7 लोग सवार थे। कार जैसे हि पुराने बस स्टेंड करबला रोड से गुजर रही थी उसी समय काफी तेज बारिश भी हो रही थी रोड में चारो तरफ पानी ही पानी भरा हुआ था। जिसके कारण कार चला रहे व्यक्ति को कुछ समझ नहीं आया जिसके कारण लैंड मार्क के सामने निगम की लापरवाही के कारण खुले पड़े नाले में कार जा पलटी कार में सभी लोग फस गए आस पास लोगो की मदद से सभी को बहार निकला गया सभी लोग सुरक्षित है। इसी तरह श्रीकांत वर्मा मार्ग, मित्र विहार कॉलोनी, हंसा विहार, विद्यानगर विनोबा नगर व आसपास के इलाकों में नाली का पानी घरों में भर गया। ऐसे ही अज्ञेय नगर, मंझवापारा, विनोबा नगर, सरकंडा इलाके व तोरवा क्षेत्र में जल भराव की समस्या से लोग परेशान होते रहे। बारिश के समय में चल रहा निर्माण कार्य अधूरा है। ऐसे में लगातार हो रही बारिश के चलते नालों में पानी निकासी की व्यवस्था नहीं हो पाई। महापौर रामशरण यादव मौके पर पहुचें है। वही जिले के किसान 2 दिन से हो रही लगातार बारिश से खुश हैं। वही पिछले सप्ताह पानी की स्थिति को देखते हुए कांग्रेस नेताओं ने खुटाघाट जलाशय से पानी छोड़ने के लिए प्रयास किया था और पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष प्रमोद नायक तथा प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष विनय शुक्ला ने खुटाघाट जलाशय पानी छोड़ने का शुभारंभ किया था। विनय शुक्ला का कहना है कि जिले में लगातार बारिश से जहां किसानों में खुशी की लहर है वही खुटाघाट जलाशय से पानी छोड़ने के कारण अब खेतों में पानी भर गया है। अगर सामान्य बारिश लगातार 1 सप्ताह तक पानी गिरेगा तो खेती किसानी के लिए फायदेमंद होगा किसानों को राहत मिलेगी। फिलहाल खेतों में पर्याप्त पानी हैं लेकिन जहां पर नहर एवं बारिश के पानी का किसान इंतजार करते हैं उन क्षेत्रों में किसानों को अभी एक हफ्ता लगातार बारिश का इंतजार है। तखतपुर गौरेला पेंड्रा मरवाही कोटा जिला मस्तूरी एवं वितरण क्षेत्र में क्षेत्र में लगातार कल से हो रही बारिश से खेती किसानी में तेजी आई है। किसान खुश हैं लेकिन किसानों तथा विनय शुक्ला जो खुद एक किसान है उनका कहना है कि लगातार यह बारिश होना चाहिए कम से कम 15 दिन बारिश होने से खेती के लिए उचित होगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस साल से 20 ि? टल प्रति एकड़ धान खरीदने का ऐलान किया है किसानों की फसल अच्छी होगी तो धान खरीदी का भी लाभ किसानों को मिलेगा। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष प्रमोद नायक विनय शुक्ला तथा जिला पंचायत सदस्य राज्यसभा को अंकित गौरा ने कहा है कि जहां खुटाघाट जलाशय से पानी छोड़ने के बाद किसानों के लिए खेतों में पर्याप्त पानी मिला है। वही लगातार मौसम में बदलाव के कारण 2 दिनों से हो रही बारिश का फायदा जिले के किसानों को मिलेगा। लेकिन यही बारिश लगातार होती रहे तो फसल भी अच्छी होगी।





### जिले में अब तक 588.3 मिमी बारिश दर्ज

बिलासपुर जिले में चालू खरीफ मौसम में अब तक 588.3 मि.मी. बारिश दर्ज की गई है। जो कि पिछले 10 वर्ष के औसत बारिश 524.4 मि.मी. से 64 मि.मी. अधिक है। अधीक्षक भू अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार सबसे अधिक बारिश सीपत तहसील में 176.5 और सबसे कम बारिश 50.2 मि.मी. बेलतरा में रिकार्ड की गई है। इसी प्रकार बिलासपुर में 98 मिमी, मस्तूरी में 110.2 मिमी, तखतपुर में 90 मिमी, कोटा में 85.2 मिमी, बिल्हा तहसील में 117.6 मिमी, बोदरी में 107 मिमी, बेलगहना में 63.2 मिमी, रतनपुर में 76.3 मिमी, सकरी में 94.2 मिमी बारिश रिकार्ड दर्ज की गई है। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1162 मिमी है।

## सार-संक्षेप

### नये संभागायुक्त के. डी. कुंजाम ने कार्यभार संभाला



**बिलासपुर**, 3 अगस्त (देशबन्धु)। नए संभागायुक्त के. डी. कुंजाम ने आज कमिश्नर कार्यालय पहुंचकर अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। श्री कुंजाम इसके पहले सामान्य प्रशासन विभाग के विशेष सचिव थे। ज्ञात हो कि प्रशासनिक फेरबदल में पूर्व संभागायुक्त भीम सिंह को श्रम आयुक्त बनाया गया है।

### स्वयंसेवकों ने ली अंगदान की प्रतिज्ञा



**बिलासपुर**, 3 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रीय सेवा योजना डीपी विप्र विधि महाविद्यालय के स्वयंसेवकों द्वारा अंगदान दिवस के अवसर पर अंगदान महोत्सव मनाया गया। साथ ही सभी ने अंगदान करने और लोगो को इससे प्रेरित करने की शपथ ली। इस कार्यक्रम में रासेयो सलाहकार समिति के वरिष्ठ छात्र प्रतिनिधि मनीष मिश्रा अखिलेश साहू स्वयंसेवक सुमित,अंशुमन, नितेश,रोहित,अमन,राहुल पूर्णिमा,लक्ष्मी,अंजली,अंकिता,चंपा,पल्लवी, प्रवस्था, मनीषा,उर्वशी,ममता,गौरव,शेखर आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम अधिकारी अनिता टंडन विभांशु अवस्थी के नेतृत्व में इस सफल आयोजन पर महाविद्यालय प्रशासन समिति अध्यक्ष अनुराग शुक्ला ,प्राचार्य डॉ अन्नू भाई सोनी, कुमारी सुषमा तिवारी,साज़ी थामस, टी आर पटेल,धर्मेंद्र शर्मा, प्रमोद शर्मा,आलोक शर्मा, निमेश खोडियार,नम्रता परिच्छा,पूजा ठाकुर, प्रगति श्रीवास्तव निमेष खोडियार आदि ने शुभकामनाएं दीं।

### वीरांगना इकाई ने किया पौधरोपण



**बिलासपुर**, 3 अगस्त (देशबन्धु)। भारत विकास परिषद् की वीरांगना इकाई बिलासपुर द्वारा हरिहर ऑक्सीजोन सेंदरी रतनपुर मार्ग में वृक्षारोपण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में भुवन वर्मा,डा शंकर यादव,नीलेश मसीह,एच आर साहू मुख्य डाक अधीक्षक,अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जिलाध्यक्ष शेफाली बोस,छत्तीसगढ़ महिला प्रमुख वीरांगना निवेदिता शोम सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। अरपा नदी के किनारे इस सुरक्षित,सुरम्य क्षेत्र में यह सघन वृक्षारोपण न सिर्फ़ पर्यावरण को संवर्धित करेगी। अपितु मिट्टी के कटाव को रोकेगी। भूमि जल संवर्धन को बढ़ावा देगी और साथ ही साथ आने जाने वालों को प्रकृति से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में वीरांगना अध्यक्ष रीता मौर्य,कोषाध्यक्ष वेद,सचिव वर्षा शुक्ला,वीरांगना बहनों संगीता भदौरिया,कमला साहू,अमिता जोशी,ज्योति सिंह,अंजू राव,तापोशी सरकार,लक्ष्मी सिहोरे,स्वाति वर्मा,संजय सिंह,वीरेश शोम और नीलाभ सरकार का विशेष सहयोग रहा।

# कलेक्टर ने किया विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण

### रिकार्ड रूम में सीसीटीवी लगाने के निर्देश

**बिलासपुर**, 3 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर संजीव कुमार झा ने आज जिला कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि जिला कार्यालय में आने वाले आधे से ज्यादा लोग पुराने रिकॉर्ड लेने के लिए आते हैं। उन्हें शासन के नियमानुसार समय सीमा में अभिलेख मिलने चाहिए। कलेक्टर ने रिकॉर्ड रूम की निगरानी के लिए सीसीटीवी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की आकस्मिक आग जैसी दुर्घटना को रोकने के पुख्ता इंतजाम यहां रहना चाहिए। कलेक्टर ने विभिन्न कक्षाओं के निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों के टेबल में उनका नाम और पद भी प्रदर्शित करने को कहा। कलेक्टर ने निर्वाचन शाखा में प्रदर्शन के लिए रखी ईवीएम मशीन का भी अवलोकन किया। उन्होंने इसके अलावा कोषालय, नजूल शाखा, नजारत शाखा, टाउन एंड कंट्री, निर्वाचन शाखा, श्रम सहित अन्य शाखाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित शाखाओं के कर्मचारियों से उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने विभिन्न फाईलों और रिकार्ड के समुचित रख-रखाव के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संयुक्त कलेक्टर एवं भू अभिलेख शाखा प्रभारी एसएस दुबे, डीएमएफ शाखा के प्रभारी संयुक्त कलेक्टर वैभव क्षेत्रज्ञ मौजूद थे।




# निजात से अपराधों में 11 फीसदी की कमी

### बिलासपुर पुलिस के नशे के विरुद्ध निजात अभियान का सकारात्मक असर

**बिलासपुर**, 3 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नशे के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही के आदेश पर इस वर्ष फरवरी माह से डीजीपी अशोक जुनेजा के निर्देशन में आईजी बिलासपुर आनंद छाबड़ा व पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष सिंह के मार्गदर्शन में अवैध नशा के विरुद्ध अभियान निजात चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष सिंह के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर राजेंद्र जायसवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राहुल देव शर्मा के पर्यवेक्षण में बिलासपुर के सभी थाना प्रभारियों द्वारा उनके क्षेत्र में अवैध नशा के कार्य में संलिप्त लोगों के विरुद्ध ताबड़तोड़ तरीके से कार्यवाही व व्यापक जागरूकता कार्यक्रम किए गए है।



एसपी संतोष सिंह ने बताया कि कुल अपराधों में 21 प्रतिशत की बढ़ोतरी होकर 7015 अपराध दर्ज हुए है, जो की मुख्यत: एनडीपीएस और आबकारी में बढ़ी कार्यवाहियां की वजह से हैं। सड़क दुर्घटना की लगातार उत्तरोत्तर बढ़ती दर पर ब्रेक लगा है, पिछले साल जितनी ही सड़क दुर्घटना हुई है।

अभियान दौरान आबकारी के 2849 प्रकरणों में कुल 2955 व्यक्ति व एनडीपीएस के 119 प्रकरणों में कुल 151 आरोपी गिरफ्तार हुए है तथा 1.09 करोड़ कीमती नशीले पदार्थ जप्त हुए है। आबकारी में गिरफ्तार लोगों में बड़ी संख्या सार्वजनिक स्थलों पर शराब सेवन कर हुडदंग करने वाले लोग हैं और कुल 11797 लीटर अवैध शराब जप्त हुई। एनडीपीएस प्रकरणों में 749 किलो गांजा और अन्य नशीली वस्तुएं जप्त हुआ है। कार्यवाहियों से अपराधियों में दहशत हुई हैं। कोटपा में 608 लोगों पर कार्यवाही हुई। नशा में गाड़ी चलाने वाले 974 लोगों पर एमवी एक्ट के कार्यवाही करते हुए प्रत्येक प्रकरण को कोर्ट भेजा गया, जहां प्रत्येक ऐसे चालक पर दस-दस हजार रुपए का भारी-भरकम जुर्माना लगाया गया है। नशे के विरुद्ध जनजागरुकता के तहत लोगों के सहयोग से स्कूल कॉलेज और सार्वजनिक जगहों पर कुल 2022 कार्यक्रम किए गए और आदी सैकड़ों लोगों की लिस्टिंग कर उनकी विभिन्न संस्थाओं की मदद थाने में काउंसलिंग हुई, जिससे सैकड़ों लोग नशे से दूर हुए हैं।

# भारत दुनिया की महाशक्ति के रूप में विकसित हुआ- प्रो. चक्रवाल

## सीयू में जी-20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट लेक्चर सीरीज 2023 का आयोजन

**बिलासपुर**, 3 अगस्त (देशबन्धु)। गुरू घासीदास विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय) में जी-20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट प्रोग्राम के अंतर्गत यूनिवर्सिटी कनेक्ट लेक्चर सीरिज 2023 (एंगेजिंग यूथ माइंड्स) का आयोजन आज सुबह 11 बजे से रजत जयंती सभागार में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. कन्हैया अहूजा, विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर, अति विशिष्ट अतिथि प्रो. नीलांबरी दवे, पूर्व कुलपति सौराष्ट्र विश्वविद्यालय राजकोट गुजरात, विशिष्ट अतिथि अर्पित बर्मन, रिसर्च एंड इंफर्मेशन सिस्टम फॉर डेवेलपिंग कंट्रीस नई दिल्ली उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. कन्हैया अहूजा ने कहा कि जी-20 की स्थापना का मुख्य उद्देश्य विश्व के समावेशी विकास एवं आर्थिक स्थायित्व को बनाना रहा है। इन आयोजनों के माध्यम से भारत के पास विकसित राष्ट्रों की कतार में शामिल होने का अवसर होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए भारत वैश्विक संघर्षों से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। जी-20 के विभिन्न विषयों को युवाओं तक पहुंचानों में व्याख्यानमाला जैसे प्रयास सहायक साबित होंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था का पूरी दुनिया लोहा मान रही है। भारत पिछले कुछ वर्षों में समूचे विश्व में महाशक्ति के रूप में विकसित हुआ है। यही वजह है कि विश्व वैश्विक समस्याओं के समाधान के लिए भारत की तरफ सकारात्मक रूप से देख रहा है। भारत ने वैश्विक समस्याओं के समाधान के लिए नेतृत्व करने की मंशा तथा दृढ़ता दिखाई है। कुलपति प्रोफेसर चक्रवाल ने कहा कि 16 नवंबर, 2022 को बाली में आयोजित शिखर सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को जी-20 की अध्यक्षता सौंपी गई थी। भारत अपनी विविधता, समावेशी परंपराओं और सांस्कृति के माध्यम से विश्व को वसुधैव कुटुंबकम का सूत्र देता है। प्रोफेसर चक्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन के उपरांत विद्यार्थियों को अपनी मातृभाषा में शिक्षा का पथ प्रशस्त हुआ है। इस नीति के संपूर्ण रूप से क्रियान्वित होने पर वैश्विक पटल पर भारत को पुन: विश्व गुरु होने का गौरव हासिल होगा। उन्होंने सभी के सहयोग, समन्वय एवं समर्पण से गुरु घासीदास विश्वविद्यालय को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अकादमिक जगत में स्थापित करने का अपना संकल्प दोहराया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती तथा बाबा गुरु घासीदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। तरंग बैंड के छात्रों ने सरस्वती वंदना एवं कुलगीत की प्रस्तुति दी। अतिथियों का नन्हें पौधे भेंट कर स्वागत किया गया तथा स्वागत भाषण कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. प्रवीण मिश्रा ने दिया। विशिष्ट अतिथि अर्पित बर्मन, रिसर्च एंड इंफर्मेशन सिस्टम फॉर डेवेलपिंग कंट्रीस नई दिल्ली एवं कार्यक्रम की समन्वयक प्रो. मनीषा दुबे ने जी-20 लेक्चर सीरीज पर अपने विचार व्यक्त किये। अतिथियों का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर जी-20 हेतु बनाई गई लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। व्याख्यानमाला के अंत में मंचस्थ अतिथियों ने सभागार में उपस्थित विद्यार्थियों के सवालों के जवाब भी दिये। जी-20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट प्रोग्राम के अंतर्गत यूनिवर्सिटी कनेक्ट लेक्चर सीरिज 2023 (एंगेजिंग यूथ माइंड्स) के तहत आयोजित पोस्टर प्रस्तुति, स्लोगन लेखन एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को मंचस्थ अतिथियों ने पुरस्कृत किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव प्रो. मनीष श्रीवास्तव एवं संचालन डॉ. गरिमा तिवारी ने किया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यापीठों के अधिष्ठातागण, विभागाध्यक्षगण, अधिकारीगण, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।




### अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति के लिए बायोमेट्रिक वेरीफिकेशन 5 से

**बिलासपुर**, 3 अगस्त (देशबन्धु)। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार वर्ष 2023-24 में छात्रवृत्ति वितरण के पूर्व सभी हितधारकों का बायोमेट्रिक अथेंटिकेशन लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से किया जाएगा। इसके अनुसार संस्था प्रमुख एवं छात्रवृत्ति शाखा प्रभारियों का बायोमेट्रिक वेरीफिकेशन 1 अगस्त से 10 अगस्त तक एवं विद्यार्थियों का बायोमेट्रिक वेरीफिकेशन 5 अगस्त से 20 अगस्त तक किया जाना है। इसके बाद आवेदन का वेरीफिकेशन संस्था प्रमुख एवं छात्रवृत्ति शाखा प्रभारी द्वारा 5 अगस्त से 23 अगस्त तक एवं जिला नोडल अधिकारी द्वारा 10 अगस्त से 25 अगस्त किया जाएगा।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि जिले के सभी महाविद्यालय, हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के संस्था प्रमुख एवं छात्रवृत्ति शाखा प्रभारियों के बायोमेट्रिक वेरीफिकेशन के लिए बिल्हा विकासखंड की 4 अगस्त को अनुसूचित जाति सामूहिक बालक छात्रावास जरहाभाठा में, मस्तूरी विकासखंड की 5 अगस्त को शासकीय मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय सीपत में, कोटा विकासखंड की 7 अगस्त को डॉ. सी.व्ही.रमन विश्वविद्यालय कोटा में एवं तखतपुर विकासखंड की बैठक 8 अगस्त को शासकीय जे. एम.पी. महाविद्यालय तखतपुर में आहूत की गई है।

## सार-संक्षेप

### ट्रेलर चालक की लापरवाही महंगी पड़ी



**कोरबा,** 03 अगस्त (देशबन्धु)। टीपी नगर क्षेत्र में एक ट्रेलर चालक की लापरवाही के कारण कई लोगों की जान खतरे में पड़ गई। ट्रेलर चालक ने वाहन के डाला को उठाकर चलते वक्त बिजली के कई खंभों को ठोकर मारते हुए क्षतिग्रस्त कर दिया जिससे बिजली के तार जमीन पर आ गिरे। हादसे के दौरान मौके पर कई लोग काम कर रहे थे,जो बाल-बाल बच गए। आक्रोशित लोगों ने ट्रेलर चालक को रुकवाया और उसे जमकर खरी-खोटी सुनाई। इस घटना के बाद टीपी नगर क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था प्रभावित रही। सूचना के बाद विद्युत वितरण विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और व्यवस्था को दुरुस्त किया।

### महापौर, आयुक्त ने किया नवनिर्मित विद्यालय भवन का निरीक्षण



**कोरबा,** 03 अगस्त (देशबन्धु)। महापौर राजकिशोर प्रसाद ने गुरुवार को आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई तथा जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ शासकीय आदिमजाति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबा के नवनिर्मित भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने भवन के शेष बचे फिनिशिंग कार्य को तत्काल पूरा करने के निर्देश निगम के अधिकारियों को देने के साथ ही विद्यालय संचालन संबंधी अन्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश विद्यालय प्रबंधन को दिये। उल्लेखनीय है कि राजस्व मंत्री के विशेष प्रयास से कोरबा पुराने शहर स्थित शासकीय आदिम जाति उ.मा.विद्यालय को 7 करोड़ रूपये की लागत से सर्वसुविधायुक्त भवन की सौगात प्राप्त हुई है। राजस्व मंत्री के प्रयास से एसईसीएल के सीएसआरमद से उक्त भवन का निर्माण कराया गया है। इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, पार्षद रवि चंदेल, अपर आयुक्त खजांची कुम्हार, अधीक्षण अभियंता एम.के.वर्मा, जोन कमिश्नर विनोद शांडिल्य, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सहायक अभियंता पीयूष राजपूत व राहुल मिश्रा आदि उपस्थित थे।

### लूटपाट के चार आरोपी गिरफ्तार

कोरबा-दीपका, 03 अगस्त (देशबन्धु)। 10 दिन पूर्व दीपका-तिवरता मार्ग में घटित लूटपाट की वारदात को पुलिस ने सुलझा लिया है। 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लूट में प्रयुक्त चाकू, बाइक और लूटी गई रकम को बरामद कर लिया गया है। वारदात में एक नाबालिग भी शामिल था।

दर्री सीएसपी रॉबिन्सन गुड़िया ने इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि धीरज कुमार अग्रवाल 24 जुलाई को दीपका थाना क्षेत्र के ग्राम रंजना, सिरकी, तिवरता आदि क्षेत्रों से सामान के पैसे कलेक्शन कर लगभग 1 लाख 47 हजार रुपए अपने बैग में रखकर लौट रहा था। शाम करीब 5.30 बजे तिवरता से दीपका मार्ग में कोसाबाड़ी के पास उसे एक स्कूटी में सवार 3 लड़कों ने चाकू दिखाकर जबरन रूकवाया। 2 लड़कों के हाथ में चाकू था और डराते हुए वसूली की रकम, हिसाब की पर्ची, सैमसंग कंपनी का मोबाइल लूट कर भाग निकले। मामले में पुलिस ने धारा 392, 34 भादवि के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना प्रारंभ किया। एसपी यू उदयकिरण, एएसपी अभिषेक वर्मा के मार्गदर्शन में आरोपियों की तलाश शुरू की गई। मुखबिरों की सूचना पर संदेहियों राजपाल चौहान पिता पिताम्बर 20 वर्ष जमनीगुड़ा, लोकेश उर्फ सोनू दास पिता डूमर दास 31 वर्ष कुटेलामुड़ा, अनिल कुमार जांगड़े पिता शिवचरण 24 वर्ष तिवरता एवं मनसुखा देवार 20 वर्ष पाली बेरियर के पास के निवासी को दबिश देकर पकड़ा गया। पूछताछ में इन्होंने एक अन्य नाबालिग लड़के के साथ मिलकर वारदात करना स्वीकार किया। इनके कब्जे से लूटा गया बैग और उसमें मौजूद पूरी रकम, लूट में प्रयुक्त चाकू, ब्लेड, एक्टिवा, स्प्लेंडर मोटर साइकिल बरामद कर जप्त किया गया। इस पूरी कार्यवाही में दीपका टीआई तेज कुमार यादव, एएसआई जितेश चंद्र सिंह, परमेश्वर सिंह राठौर, धनंजय सिंह नेटी, आरक्षक रवि मानिकपुरी, जगजीवन कंवर, अभिजीत पाण्डेय, शेख शहबान, सायबर सेल से आरक्षक विरकेश्वर प्रताप सिंह, प्रशांत सिंह, रवि कुमार चौबे, डेमन ओगरे की मुख्य भूमिका रही।

### टीआई सोनवानी को जिला विशेष शाखा का प्रभार

कोरबा, 03 अगस्त (देशबन्धु)। कोरबा जिला पुलिस इकाई में पदस्थ पुलिस अधिकारियों को प्रशासनिक दृष्टिकोण से जिला पुलिस अधीक्षक यू उदयकिरण ने नई पदस्थापना पर स्थानांतरित किया है। इसमें बालको थाना के प्रभारी निरीक्षक सनत कुमार सोनवानी को जिला विशेष शाखा गैर जिला बल का प्रभारी नियुक्त किया गया है। उनके स्थान पर निरीक्षक मंजूषा पाण्डेय बालको की थाना प्रभारी होंगी। सिविल लाइन थाना रामपुर के थाना प्रभारी नितिन उपाध्याय को हरदीबाजार भेजा गया है। निरीक्षक मृत्युंजय पाण्डेय सिविल लाइन थाना के नए प्रभारी होंगे। एसआई नवीन पटेल को पुलिस सहायता केन्द्र सीएसईबी का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है। बता दें कि हरदीबाजार थाना के प्रभारी एसआई मयंक मिश्रा व सीएसईबी सहायता केन्द्र के प्रभारी एसआई शिवकुमार धारी का तबादला दूसरे जिले में हुआ है।

### कटघोरा एसडीएम ने ली राजनीतिक दलों की बैठक

कोरबा, 03 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार के निर्देशानुसार आगामी विधान सभा निर्वाचन 2023 एवं मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय कटघोरा के सभाकक्ष में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों/सदस्यों की आवश्यक बैठक आहूत की गई। अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी शिव बनर्जी द्वारा बताया गया कि निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 02 अगस्त को विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-22 कटघोरा के समस्त मतदान केन्द्रों में किया गया है। साथ ही निर्वाचक नामावली की एक प्रति सभी राजनीतिक दलों को जिला निर्वाचन कार्यालय कोरबा द्वारा प्रदाय किया गया है।

# बारिश के बीच ननि आयुक्त ने लिया शहर का जायजा

### स्वच्छता व साफ-सफाई, जलभराव आदि व्यवस्थाओं पर फोकस

**कोरबा,** 03 अगस्त (देशबन्धु)। नगर निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने गुरुवार को बारिश के बीच में ही अधिकारियों के साथ शहर का मैराथन दौरा करते हुए व्यवस्थाओं का सघन रूप से जायजा लिया।

भ्रमण के दौरान आयुक्त ने मिनीमाता कालेज के पीछे स्थित निगम के एस.एल.आर.एम.सेंटर का औचक निरीक्षण कर सेंटर की व्यवस्थाओं को देखा। सेंटर में कार्यरत स्वच्छता दीदियों से उनके कार्यो के संबंध में चर्चा की। कार्य के दौरान किसी प्रकार की कोई समस्या तो उपस्थित नहीं होती, उसकी जानकारी लेते हुए सेंटर की व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने कचरे के पृथकीकरण एवं अपशिष्ट के प्रबंधन पर अधिकारियों को आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया। आयुक्त ने शहर के विभिन्न स्थलों पर साफ-सफाई कार्यो का निरीक्षण कर साफ-सफाई कार्यो में कसावट लाने व शहर की स्वच्छता पर विशेष फोकस रखकर कार्य करने मार्गदर्शन किया। स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 तथा ओ.डी.एफ.



आदि के संबंध में आवश्यक तैयारियाँ तत्काल पूरी करें। भ्रमण के दौरान अपर आयुक्त खजांची कुम्हार, अधीक्षण अभियंता एमकेवर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा आदि उपस्थित थे।

### अपना घर की व्यवस्थाओं को भी देखी

आयुक्त ने मिनीमाता कालेज के पीछे स्थित अपना घर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए वहॉं पर रह रहे लोगों से चर्चा की। भोजन व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, मेडिकल सुविधा सहित अन्य व्यवस्थाओं पर अपना घर के संचालक छत्तीसगढ़ वेलफेयर सोसायटी के पदाधिकारियों व सदस्यों से चर्चा कर बेहतर रूप से संचालित करने मार्गदर्शन दिया।

### रैनबसेरा का अवलोकन

आयुक्त ने टीपी नगर नया बस स्टैण्ड तथा बस स्टैण्ड परिसर में स्थित रैनबसेरा का निरीक्षण किया। वहॉं पर स्थित पिंक टायलेट व सुलभ शौचालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बस स्टैण्ड के अंदर स्थित दुकानों में सीपेज होने की शिकायत पर आवश्यक कार्यवाही करने, बस स्टैण्ड तथा रैनबसेरे की व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने हेतु भी अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होने पिंक टायलेट व सुलभ शौचालय की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने तथा बेहतर रूप से संचालित करने के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।

# लगातार बारिश से बढ़ने लगा बाढ़ का खतरा, निचले इलाके जलमग्न

### कलेक्टर व आयुक्त ने दिए निर्देश, अलर्ट रहने की अपील

**कोरबा,** 03 अगस्त (देशबन्धु)। मानसूनी बारिश के रफ्तार पकड़ लेने के कारण पिछले 24 घंटे से ऊर्जाधानी में थम-थम कर बारिश का सिलसिला जारी है। कभी तेज तो कभी मध्यम तो कभी रिमझिम बारिश के कारण जहां सामान्य जनजीवन प्रभावित हो रहा है वहीं नदी, नालों में भी जलस्तर तेजी से बढ़ा है। दर्री बरॉज का एक गेट खोल देने के कारण हसदेव नदी में जल स्तर बढ़ने लगा है। हसदेव नदी के किनारे और तटीय क्षेत्रों में अतिक्रमण कर मकान बना लेने वालों को अब मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। इनके घर डूबने की सूचनाएं भी मिलने लगी है। जिला प्रशासन ने लोगों को सतर्क रहने कहा है।



सीतामणी में होटल आश्रय के पीछे से होकर बहने वाली हसदेव नदी का दायरा बढ़ा है जिसके कारण तटीय इलाकों में निर्मित घरों में पानी घुस गया। नदी का पानी घुसते ही यहां निवासरत परिवारों में अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई और सामानों को निकालकर सुरक्षित ठिकाने की तलाश में लगे रहे। हालांकि अभी नदी का जलस्तर ज्यादा नहीं बढ़ा है लेकिन बारिश लगातार होती रही और बांगो तथा हसदेव बरॉज के गेट खोलने पड़े तो देर-सबेर तटीय इलाकों में बाढ़ के हालात निर्मित होंगे व निचले इलाके जलमग्न हो जाएंगे। विगत वर्षों में भी ऐसी स्थितियां निर्मित हो चुकी है लेकिन इसके बाद भी अनेक लोग समझने को तैयार नहीं है और नदी के क्षेत्र में जाकर अतिक्रमण करने से बाज नहीं आ रहे है।

### 9 फीट ऊंचा गेट खोला

बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जल संसाधन विभाग द्वारा गुरुवार की दोपहर 12 बजे हसदेव बराज (दर्री डैम) के एक गेट को 9 फीट ऊंचा खोला जाकर पानी छोड़ा जा रहा है। बराज का गेट खुलने की वजह से हसदेव नदी के निचले इलाके में पानी का जलस्तर और बढ़ गया है।

### कलेक्टर व आयुक्त ने दिए निर्देश

कलेक्टर सौरभ कुमार ने जिले में हो रही अधिक वर्षा को देखते हुए एसडीएम एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि वे आपात स्थिति के लिए एलर्ट रहे। उन्होंने संभावित बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करने तथा किसी भी प्रकार की आशंका होने पर मुनादी कराने व लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के साथ आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसी तरह निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने निगम अमले को भी व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त रखने के लिए कहा है ताकि बाढ़ की स्थिति से निपटा जा सके और समय पर राहत कार्य किया जा सके।

### आयुक्त ने एमके वर्मा को दिए अपने 2 अधिकार



**कोरबा,** 03 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम की नवपदस्थ आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने प्रशासनिक व्यवस्था अंतर्गत कार्यों में सुगमता के दृष्टिकोण से अधीक्षण अभियंता एमके वर्मा को अपने अधिकार देते हुए प्रतिनिधि नियुक्त किया है। आयुक्त ने नगर पालिक निगम के निविदा समिति से संबंधित अपने अधिकार एमके वर्मा को आगामी आदेश पर्यन्त प्रत्यायोजित (डेलीगेट) किया है। इसी तरह सूचना का अधिकार से संबंधित अपने अधिकार भी आयुक्त ने एमके वर्मा को दिए हैं। छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 69 (4) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त आशय का आदेश आयुक्त ने जारी कर महापौर, सभापति सहित निगम के संबंधित अधिकारियों व जोन प्रभारियों को इससे सूचित किया है।

### एनटीपीसी अधिग्रहित भूमि पर काबिज होंगे भू-विस्थापित

कोरबा, 03 अगस्त (देशबन्धु)। एनटीपीसी कोरबा के खिलाफ आंदोलनरत भू-विस्थापितों ने कहा है कि उनकी मांगों पर कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। इसलिए अब वे प्रबंधन द्वारा अधिग्रहित एवं अपनी शेष भूमि पर काबिज होंगे।




भू-विस्थापितों ने बताया कि उनके द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल 22 अप्रैल 2023 से 93 दिनों तक किये गये व 24 जुलाई को एनटीपीसी गेट पर नौकरी,बचे जमीन की क्षतिपूर्ति मुआवजा को लेकर सांकेतिक धरना प्रदर्शन पर आश्वासन दिये जाने के बाद भी किसी प्रकार से नौकरी व मुआवजा,नौकरी की नियुक्ति पत्र नहीं प्रदान किये जाने पर 5 अगस्त से एनटीपीसी के द्वारा अधिग्रहित एवं बचे शेष भूमि को पुन: अपने तथा अपने परिवार के जीवकोपार्जन एवं भरण-पोषण हेतु काबिज करेंगे व आंदोलन करेगें व हमारी मांग पूरी नहीं होती है तो आंदोलन जारी रखेंगे।

## प्रधान पाठक पदोन्नति की एरियर्स राशि मांगी

### शिक्षा विभाग में व्याप्त समस्याओं पर कराया ध्यानाकर्षण

**कोरबा,** 03 अगस्त (देशबन्धु)। जिला शिक्षा विभाग में व्याप्त समस्याओं का समाधान के लिए जिला शिक्षा अधिकारी सहित अधिकारियों का ध्यानाकर्षण कराया गया है। इसके लिए एंटी करप्शन कर्मचारी टीम के द्वारा ज्ञापन विभाग को सौंपा गया है।

एंटी करप्शन कर्मचारी टीम के द्वारा बताया गया कि प्रधान पाठक प्रमोशन 2022 की एरियर्स राशि 14 अक्टूबर 2022 से अब तक अप्राप्त है जिसके संबंध में तत्काल आदेश जारी कर एरियर्स राशि भुगतान किया जाए। इसी तरह प्रमोशन घोटाला में निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्यवाही करने की मांग की गई है। प्राथमिक शाला दीपका के



प्रधान पाठक अजय कुमार पटेल के विरूद्ध दुर्भावनापूर्वक एक पक्षीय कार्यवाही कर रोकी गई वेतनवृद्धि को बहाल करने हेतु कटघोरा बीईओ को आदेश देने तथा जिले के समस्त शिक्षकों को उनकी लिखित सहमति मिलने तक गैर शैक्षणिक कार्यों से पूर्णत: दूर रखने, हॉस्टल अधीक्षिका प्राथमिक शाला घरीपखना श्रीमती पुष्पलता मनहर विकासखंड पोड़ी-उपरोड़ा को प्राथमिक शाला घरीपखना में अध्यापन कार्य के लिए आदेश देने, प्रधान पाठक प्रमोशन 2022 में शिक्षकों से लिए गए समस्त रिश्वत की राशि शिविर लगाकर वापस देने की मांग की गई है। प्रधान पाठक आसमॉ फ्रांसिस, हेमेन्त गभेल, देवेन्द्र गभेल, रामरतन प्रजापति, संदीप कुमार अग्रवाल, अनिता लकडा, मिशल मिंज, पुष्पा कमल द्वारा हस्ताक्षरित आवेदन में 3 दिवस के भीतर समाधान की मांग की गई है। समाधान नहीं होने पर उपरोक्त समस्याओं को शिक्षा मंत्री रविन्द्र चौबे के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

## कंजेंक्टिवाइटिस से बचाव के लिए दिन में शयन न करें : डॉ.नागेन्द्र

**कोरबा,** 03 अगस्त (देशबन्धु)। कंजंक्टिवाइटिस के प्रकोप से इस वक्त सभी परेशान हैं। इस विषय में आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ वैद्य डॉ. नागेन्द्र नारायण शर्मा ने बताया कि इससे घबराने की या डरने की जरूरत नहीं है, क्योंकि इस रोग के लक्षणों का, इससे बचाव एवं उपाय का विस्तार से वर्णन आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में वर्णित है।

कंजंक्टिवाइटिस को आयुर्वेद मे कफाभिष्यंद के रूप में बताया गया है जिसमें आंखों में संक्रमण होकर आंखों में लालिमा तथा सूजन आती है। आंख में कंजंक्टिवा एक पारदर्शी झिल्ली होती है जो पलकों और आंख के सफेद हिस्से को ढंकने का कार्य करती है। जब कंजंक्टिवा की



छोटी रक्त वाहिकाओं में सूजन आ जाती है, तो उनका रंग बदलकर लाल अथवा गुलाबी हो जाता है। चूंकि आंख का रंग बदलकर गुलाबी हो जाता है, इस कारण से इस स्थिति को पिंक आई भी कहा जाता है। कुछ सामान्य उपायों जैसे पौष्टिक हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन, अनार, गाजर, अंगूर, हल्का सुपाच्य भोजन कर, आंखों में गुलाब जल डालकर तथा स्वच्छता के नियमों को अपनाकर इस रोग से ग्रसित होने से बचा जा सकता है। साथ ही इस रोग से ग्रसित व्यक्ति को कॉन्टैक्ट लेंस, चश्मा आदि व्यक्तिगत नेत्र देखभाल के उपकरण, तौलिया, चादर आदि वस्तुओं को दूसरे से साझा नहीं करना चाहिये। इसके अलावा अपने नजदीकी आयुर्वेद चिकित्सक की सलाह से सप्तामृत लौह, आईग्रीट, नयनमित्र, आमला रसायन, त्रिफला गुग्गुलु, आई ड्रॉप- दृष्टि, सौम्या, सुनयना, आप्थाकेअर, त्रिफला आईवास, स्फटिक आईवास, आदि आयुर्वेदिक औषधियों का प्रयोग कर इस कंजंक्टिवाइटिस के प्रकोप से बचा जा सकता है।

# एनटीपीसी ने यूनिट-1 के वाणिज्यिक प्रचालन में हासिल की बड़ी उपलब्धि

**कोरबा-जमनीपाली,** 03 अगस्त (देशबन्धु)। एनटीपीसी कोरबा की यूनिट-1 ने अपनी वाणिज्यिक प्रचालन घोषणा तिथि 1.08.1983 से 1 अगस्त 2023 को 40 वर्ष पूरे किए। उचित मैंटेनेंस और सुरक्षा आवश्यकताओं के साथ कोरबा अगले 20 वर्षों तक चमकता रहेगा, ऐसी उम्मीद एनटीपीसी लिमिटेड के सीएमडी गुरदीप सिंह ने व्यक्त करते हुए उन कर्मचारियों को विशेष धन्यवाद दिया जो शुरुआत से 40 साल की यात्रा का हिस्सा रहे।

इस अवसर पर सी शिवकुमार, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक पश्चिमी क्षेत्र-2 और यूएसएससी का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि ऐसे मील के पत्थर केवल तभी हासिल किए जा सकते हैं जब सभी कर्मचारी, उनके परिवार, सेवा विभाग, हर कोई अपनी कड़ी मेहनत और ऊर्जा का योगदान देता है। सी शिवकुमार के साथ बी रामचन्द्र राव (परियोजना प्रमुख, कोरबा), मधु एस (महाप्रबन्धक प्रचालन



एंड मेंटेनेंस)), अनूप कुमार मिश्रा (महाप्रबन्धक (प्रोजेक्ट कंस्ट्रक्शन)), एसपी सिंह (महाप्रबन्धक फ्यूल मैनेजमेंट), सोमनाथ भट्टाचार्य (महाप्रबन्धक मेंटेनेंस)), मनीष वसंत साठे (महाप्रबन्धक ऐश डाईक प्रबंधन), प्रभात राम ( अपर महाप्रबन्धक मानव संसाधन), लोकेश महिंद्रा (महाप्रबन्धक चिकित्सा) और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने टाउनशिप के अंदर कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के साथ पदयात्रा कर बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया।

इसके बाद नए गेस्ट हाउस-शबरी भवन का उद्घाटन एनटीपीसी लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह ने दिलीप कुमार पटेल, निदेशक (मानव संसाधन), रमेश बाबू वी., निदेशक (परियोजनाएं), उज्जवल कांति भट्टाचार्य, निदेशक (प्रचालन), जयकुमार श्रीनिवासन, निदेशक (वित्त) और शिवम श्रीवास्तव, निदेशक (फ्यूल) की उपस्थिति में किया गया। सी शिवकुमार, बी. रामचन्द्र राव की उपस्थिति में डिजिटल रूप से लाइव उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर रक्तदान शिविर, पूजा और केक कटिंग समारोह, 40 साल के लोगो का अनावरण, दिल्ली पब्लिक स्कूल व एनटीपीसी कोरबा के छात्रों के बीच फुटबॉल मैच आयोजित किया गया। सी. शिवकुमार और बी रामचन्द्र राव ने फुटबॉल को किक मारकर मैच की शुरुआत की। सीआईएसएफ, सुरक्षा विंग और सीआईएसएफ, फायर विंग के बीच रस्साकशी का आयोजन हुआ जिसमें सिक्योरिटी विंग विजेता बनी। 40 साल के मील के पत्थर को चिह्नित करते हुए स्टेज-1 चिमनी पर शाम के समय एक लेजर लाइटिंग शो का भी आयोजन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ पूरे आयोजन का समापन हुआ। वर्ष 1983 से अब तक प्लांट की सेवा करने और प्रारंभ से ही सेवा देने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

## सार-संक्षेप

### रिमझिम बारिश के बीच कलेक्टर साइकिल रैली में हुए शामिल



**मनेन्द्रगढ़,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में सुबह से ही लगातार हो रही रिमझिम बारिश के बीच कलेक्टर नरेंद्र कुमार दुग्गा, एसडीएम श्रीमती अभिलाषा पैकरा, जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी और स्कूली बच्चों के साथ साइकिल रैली-वॉकथान में शामिल हुए। जिले में साइकिल रैली-वॉकथॉन का आयोजन भगत सिंह तिराहा मनेंद्रगढ़ से शुरू होते हुए सांस्कृतिक भवन मनेंद्रगढ़ तक आयोजित किया गया। इसके साथ ही रैली समापन के बाद सांस्कृतिक भवन में परिवार न्यायालय के न्यायाधीश मंसूर अली, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश विवेक तिवारी, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र दुग्गा की उपस्थिति में जिला स्तरीय स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाने के लिए लोगों को जागरूक करते हुए मतदान दिवस को भयमुक्त और बिना किसी प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए संकल्प भी दिलाया गया। बारिश होने के बाद भी आज साइकिल रैली-वॉकथान और जिला स्तरीय स्वीप कार्यक्रम में युवाओं, बच्चों, अधिकारियों कर्मचारियों और जिलेवासियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

### स्वामी आत्मानंद स्कूलों में संविदा नियुक्ति के लिए वॉक इन 8 को

**मनेंद्रगढ़ ,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय नवा रायपुर के आदेशानुसार मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी-हिन्दी माध्यम विद्यालय चिरमिरी, मनेन्द्रगढ़, भरतपुर, नवापारा पोड़ी केल्हारी, पोड़ी बचरा एवं खडगवां में रिक्त शिक्षकीय संवर्ग के पदों पर अस्थायी रूप से कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति तथा संविदा नियुक्ति किया जाना है। नियुक्ति हेतु मनेन्द्रगढ़ - चिरमिरी - भरतपुर जिले में संचालित सभी 07 स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी / हिन्दी माध्यम विद्यालयों के लिए विभिन्न पदों पर अस्थायी रूप से प्रतिनियुक्ति / संविदा पदों पर नियुक्ति हेतु अर्हताधारी अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किया गया है। पात्र अभ्यर्थी निर्धारित प्रपत्र में आवेदन के साथ शैक्षणिक दस्तावेज संलग्न कर निर्धारित तिथि 8 अगस्त 2023 को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मनेन्द्रगढ़ जिला-मनेन्द्रगढ़ - चिरमिरी - भरतपुर छ.ग. में उपस्थित हो सकते हैं। 8 अगस्त को प्रात: 8 से 10 बजे तक आवेदन का पंजीयन किया जाएगा। इसी तरह 10 बजे से 1 बजे तक दस्तावेज का सत्यापन, पात्र-अपात्र सूची का प्रकाशन 2 बजे, 2 बजे से 3 बजे तक दावा आपत्ति प्राप्त किया जायेगा, 5 बजे तक अंतिम वरीयता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इसके पश्चात 12 अगस्त और 13 अगस्त 2023 को डेमो क्लास और साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। विज्ञापित पदों की जानकारी व आवेदन पत्र का प्रारूप एम. सी. बी. जिले के वेबसाईट एवं कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी एम. सी. बी तथा संचालित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी/अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी, भरतपुर, नवापारा पोड़ी, केल्हारी, खड़गवां एवं पोड़ी बचरा जिला - एम. सी.बी. (छ.ग.) के सूचना पटल पर देखा जा सकता है।

### किशोर न्याय अधिनियम के तहत छत्तीसगढ़ बाल कोष गठित

**अम्बिकापुर** 3 अगस्त (देशबन्धु)। किशोर न्याय निधि के प्रावधान अनुसार राज्य में बच्चों के सर्वोत्तम हित में छत्तीसगढ़ बाल कोष का गठन किया गया है। छत्तीसगढ़ बाल कोष में बालकों के कल्याण और पुनर्वास के लिए दान, अनुदान, अंशदान के माध्यम से सहयोग राशि दी जा सकती है। इस राशि का उपयोग किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 के प्रावधानों के तहत आने वाले बच्चों की शिक्षा-दीक्षा, पुनर्वास जैसे उनके सर्वोत्तम हित में खर्च किया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ बाल कोष के क्रियान्वयन के संबंध में सभी कलेक्टरों और जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समितियों को अधिसूचना दिनांक 23 मार्च 2022 के माध्यम से विस्तृत दिशा निर्देश जारी किये गये हैं।राज्य सरकार के महिला एवं बाल विकास द्वारा बच्चों के हित के लिए दान, अनुदान, अंशदान प्राप्त करने हेतु राज्य स्तर पर आईसीआईसी बैंक में खाता संख्या 251501000259, आईएफएसआई संख्या प्ब्ब्प्0002515 का संचालन किया जा रहा है। इस कोष में किसी व्यक्ति, समूह, संस्था (जिसमें स्वयंसेवी संस्था, संगठन, गैर-सरकारी संस्था, ट्रस्ट आदि, कॉर्पोरेट्स (निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) द्वारा स्वैच्छिक रूप से दान, अंशदान, अनुदान दिया जा सकता है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ बाल कोष में उद्योगपति, प्रबुद्ध व्यक्ति, सरकारी, गैर-सरकारी कर्मचारी और व्यापारी भी स्वैच्छिक दान, अंशदान, अनुदान कर सहयोग कर सकते हैं।

### चोरी की मोटर सायकल के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़** 03 अगस्त (देशबन्धु)। थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक शरद चंद्रा के नेतृत्व में घरघोड़ा पुलिस द्वारा चोरी की बाइक बेचने की फिराक में घूम रहे संदिग्ध युवक को ग्राम झांकादरहा में गिरफ्तार किया गया जिससे एक चोरी की मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स बरामद किया गया है।

वाहन चोरी को लेकर प्रार्थी रामयाद यादव निवासी वार्ड नं-14 घरघोडा, जिला रायगढ के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि 16 जुलाई को बगीचा के सामने मेन रोड में खड़ी मो.सा. एच एफ डिलक्स कीमती 50 हजार को कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया था, प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना घरघोड़ा में धारा 379 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना दौरान आज मुखबीर सूचना मिला कि ग्राम झांकादरहा का संदीप तिर्की मो.सा. बिक्री हेतु ग्राहक खोज रहा है, कि सूचना पर ग्राम झांकादरहा जाकर संदेही का पतासाजी किया जो गांव में घुमते मिले जिन्हे तलब कर बारीकी से पुछताछ की गई जो अपराध का घटित करना कबुल करते हुये मो.सा. एच एफ डिलक्स क्रमांक सीजी 14 एमएच 3562 कीमती 50 हजार को अपने घर से निकाल कर पेश किया जिसे जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी संदीप तिर्की के द्वारा अपराध का घटित करना पाये जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

# मेरी माटी मेरा देश अभियान के साथ होगा आजादी के अमृत महोत्सव का समापन



**अम्बिकापुर ,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। भारत सरकार के निर्देशानुसार देश की स्वतंत्रता के 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में विगत दो वर्षों के आयोजन का समापन कार्यक्रम च्मेरी माटी मेरा देश अभियान के रूप में मनाया जाना है। इस हेतु संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पत्र जारी कर कार्यक्रम के आयोजन के सम्बंध में दिशा-निर्देश दिए हैं, जिसमें बताया गया है कि यह कार्यक्रम उन वीरों का सम्मान करने के लिए है, जिन्होंने हमारे भविष्य के लिए अपना आज त्याग दिया। इन वीरों के सम्मान में प्रदेश की सभी पंचायतों से मिट्टी एकत्र कर कर्तव्य पथ दिल्ली में आजादी का अमृत महोत्सव स्मारक और एक अमृत वाटिका निर्मित कर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान को सम्मानित किया जाना है।

च्मेरी माटी मेरा देशज्ज अभियान कार्यक्रम के तहत पंचायत एवं नगर निगम क्षेत्रों में 9 से 15 अगस्त 2023, जनपद स्तर पर 12 से 20 अगस्त, स्थान की पहचान कर्तव्य पथ पर स्मारक निर्माण आदि 21 से 26 अगस्त, युवा दल का आगमन एवं अंतिम कार्यक्रम की तैयारी 27 से 28 अगस्त तथा कर्तव्य पथ पर अति महत्वपूर्ण अतिथियों के समक्ष अंतिम कार्यक्रम 29 से 30 अगस्त 2023 तक होंगे।

कार्यक्रम में दो भाग होंगे जिसमें पंचायत स्तरीय कार्यक्रम और पंचायत से जनपद पंचायत और दिल्ली तक मिट्टी यात्रा आयोजित होगी। सबसे पहले प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक शिलापलकम स्थापित कर 9 से 15 अगस्त 2023 के मध्य लोकार्पण किया जाएगा जिसमें प्रत्येक ग्राम पंचायतों के माध्यम से कार्यक्रम आयोजित कर ध्वजारोहण तथा राष्ट्रगान का गायन होगा। प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यक्रम में भाग लेने वाले मुट्ठी भर मिट्टी या मिट्टी का दीया हाथ में लेकर पंचप्राण की शपथ लेंगे। वसुधा वंदन कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के द्वारा 75 देशी और ज्यादा समय तक टिकाऊ पौधों का पौधारोपण किया जायेगा। यह पौधारोपण 75 साल के स्वतंत्रता के उपलक्ष्य में प्रत्येक ग्राम पंचायतों में किया जाएगा।मिट्टी यात्रा कार्यक्रम में प्रत्येक गाँव से मिट्टी जनपद पंचायत स्तर पर लाया जायेगा। उसके बाद जनपद पंचायत स्तर से मिट्टी को एकत्रित कर कलश में एकत्र कर दिल्ली भेजा जावेगा। अंतिम कार्यक्रम ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान का होगा, जिसमें राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में 27 से 30 अगस्त के बीच में मिट्टी कलश ले जाया जावेगा। नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर 30 अगस्त को अमृत वाटिका के साथ पौधारोपण द्वारा एके एएम स्मारिका को प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र को समर्पित किया जायेगा।

## विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रम की तैयारियों की खाद्य मंत्री ने की समीक्षा



- मुख्यमंत्री आदिवासी परब सम्मान निधि योजना' की दूसरी किश्त होगी जारी
- अनुसूचित क्षेत्र की 5633 पंचायतों को मिलेंगे 2.81 करोड़ रूपए

**अम्बिकापुर** 3 अगस्त (देशबन्धु)। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सरगुजा जिले में वृहद जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इस संबंध में खाद्य एवं संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत भगत द्वारा गुरुवार को सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक ली गई। जिला स्तर पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में वनाधिकार पत्र, हितग्राही मूलक कृषि सामग्री, चेक वितरण अन्य सामग्रियों सहित आवश्यक दस्तावेज हितग्राहियों को वितरित किए जाएंगे, इसके साथ ही अद्भुत लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। मंत्री श्री भगत ने सभी अधिकारियों को बेहतर व्यवस्था और गरिमामय आयोजन के निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर कुन्दन कुमार, एसपी सुनील शर्मा, डीएफओ पंकज कमल, नगर निगम आयुक्त अभिषेक कुमार, अपर कलेक्टर एएल ध्रुव, सीईओ जिला पंचायत नूतन कुमार कंवर सहित एसडीएम अम्बिकापुर एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 9 अगस्त को प्रदेश में विश्व आदिवासी दिवस का कार्यक्रम गरिमापूर्वक आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के अनुसूचित क्षेत्रों की 5 हजार 633 पंचायतों को 'मुख्यमंत्री आदिवासी परब सम्मान निधि योजना' के तहत द्वितीय किश्त 2 करोड़ 81 लाख 65 हजार रूपए की राशि उनके बैंक खातों में अंतरित करेंगे। प्रत्येक पंचायत को 5 हजार रूपए की मान से द्वितीय किश्त दी जाएगी। पंचायतों को 'मुख्यमंत्री आदिवासी परब सम्मान निधि योजना' योजना के तहत प्रतिवर्ष दी जाने वाली 10 हजार रूपए की आर्थिक सहायता का उद्देश्य आदिवासी तीज-त्यौहारों का गांव में गरिमामय आयोजन सुनिश्चित करना है।

## मिनी स्टेडियम में होगा 76वां स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह

**बैकुंठपुर** 3 अगस्त (देशबन्धु)। इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस को बड़े ही उल्लास और उत्साह के साथ मनाने के लिए कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जिले में स्वतंत्रता दिवस समारोह कार्यक्रम के गरिमामयी आयोजन हेतु विभागों अधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी हैं। विदित हो कि इस वर्ष 15 अगस्त को 76वां स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस समारोह का मुख्य आयोजन रामानुज हायर सेकेंडरी स्कूल ग्राउंड स्थित मिनी स्टेडियम बैकुंठपुर में किया जाएगा। कलेक्टर श्री लंगेह ने समारोह की तैयारी के संबंध में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये हैं।

जिले में स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण हेतु मुख्य अतिथि को सर्किट हाउस से समारोह स्थल तक लाने का उत्तरदायित्व अपर कलेक्टर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं तहसीलदार तथा डी. एस. पी. बैकुंठपुर की होगी। समारोह में जिला पुलिस विभाग, होमगार्ड तथा सी.आर.पी.एफ., छ.ग. सशस्त्र बल द्वारा पूर्ण गणवेश में मार्चपास्ट किया जावेगा, जिसका निरीक्षण मुख्य अतिथि द्वारा किया जावेगा। परेड का समन्वय रक्षित निरीक्षक कोरिया करेंगे।

इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन पर पुरस्कार हेतु शील्ड एवं पुरस्कार की पूर्ण जिम्मेदारी कार्यपालन अभियंता, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना इकाई कोरिया को दी गई है। मिष्ठान वितरण की व्यवस्था कि जिला खाद्य अधिकारी एवं खनिज अधिकारी तथा जिला परियोजना समन्वयक, सर्व शिक्षा अभियान कोरिया को दिया गया है। समारोह स्थल पर विशिष्ट अतिथियों के स्वल्पाहार की व्यवस्था वनमंडलाधिकारी बैकुंठपुर, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग करेंगे। समारोह स्थल पर पीने हेतु स्वच्छ जल की व्यवस्था एवं फ़ायर ब्रिगेड वाहन की व्यवस्था मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर तथा कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग करेंगे। बैठक व्यवस्था हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैकुंठपुर, तहसीलदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बैकुंठपुर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## पंचायत सचिव निलंबित

**अम्बिकापुर** 3 अगस्त (देशबन्धु)। जनपद पंचायत मैनपाट अंतर्गत ग्राम पंचायत असकरा के सचिव को शासकीय दायित्वों में गंभीर लापरवाही बरतने पर निलंबित किया गया है। सीईओ जिला पंचायत द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मैनपाट के द्वारा प्रेषित प्रतिवेदन अनुसार ग्राम पंचायत असकरा के सचिव राकेश गुप्ता के द्वारा शासन की महत्वकांक्षी योजना गोधन न्याय योजना अन्तर्गत कार्य में लापरवाही बरतने पर पूर्व में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया जिसका तामिली के पश्चात भी उक्त सचिव द्वारा कोई उत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया।

## आई.टी.आई. परीक्षा फार्म भरे जाएंगे 16 से 24 अगस्त तक

अम्बिकापुर 3 अगस्त (देशबन्धु)। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था अम्बिकापुर के प्राचार्य ने बताया है कि शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में माह अगस्त 2023 में आयोजित होने वाले राज्य व्यावसायिक परीक्षा का फॉर्म 07 अगस्त तक संस्था आई.टी.आई. में कार्यालयीन अवधि में उपस्थित होकर भरे जा सकते हैं। एससीव्हीटी अंतर्गत परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता रखने वाले परीक्षार्थी निर्धारित परीक्षा शुल्क सहित फार्म भर सकते हैं। परीक्षा की तिथि 16 अगस्त से 24 अगस्त निर्धारित है।

## 16 अगस्त तक करा सकते हैं फसल बीमा

**अम्बिकापुर** 3 अगस्त (देशबन्धु)। सरकार ने पीएम फसल बीमा योजना (च्डथ्ठल) के रजिस्ट्रेशन की अंतिम तारीख बढ़ा दी है. यह तारीख पहले 31 जुलाई थी.अब किसान 16 अगस्त तक बीमा हेतु अपना आवेदन कर सकते है। खेती के दौरान किसानों को हर साल मुश्किलों से दो-चार होना होता है। प्राकृतिक आपदाओं के चलते किसानों की फसलें कई बार पूरी तरह बर्बाद हो जाती है। ऐसी स्थिति में किसानों को आर्थिक संबल देने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की शुरुआत की गई थी।

## विश्व हिन्दू परिषद-बजरंग दल ने जेहादियों का फूंका पुतला

**रायगढ़** 03 अगस्त (देशबन्धु)। हरियाणा के मेवात क्षेत्र के नूह में सोमवार को विश्व हिन्दू परिषद द्वारा निकाली गई शोभा यात्रा पर हुए हमलों के विरोध में आज विश्व हिन्दू परिषद-बजरंग दल द्वारा गांधी पुतला चैक में विरोध प्रदर्शन किया गया। विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल ने बताया कि हर वर्ष श्रावण मास में किसी एक सोमवार को मेवात के अंदर भगवान शंकर का आशीर्वाद लेने के लिए महाभारत कालीन पांच मंदिरों में श्रद्धालु जाते हैं और हर वर्ष ये शोभा यात्रा बड़ी धूमधाम से निकाली जाती रही है। परंतु इस वर्ष धर्म के नाम पर बरगलाये गए उपद्रवियों ने किसी बड़ी साजिश के तहत छोटे बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों, पुलिस और बेकसूर आम जनता पर गोलियां और पत्थर बरसाये तथा आगजनी की, पेट्रोल बम भी फेंके गए।

## कोविड 19 मृतकों के वारीसों को सहायता

**अम्बिकापुर** 3 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर कुंदन कुमार ने कोविड-19 से मृतकों के निकटतम वारिस के लिए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया है। जिसमें तहसील अम्बिकापुर के ग्राम नमनाकला के फूलचन्द सोनकर के वारिस कौशिल्या सोनकर, ग्राम वसुन्धरा विहार के जयन्त कुमार गुप्ता के वारिस अल्पना गुप्ता, ग्राम बौरीपारा के रामकुमार चौधरी के वारिस हीरामणी चौधरी तथा गांधीनगर के सुमित्रा रजक के वारिस रामचन्द्र को 50-50 हजार रूपये की स्वीकृति दी है।

## वीरू खान कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष नियुक्त



**चिरमिरी** 3 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग द्वारा प्रदेश एवं जिला अध्यक्षों की सूची घोषित कर दी गई है। नवगठित जिला मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर के जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी चिरमिरी के युवा नेता इसरार मोहम्मद (बीरू) को सौंपी गई है। इससे पहले बीरू खान भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) एवं युवा कांग्रेस में रह कर, पार्टी की मजबूती और युवाओं के बीच काम करते रहे हैं। इसरार मोहम्मद, अपने राजनैतिक एवं सामाजिक गतिविधियों में रहने के साथ - साथ क्रिकेट, कबड्डी आदि खेलकूद प्रतियोगिताओं में भी दिलचस्पी रखते हैं। इनकी नियुक्ति से युवाओं में हर्ष व्याप्त है।

इसरार ने प्रदेश अध्यक्ष अमीन मेमन, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महन्त एवं प्रदेश तथा जिले के वरिष्ठ नेताओं का आभार जताते हुए, उनके उम्मीदों पर खरा उतर कर, संग ठन और पार्टी की मजबूती के लिए काम करने की बात कही है।

## नेत्र रोगियों के लिए शिविर लगाकर निशुल्क परीक्षण व चश्मा वितरण




**चिरिमिरी,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के मनेन्द्रगढ विधायक विनय जयसवाल की पहल पर निशुल्क नेत्र जांच परीक्षण शिविर और चश्मा वितरण का कार्यक्रम चिरिमिरी नगर पालिक निगम के एन सी पी एच क्लब में आयोजित किया है। इसका लाभ क्षेत्र की जनता उठा रही है। सैकड़ों की संख्या में लोग अपनी आंख की जांच कराने शिविर में पहुंचे। इस निशुल्क नेत्र जांच एवम नेत्र परिक्षण व चश्मा वितरण शिविर मे लगभग साढ़े चार सौ मरिजो ने अपने नेत्र परीक्षण हेतु पंजीयन कराया। उक्त नेत्र परीक्षण शिविर मे रायपुर से नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. धन्नु निर्मलकर, डाक्टर हीरा लाल सिंह डाक्टर भारत , डाक्टर अर्जुन सिंह .सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चिरमिरी के नेत्र सहायक विरेंन्द्र साव ने अपनी सेवाएं दी। खोंगापानी में नेत्र परीक्षण के दौरान लगभग नौ सौ लोगोंने नि:शुल्क शिविर का लाभ उठाया। बताया जा रहा है कि कल बड़ाबाजार में भी इस नेत्र शिविर का आयोजन किया जाएगा। पूरे विधानसभा क्षेत्र में शिविर क्रमश: लगेंगे।

आगे डॉ. विनय जायसवाल ने बताया कि मोतियाबिंद व अन्य नेत्र रोग से संबंधित गंभीर बीमारी का निशुल्क इलाज रायपुर के गणेश विनायक आई हास्पिटल में कराया जाएगा। उक्त शिविर को सफ़ल बनाने मे सुभाष कश्यप,ब्लाक अध्यक्ष,मो. सत्तार अली उपाध्यक्ष नगर पंचायत झगड़ाखाँड, विधायक प्रतिनिधि व पार्षद शिवान्स जैन, वरिष्ठ कांग्रेसी ओमप्रकाश प्रीतम,शेख रउफ़,राकेश पाराशर (पार्षद), मुकेश (लल्लु) पार्षद, उमाशंकर अलगमकर (एल्डर मेन), शहाबुद्दीन(एल्डरमेन), बल्देव दास(एल्डर मेन) चिरिमिरी सहित युवा कान्ग्रेस नेता अरूण विश्वकर्मा, राहुल मलिक ,चन्द्र भान बर्मन,विक्की,सुधीर अग्रवाल,परवेज,संजय सिदार,शेख ईमरान,अभिमन्यु ओझा की सहभागिता सराहनीय रही!

# निवेशकों ने कहा चिटफंड कम्पनी में डूबे पैसे मिलना सपने की तरह




**बैकुण्ठपुर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य सरकार की महत्वपूर्ण निर्णय की बदौलत कोरिया जिले के 94 लोगों की चेहरे में मुस्कान बिखरी है तो उनके परिवार में खुशियां भी लौटी है। चिटफंड 'ग्रीन इंडिया मल्टी स्टेट कंपनी' में 'मैं वर्ष 2012 में 18 हजार रूपए निवेश किया था कि ताकि वह पैसा मुझे दोगुना मिलेगा, लेकिन नमूल मिला न ब्याज। हमने उम्मीद छोड़ दी थी कि यह 18 हजार रूपए भी मिलेगा कि नहीं। मुझे उम्मीद नहीं थी कि मेरी गाढ़ी कमाई का पैसा मुझे वापस कभी मिल पाएगा, लेकिन यह मुख्यमंत्री

भूपेश बघेल और जिला प्रशासन कोरिया ने त्वरित निर्णय लेते हुए आज मेरे खाते में 18 हजार रूपए वापस मिल गए। कोरिया जिले के हितग्राही, चरचा निवासी, शरद कुमार की ही एससीईएल में कार्यरत चरचा कॉलरी निवासी 54 वर्षीय श्रीमती मनु बाई ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2012 में 54 हजार रूपए चिटफंड 'ग्रीन इंडिया मल्टी स्टेट कंपनी' में निवेश किया था। उन्हें उम्मीद थीं कि वह पैसा दोगुना नहीं बल्कि तीनगुना होकर जब उनके खाते में आएगी तो वह अपने बच्चों के पढ़ाई में और ज्यादा खर्च करेंगी। पति की मृत्यु पहले ही हो गई थी, परिवर चलाने की जिम्मेदारी उनके ऊपर थीं, लेकिन पैसा वापस होना महज सपना था। एक दशक हो जाने के बाद भी जब पैसा वापस नहीं मिला तो उम्मीद ही छोड़ दिया था और मन ही मन अपने आपको कोसते रहते थे, लेकिन छत्तीसगढ़ के मुखिया भूपेश बघेल के एक निर्णय ने हमें भरोसा जगाया, वहीं जिला कोरिया के कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के संवेदनशील पहल ने विश्वास जीता था कि एक दिन यह डूबत पैसा जरूर वापस आएगा और इस तरह सच हुआ कि मुझे पूरे 54 हजार रूपए मेरे खाते में आ गया है। इसी तरह की दर्द को बयां करते हुए 35 वर्षीय शेख हसन अली, नाडू, महेन्द्र, निरंजन, कालिया ने कहा कि उन्होंने वर्ष 2011-12 में चिटफंड कंपनी में अपनी मेहनत की पैसे निवेश किया था, उन्हें वापस मिलेगा यह तनिक भरोसा नहीं था। लेकिन एक स्वर में आज इन लोगों ने कहा कि ''भूपेश है तो भरोसा है'' और इस नारा को चरितार्थ हम जैसे लोगों के पैसे वापस किया। आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री निवास कार्यालय से चिटफंड निवेशक न्याय कार्यक्रम के तहत छत्तीसगढ़ के निवेशकों के हितो के संरक्षण अधिनियम 2005 के तहत राशि अंतरण कार्यक्रम वीडियो कॉन्फेरेंन्सिग में जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, पुलिस अधीक्षक त्रिलोक कुमार बंसल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशुतोष चतुर्वेदी जुड़े हुए थे। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हितग्राहियों से चर्चा करते हुए कहा कि इस तरह खून पसीने की निवेश किया जाता है, कोई सेवानिवृत्त होने के पश्चात् मिली राशि को निवेश करते है, कोई धान बेचकर पैसे डालते है, ताकि विवाह, मकान निर्माण उच्च शिक्षा जैसे कार्यो के लिए यह निवेश राशि काम आए, लेकिन इन चिटफंड कंपनियों ने उन्हे धोखा दिया है। ऐसे जो भी चिटफंड कंपनी है, उस पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है तथा विधि सम्मत निवेशकों की राशि भी लौटाई जा रही है। कलेक्टर श्री लंगेह ने वीडियो कॉन्फेरेंन्सिग के माध्यम से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को जानकारी देते हुए बताया कि जिले में ग्रीन इंडिया स्टेट कंपनी में 94 लोगों ने निवेश किया था, जिसमें से आज 17 लाख 18 हजार 860 रूपए की राशि अंतरण की गई है। वीडियो कॉन्फेरेंन्सिग में डिप्टी कलेक्टर रमेश कुमार साहू, अग्रणी बैंक मैनेजर प्रकाश कुमार एवं लाभार्थी शिवराम, बलराम, मनोज कुमार, आनंदी, निरंजन भी उपस्थित थे।

# पत्नी और तीन पुत्रियों की फावड़ा मार कर दी हत्या,पति गिरफ्तार

## आरोपी मनोरोगी, चल रहा था इलाज



**जांजगीर**, 03 अगस्त (देशबन्धु)। ग्राम देवरी में एक ग्रामीण ने अपनी पत्नी और तीन पुत्री की फावड़ा मारकर हत्या कर दी और फरार हो गया था। ग्रामीणों को 2 अगस्त को देर रात इसकी जानकारी मिली । पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि उसकी मानसिक हालत ठीक नहीं है।

पुलिस के अनुसार ग्राम देवरी चौकी पंतोरा थाना बलौदा निवासी देशराज कश्यप ने अपनी पत्नी मोंगरा बाई (40) और तीन बेटियां पूजा उर्फ कल्याणी (16) भाग्य लक्ष्मी उर्फ पीहू (10) याचना (6)की फावड़ा मारकर हत्या कर दी और फरार हो गया। यह घटना 31 जुलाई की है। आरोपी हत्या के बाद घर का दरवाजा बाहर से बन्द कर फरार हो गया था। दो अगस्त की रात ग्रामीणों को इसकी जानकारी हुई तो सरपंच द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। इस घटना से गांव में मातम पसरा हुआ है। मौके पर पुलिस और फारेंसिक टीम पहुंची है। ग्रामीणों ने बताया कि देशराज की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। उसका उपचार बिलासपुर में चल रहा है। 31 जुलाई को भी उसे उपचार के लिए बिलासपुर ले जाया गया था। वापसी के बाद रात में उसने वारदात को अंजाम दिया होगा। बहरहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और शव के पंचनामा पश्चात उसे पीएम के लिए भेजा गया है। बताया जा रहा है कि पिछले 10 सालों से आरोपी देशराज का मानसिक इलाज चल रहा है। 31 जुलाई को भी वो अपने साले के साथ डॉक्टर से इलाज कराने बिलासपुर गया हुआ था। एसपी के मुताबिक आरोपी को बलौदा बस स्टैंड से गिरफ्तार किया गया है। वहीं मौके पर जांच के लिए एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया है।

# सार-संक्षेप

## बारिश के बीच मंत्री उमेश पटेल पहुंचे खरसिया के आड़पथरा डैम





**खरसिया,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। पिछले 24 घंटे से भारी बारिश के कारण मांड नदी आड़पथरा डेम के गेट का वायर टूट जाने से कई गांव प्रभावित हैं। मंत्री एवं खरसिया विधायक उमेश पटेल आड़पथरा स्थित डैम का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। मंत्री श्री पटेल ने ग्रामवासियों से मुलाकात कर हो रही समस्याओं की जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को आड़पथरा में बाढ़ की स्थिति का जायजा लेते रहने को कहा। लगातार बारिश होने के कारण मांड नदी का जलस्तर बढ़ने लगा है। जिससे डैम के नीचे व ऊपरी तटीय इलाकों में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो रही है। आज सुबह से हो रही बारिश के कारण मांड नदी आड़पथरा डैम के ऊपरी तट में स्थित ग्राम नवरंगपुर, देहजरी, गुरदा, भालुनारा, रसियामुड़ा, नवागांव तथा नीचे तट में स्थित ग्राम जबलपुर, कुम्हारडीपा, भगोराडीह, दर्रामुड़ा, जामपाली और कुरूभांठा मांड नदी का पानी पहुंचने लगा है।

## बिना लाइसेंस के कीटनाशी व्यवसाय 75 हजार की कीटनाशी जब्त

**खरसिया,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। संचालक कृषि, कलेक्टर रायगढ़ एवं उपसंचालक कृषि रायगढ़ के निर्देश पर अमल करते हुऐ जिले के उर्वरक बीज एवं कीटनाशी निरीक्षकों द्वारा सतत विक्रय संस्थानों का निरीक्षण किया जा रहा है इसी प्रक्रिया में आज दिनांक 03.08.2023 को पुसौर के 2 तमनार के 1 एवं रायगढ़ विकासखंड के 2 संस्थानों का निरीक्षण किया गया जिसमे से तीन संस्थानों को अनियमितता के लिऐ कारण बताओ नोटिस जारी किया गया एवं रायगढ़ विकासखंड के ग्राम बेलारिया में बिना लाइसेंस के कीटनाशी व्यवसाय करने पर सदानंद साहू किराना व्यवसाई के लगभग 75 हजार रूपये के कीटनाशी जब्ती कर विक्रेता सदानंद साहू के सुरीक्षित अभिरक्षा में सुपुर्दगी में दी गई है। जब्ती की कार्यवाही में जिला उर्वरक निरीक्षक नृपराज डनसेना वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रायगढ़ अभिषेक पटेल, एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी वीरेंद्र मेहर सम्मिलित थे ।

## लैलून भारद्वाज ओपीसी बहाली मोर्चा के प्रदेश संयोजक नियुक्त



**सारंगढ,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। सारंगढ के छिंद निवासी लैलून भारद्वाज को राष्ट्रीय अध्यक्ष पीपी सिंह रावत राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा द्वारा छत्तीसगढ़ की कमान सौंपी गई है ज्ञात हो कि पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर विगत कई सालों से निरंतर एनपीएस कर्मचारियों को विभिन्न राज्यों के समस्त कर्मचारी अधिकारियों को संगठित करके पूरे देश में पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर आंदोलन किया जा रहा है । छत्तीसगढ़ के भी विभिन्न विभागों के कर्मचारियों एवं शिक्षकों के विभिन्न संगठन इसमें शामिल हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.पी.सिंह रावत नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य में पुरानी पेंशन बहाली संभव हुआ किंतु देश के अधिकांश राज्य एवं केंद्र सरकार ने पुरानी पेंशन लागू नहीं किया है जिसे लागू कराने के लिए क्रमश सभी राज्यों में आंदोलन निरंतर किया जा रहा है। समूचे देश में पुरानी पेंशन बहाली के साथ 20 साल की सेवा के बाद पूर्ण पेंशन लागू करने की मांग को लेकर 10 अगस्त 2023 को दिल्ली स्थित रामलीला मैदान में विशाल धरना प्रदर्शन के साथ संसद मार्ग किया जाएगा।

## सड़कों पर मवेशी छोड़ा तो होगी कार्यवाही



**जांजगीर**, 03 अगस्त (देशबन्धु)। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. ज्योति पटेल ने गुरूवार को अकलतरा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत तिलई, रसेड़ा एवं अमरताल गौठान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गौठान में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मवेशियों को गौठान में ही पहुंचाए, इसके बाद भी अगर गौठान की बजाय सड़कों पर मवेशी नजर आते हैं तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिपं सीईओ ने गौठान का निरीक्षण करते हुए कहा कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरूवा, घुरूवा, बाड़ी है। इसके तहत ही जिले में गौठानों का निर्माण किया गया है, जिसका संचालन गौठान समिति के द्वारा किया जा रहा है। इस दौरान मवेशियों को निर्धारित समय पर लाने ले जाने के लिए चरवाहे की व्यवस्था की गई है। चरवाहे के साथ ही सभी ग्रामीणों, पशुपालकों की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे अपने मवेशियों को गौठान में ही पहुंचाए। उन्होंने सचिव, गौठान नोडल अधिकारी सहित गौठान समिति के सदस्यों से चर्चा करते हुए कहा कि गोधन न्याय योजना के माध्मय से गौठान में गोबर की खरीदी की जा रही है। उन्होंने तिलई, रसेड़ा, और अमरताल गौठान में नियमित रूप से गोबर की खरीदी किये जाने के निर्देश देते हुए स्व सहायता समूह के माध्यम से वर्मी कम्पोस्ट तैयार करने और उसे सोसायटी के माध्यम से खरीफ फसल के लिए किसानों को उपलब्ध कराने कहा। निरीक्षण के दौरान नवपदस्थ जनपद पंचायत सीईओ श्री हिमांशु गुप्ता सहित अधिकारी, कर्मचारी एवं समूह की महिलाओं सहित सरपंच, सचिव मौजूद रहे। तिलई गौठान में मवेशियों को पहुंचाने के लिए चार चरवाहों की व्यवस्था भी की गई है। राज्य शासन के निर्देशानुसार रोका-छेका के माध्यम से मवेशियों को गौठान में पहुंचाने का सतत रूप से कार्य किया जा रहा है। जिपं सीईओ ने गौठान में पशुओं की नियमित रूप से देखभाल, स्वास्थ्य परीक्षण, टीकारण करने के लिए विटनरी विभाग को निर्देश दिए।

# दिव्यांगों की सुविधानुसार बनाएं कार्ययोजना - कलेक्टर




■ **जिला दिव्यांगता अभिसरण योजना को लेकर तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन**

**जांजगीर**, 03 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला दिव्यांगता अभिसरण योजना को लेकर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला के समापन अवसर पर कहा कि जो भी योजनाएं तैयार की जाएं उनमें दिव्यांगों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए। इससे उन्हें किसी भी दफ्तर, कार्यालय या किसी भी क्षेत्र में जाने पर किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ेगा।

कलेक्टर ने कहा कि कार्यशाला के माध्यम से विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारियों ने बहुत कुछ सीखा है और जो यहां से सीखकर जाएंगे उसको अपने कार्यों में अमल में लाएंगे। उन्होंने कहा कि दिव्यांग जब भी किसी भी विभाग में पहुंचता है, तो उनकी सुविधाओं का ख्याल रखा जाए। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों की सुविधा के अनुसार ही कार्यालय में निर्माण कार्य किये जाएं। कार्यशाला के अंतिम दिवस शोधना कंसल्टेंसी पुणे के समीर घोष एवं उनकी टीम ने पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्मय से जानकारी दी साथ ही प्रतिभागियों से विभागीय कार्ययोजना को तैयार करवाया। उन्होंने इस दौरान कहा कि सभी विभागों की सहभागिता से दिव्यांगों के कल्याण की योजनाओं को तैयार किया जाना जरूरी है। तीन दिवस के दौरान विभिन्न विषयों पर विभागीय प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया। कार्यशाला के समापन अवसर पर आभार उपसंचालक समाज कल्याण विभाग टीपी भावे ने एवं मंच संचालन दीपक यादव द्वारा किया गया। तीन दिवसीय कार्यशाला में समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, शिक्षा विभाग, राजीव गांधी शिक्षा मिशन, महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी विभाग, लोक स्वास्थ्य विभाग, जल एवं स्वच्छता विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारियों ने प्रतिभागिता निभाई। इस दौरान जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ ज्योति पटेल उपस्थित रही।

# सड़क दुर्घटना में घायल दंपती व बच्चे को अस्पताल लेकर पहुंचीं कलेक्टर



## सीएमएचओ को दिए बेहतर इलाज के निर्देश

**जांजगीर**, 03 अगस्त (देशबन्धु)। सक्ती कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने सड़क दुर्घटना में घायल बच्चे को अपनी गोद में लेकर अस्पताल पहुंचने के साथ ही बच्चे के घायल माता पिता को भी अस्पताल पहुंचाया और उनके बेहतर उपचार के निर्देश दिए।

कलेक्टर स्वामी आत्मानंद विद्यालय सक्ती का निरीक्षण कर वापस लौट रही थी। एनएच 49 में ग्राम डोंगिया मनप्रीत ढाबा के सामने एक सड़क दुर्घटना हुई थी। जिसमें ग्राम लवसरा निवासी छबि साहू और उसकी पत्नी सुमनी साहू तथा उनका एक बेटा मयंक साहू उम्र 2 वर्ष सहित सड़क पर खून से लथपथ गंभीर हालत में घायल पड़े थे। दंपत्ति और उनके छोटे बेटे को देखकर कलेक्टर नेअपना वाहन रूकवाई और घायलों को उपचार के लिए अपनी कार से अस्पताल लेकर पहुंची। कलेक्टर ने बच्चे को खुद गोद में लेकर अस्पताल पहुंची और उन्होंने सीएमएचओ डा. सूरज सिंह राठौर को घायलों का इलाज बेहतर ढंग से करने का निर्देश दिया। डा. सूरज सिंह राठौर ने बताया कि सड़क दुर्घटना से घायल महिला के सिर और नाक से खून बह रहा था। जिसके कारण उसकी स्थिति बिगड़ रही थी। महिला के पति के मुंह से रक्त स्राव हो रहा था।

इन दोनो को समय में अस्पताल पहुंचा कर कलेक्टर ने उनकी जान बचाई। माता पिता और बच्चे तीनों खतरे से बाहर हैं और उनका उपचार जारी है।

## कुटुम्ब न्यायालय में रिक्त पदों के लिए लिखित परीक्षा 6 अगस्त को

**जांजगीर**, 03 अगस्त (देशबन्धु)। कुटुम्ब न्यायालय जांजगीर में स्टेनोग्राफर एवं सहायक ग्रेड-तीन के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु 6 अगस्त 2023 दिन रविवार को प्रात 10.30 बजे से तीन परीक्षा केन्द्रों क्रमशः शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज जांजगीर, स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल क्रमांक 01 जांजगीर एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, डाईट जांजगीर में लिखित परीक्षा का आयोजित की गई है। आवेदकों के नाम एवं रोल नम्बर सहित सूची जिला न्यायालय जांजगीर के अधिकृत वेबसाईट में अपलोड किया गया है। साथ ही परीक्षा केन्द्रों की जानकारी प्रवेश पत्र की पूर्ति के संबंध में निर्देश वेबसाईट में अपलोड किया गया है। अधिक जानकारी के लिये जिला न्यायालय के वेबसाईट का अवलोकन किया जा सकता है।

## 24 घंटे में भारी वर्षा की जतायी संभावना

**जांजगीर**, 03 अगस्त (देशबन्धु)। भारत मौसम विज्ञान विभाग केन्द्र रायपुर द्वारा अगले 24 घंटे के भीतर भारी वर्षा होने की संभावना जताई गई है। अपर कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को अपने-अपने अनुविभाग के बाढ़ से प्रभावित ग्रामों को सचेत रहने की मुनादी कराने एवं बाढ़ से प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों में पहुंचाने की एवं समुचित आवश्यक व्यवस्था उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# कलेक्टर ने किया जिला कोषालय का औचक निरीक्षण

**जांजगीर,** 03 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज जिला कोषालय जांजगीर-चांपा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कोषालय में रखें विभिन्न प्रकार के अदालती एवं गैर अदालती स्टांप तथा जमा किए गए बहुमूल्य वस्तुओं के पैकेटों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने स्टांप हेतु जमा किए जाने वाले चालान एवं चालान पंजी के संधारण व बडबल लॉक एवं सिंगल लॉक के पंजी संधारण के संबंध में जानकारी ली। जिला कोषालय के द्वारा भुगतान किए गए बिलों का भी अवलोकन किया गया तथा शेष बिल की भी



जानकारी ली। उन्होंने पेंशनरों को पेंशन भुगतान तथा राहत भुगतान के बारे में समीक्षा की। उन्होंने कार्यालय की साफ-सफाई एवं अन्य कार्यालयीन व्यवस्था संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला कोषालय अधिकारी पीआर महादेवा सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## जिला अस्पताल में मेगा हेल्थ चेकअप कैंप कल

**जांजगीर**, 03 अगस्त (देशबन्धु)। किम्स सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं भारतीय रेडक्रास सोसायटी के तत्वाधान में कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गनिर्देशन में 5 अगस्त शनिवार को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक जिला चिकित्सालय जांजगीर में मेगा हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया जाएगा। मेगा हेल्थ चेकअप कैम्प में जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, नेफ्रोलॉजी (गुर्दे), जनरल मेडिसिन, न्यूरो एवं स्पाईन सर्जरी, जोड़ एवं हड्डी रोग, कार्डियोलॉजी (हृदय रोग) विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा नि:शुल्क जांच की जायेगी।

## भागवत कथा श्रवण से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है : पाराशर

कोरबा-हरदीबाजार, 03 अगस्त (देशबन्धु)। कटघोरा विधायक व उपाध्यक्ष मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त पुरुषोत्तम कंवर के निवास हरदीबाजार में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है।

# कलेक्टर ने एफपीओ समिति की ली बैठक

■ **किसानों की आय बढ़ाने के लिए बागवानी फसलों सहित पारंपरिक धान की खेती के लिए उन्नत किस्मों के उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश**

**जांजगीर**, 03 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में एफपीओ के जिला स्तरीय समिति की बैठक ली। बैठक में उन्होंने शासन की योजनाओं की लेकर किसानों को शासन की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक मिले इसके लिए उन्होंने व्यापक प्रचार-प्रसार कर जानकारी देकर जागरूक करने निर्देशित किया जिससे किसान शासन की योजनाओं का लाभ ले सके। बैठक कलेक्टर ने जिले में स्थापित एफपीओ और सहायक एजेंसियों द्वारा की गई प्रगति की समीक्षा की।



कलेक्टर ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए बागवानी फसलों सहित पारंपरिक धान की खेती के लिए उन्नत किस्मों के उपयोग करने किसानों को समर्थन और प्रेरित करने के निर्देश दिए। फसल चक्र एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने, बीजों सहित गुणवत्तापूर्ण आदानों की व्यवस्था करने, फसल कटाई के बाद प्रबंधन और विपणन एवं प्रत्येक एफ़पीओ द्वारा कस्टम हायरिंग सेंटर की स्थापना करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने ने किसानों के लिए प्रत्येक गांव के अनुसार कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए है। उन्होंने जिले में कार्यरत सभी 5 एफपीओ से किसानों की आय में वृद्धि के लिए किए गए कार्यों की जानकारी ली। एफपीओ और सीबीबीओ ने विशेष रूप से चालू खरीफ सीजन के दौरान की जा रही अपनी गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि प्राथमिक प्रसंस्करण कर कृषि अवसंरचना योजना के अंतर्गत ब्याज अनुदान एवं अन्य सरकारी योजनाओं के तहत पूंजीगत सब्सिडी लाभ किसानों को मिले। साथ ही संबंधित विभागों के माध्यम से समन्वय स्थापित कर किसानों को अधिक से अधिक लाभ दिलाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने बैठक में निर्देश दिए कि कृषि विभाग एवं केवीके का संयुक्त बैठक आयोजित करने करने के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित विभाग के द्वारा एपीओ के समन्वय से कार्य संपादित किया जा जाए। उन्होंने गौमूत्र को गौठानों से खरीदी करने, निंदाई-गुड़ाई को संतुलित मात्रा में करने, किसानों के मांग के अनुरूप उर्वरक कीटनाशक को उपलब्ध कराने, गौठान में पशुपालन, मुर्गीपालन शेड बनाने, नाली बनाने, साक योजना में पंप सेट, स्प्रिंकलर सेट एवं मुख्यमंत्री वन संपदा योजना के तहत पौधा लगाने, बैंक से बिजनेस प्लान के आधार पर कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर उप संचालक कृषि, जिला विकास प्रबंधक (नाबार्ड), सीबीबीओ के प्रतिनिधि एवं एफ़पीओ के सीईओ सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# सिंगापुर रवाना होने से पहले राजेश्री महन्त से आशीर्वाद लेने पहुंचे रेसलर प्रतीक

■ **ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, हांगकांग,वियतनाम सहित अनेक देशों के रेसलर शामिल होंगे प्रतियोगिता में**

**जांजगीर**, 03 अगस्त (देशबन्धु)। रेसलिंग की दुनिया में सुप्रसिद्ध खली के शिष्य ग्राम अमोरा, विकासखंड नवागढ़, जिला जांजगीर- चांपा निवासी प्रतीक तिवारी विशेष नाम कमा रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अनेक प्रतियोगिताओं में विजय प्राप्त कर छत्तीसगढ़ राज्य का नाम रोशन किया है। इसी सिलसिले में 6 सितंबर को सिंगापुर में आयोजित होने वाले रेसलिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के पूर्व प्रतीक ने श्री दूधाधारी मठ पहुंचकर संकट मोचन हनुमानजी और बालाजी सरकार का दर्शन पूजन करके महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास से सौजन्य भेंट मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

राजेश्री महन्त ने उन्हें साल एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया एवं उज्जवल भविष्य की कामनाएं की। उल्लेखनीय है कि



रेसलर प्रतीक ने अब तक 2017 में देहरादून में अपोलो वर्सेस प्रतीक प्रतियोगिता, 2018 में बीकानेर (राजस्थान) में जॉनसन राब (कनाडा )तथा सिरोही (राजस्थान) में देव द बूल वर्सेस प्रतीक, रायपुर छत्तीसगढ़ में इंडिया वर्सेस नेपाल प्रतियोगिता में अपना विजय का परचम लहराया है। इसी सिलसिले में वे अब पुनः अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विजय प्राप्त करने के लिए सिंगापुर रवाना होंगे। यह प्रतियोगिता वहां 6 सितंबर से आयोजित किया जावेगा जिसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर के ख्यातिलब्ध रेसलर से उनका मुकाबला होगा। पूरे छत्तीसगढ़ वासियों को इस प्रतियोगिता के परिणाम की प्रतीक्षा रहेगी, राजेश्री महन्त से उनके भेंट मुलाकात के समय विशेष रुप से मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, राजनांदगांव से प्रणव वैष्णव उपस्थित थे।

# स्कूलों और महानदी के जल स्तर का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**सारंगढ़**, 3 अगस्त (देशबन्धु)। डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने आज शासकीय विद्यालय गुड़ेली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बच्चों की पढ़ाई के संबंध में शिक्षकों से अद्यतन जानकारी ली। इसके पश्चात् कलेक्टर आठवीं कक्षा के छात्रों से रूबरू हुई, इस दौरान बच्चों ने हिन्दी पाठ्यपुस्तक से पानीपत का युध्द के बारे में पढ़कर बताया। छात्रा कु. नम्रता की हिन्दी कापी की जांच कर कलेक्टर ने



लिखावट की प्रशंसा कर उत्साहवर्धन किया। साथ ही विज्ञान विषय से जुड़े सवाल पूछे जिस पर बच्चों की हाजिरजवाबी और विषय में उनकी पकड़ को देखते हुए उपस्थित विषय शिक्षिका की तारीफ की। कलेक्टर ने छात्रों को सलाह दी कि स्कूल में पढ़ने के अलावा घर में भी अपनी तैयारी करें। इसके अलावा विद्यालय के स्टॉफ से ग्राउंड में जमा पानी को देखकर उसकी निकासी की समुचित व्यवस्था करने को कहा। इसके पश्चात कलेक्टर ने साल्हेओना के शासकीय विद्यालय का निरीक्षण किया। ट्रेनिंग के पश्चात् नवीन भर्ती लेकर आए शिक्षकों से पढ़ाई के बारे में फीडबैक लिया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को अपने जीवन का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विषयवार अध्ययन करने हेतु प्रोत्साहित किया और शिक्षकों को अतिरिक्त प्रयास करने के लिए निर्देशित किया। पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश के बाद महानदी के बढ़ते जलस्तर को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने चंद्रपुर पुल में बढ़े हुए जलस्तर का जायजा लिया। पुल का वर्तमान जलस्तर 47 फीट था। बताया गया कि पिछले वर्ष के आंकड़ों की बात करें तो 55 फीट में बाढ़ की स्थिति निर्मित हुई थी। इसके पश्चात् कलेक्टर ने सरिया स्थित नदीगांव पुल का भी निरीक्षण किया एवं डुबान क्षेत्र में आने वाले गाँवों की जानकारी लेते हुए उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने कहा। इस अवसर पर एसडीएम मोनिका वर्मा एवं तहसीलदार आयुष तिवारी उपस्थित थे।

# देश विदेश

## अमेरिकी सीनेट सक्रिय शूटर अलर्ट पर बंद

**वाशिंगटन।** अमेरिका में कैपिटल पुलिस कार्यालय भवन में एक सक्रिय शूटर की मौजूदगी की रिपोर्टों के बीच अमेरिकी सीनेट को बुधवार दोपहर को बंद कर दिया गया। यूएस कैपिटल पुलिस ने दोपहर करीब तीन बजे ट्वीट किया, हमारे अधिकारी कॉल के जवाब में सीनेट कार्यालय भवनों में और उसके आसपास तलाशी ले रहे हैं। कृपया क्षेत्र से दूर रहें क्योंकि हम अभी भी जांच कर रहे हैं। सीनेट की इमारतों के अंदर मौजूद लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने के लिए कहा गया है। शाम चार बजे यूएस कैपिटल पुलिस ने कहा कि वह सीनेट कार्यालय भवनों को फिर से खोलने के लिए तैयार है।


# पाकिस्तान ने अमेरिका के साथ चुपचाप सुरक्षा समझौते को दी मंजूरी

**इस्लामाबाद,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान संघीय कैबिनेट ने चुपचाप अमेरिका के साथ एक महत्वपूर्ण सुरक्षा समझौते को मंजूरी दे दी है। इससे वाशिंगटन से सैन्य हार्डवेयर की खरीद का रास्ता साफ हो गया है।

सरकारी सूत्रों के अनुसार, कैबिनेट ने दोनों देशों के बीच संचार अंतरसंचालनीयता और सुरक्षा समझौता ज्ञापन (सीआईएस-एमओए) पर हस्ताक्षर को मंजूरी दे दी।

हालांकि, पाकिस्तान और अमेरिका ने अभी तक इस घटनाक्रम पर आधिकारिक बयान नहीं दिया है। सूत्रों ने यह भी पुष्टि की कि संघीय कैबिनेट की बैठक में सीआईएस-एमओए पर सारांश का प्रसार देखा गया।

हालांकि, सूत्रों ने इसकी पुष्टि करने से परहेज किया कि कैबिनेट के अधिकांश सदस्यों ने इसे मंजूरी दी है या नहीं। गौरतलब है कि सीआईएस-एमओए एक समझौता है, जिस पर अमेरिका अपने सहयोगियों और उन देशों के साथ हस्ताक्षर करता है, जिनके साथ वह घनिष्ठ सैन्य और रक्षा संबंध बनाए रखने का इरादा रखता है। सीआईएस-एमओए के तहत, वाशिंगटन को अन्य देशों को सैन्य उपकरण और हार्डवेयर की बिक्री के लिए अमेरिकी रक्षा




■ वाशिंगटन से सैन्य हार्डवेयर की खरीद का रास्ता साफ हो गया है।
■ पाकिस्तान व अमेरिका ने अभी तक इस पर आधिकारिक बयान नहीं दिया

विभाग के लिए कानूनी कवर भी मिलता है। सीआईएस-एमओए पर हस्ताक्षर यह स्थापित करता है कि दोनों पक्ष एक संस्थागत तंत्र बनाए रखने के इच्छुक हैं।

पाकिस्तान इससे पहले अक्टूबर 2005 के दौरान 15 वर्षों तक इस समझौते में रहा था। 2005 के समझौते पर पाकिस्तान के संयुक्त कर्मचारी मुख्यालय और रक्षा विभाग के बीच हस्ताक्षर किए गए थे। वह समझौता 2020 में समाप्त हो गया। 2023 के नवीनतम समझौते के तहत, अगले 15 वर्षों के लिए दोनों पक्ष संयुक्त अभ्यास, संचालन, प्रशिक्षण, आधार और उपकरण आयोजित करने पर सहमत हुए हैं। हालांकि, सुरक्षा विशेषज्ञ और विश्लेषक पाकिस्तान द्वारा अमेरिका से सैन्य हार्डवेयर खरीदने की संभावना को कम महत्व देते हैं। सेवा में अपने समय के दौरान अमेरिका के साथ काम करने वाले एक वरिष्ठ पूर्व सैन्य अधिकारी ने कहा, वाशिंगटन के दीर्घकालिक हित इस्लामाबाद के साथ मेल नहीं खाते हैं। फिर भी, अमेरिका को कुछ महत्वपूर्ण क्षेत्रों में पाकिस्तान की जरूरत है और इसलिए यह समझौता दोनों के उद्देश्यों को पूरा करता है। इस घटनाक्रम और इसकी गोपनीयता की दूसरी प्रमुख चिंता अमेरिका-पाकिस्तान गठबंधन और काबुल में तालिबान शासन और पाकिस्तान व अफगानिस्तान के सीमावर्ती क्षेत्रों से सक्रिय विभिन्न आतंकवादी समूहों की प्रतिक्रिया है। आतंकवादी मामलों के विशेषज्ञ ताहिर खान ने कहा, पाकिस्तान को अमेरिका ने उस समय एक सहयोगी के रूप में लिया था, जब अफगान तालिबान अफगानिस्तान में नाटो बलों के साथ लड़ रहे थे। इस्लामाबाद पर कई बार ड्रोन हमलों के जरिए तालिबान के हाई-प्रोफाइल कमांडरों को निशाना बनाने में अमेरिका की मदद करने का आरोप लगा।

## कैमरून में बंदूकधारियों ने की आठ मछुआरों की हत्या

**याउंडे,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। कैमरून के सुदूर उत्तर क्षेत्र में लेक चाड के एक द्वीप में अज्ञात बंदूकधारियों ने कम से कम आठ मछुआरों की गोली मारकर हत्या कर दी है। स्थानीय निवासियों और सैन्य सूत्रों ने कहा कि इस्लामिक स्टेट वेस्ट अफ्रीका प्रोविंस (आईएसडब्ल्यूएपी) के संदिग्ध सदस्य बुधवार तड़के हुए 'निंदनीय कृत्य' के लिए जिम्मेदार हैं। स्थानीय मीडिया ने बताया कि आतंकवादी मछली पकड़ने की गतिविधि पर कर लगाने के लिए इलाके में आए है, लेकिन उन्हें मछुआरों के प्रतिरोध का सामना करना पड़ा। इन हत्याओं पर दुख



व्यक्त करते हुए क्षेत्र के एक सैन्य अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि सेना झील को सुरक्षित करने के लिए और अधिक कर्मियों को तैनात करेगी। उल्लेखनीय है कि आईएसडब्ल्यूएपी ने पूर्वोत्तर नाइजीरिया में एक इस्लामी राज्य स्थापित करने के उद्देश्य से बोको हराम समूह के साथ समझौता किया है।

## दक्षिण पश्चिम पाकिस्तान में गोलीबारी में चार लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत में दो समूहों के बीच गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना प्रांतीय राजधानी क्वेटा में हुई जहां बुधवार रात दो समूहों के सदस्यों के बीच भूमि विवाद को बहस छिड़ गयी जिसके बाद उन्होंने एक-दूसरे पर गोलियां चला दीं। पुलिस ने बताया कि दोनों समूह शहर के प्रभावशाली परिवारों से थे जो भूमि विवाद को लेकर आपस में भिड़ गए। गोलीबारी में कई लोग घायल भी हुए हैं और उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आगे की जांच के लिए पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी है।

## सुडोकू 6276

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 2 | | 8 | |
| | 8 | 7 | | 6 | | | | 9 |
| | | | | | 4 | 6 | 3 | 1 |
| | | | 2 | 7 | 6 | | 5 | |
| | | | | | | | | |
| | 1 | | 4 | 9 | 8 | | | |
| 9 | 4 | 5 | 8 | | | | | |
| 1 | | | | 5 | | 2 | 7 | |
| | 2 | | 3 | | | | | |

**: नियम :**
1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6276

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | ■ | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | ■ | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**
१. किसी बखेड़े या झमेले में पड़ा हुआ
४. क्रमांक
६. घिसाव, घर्षण
७. दया, कृपा (उर्दू)
८. आज्ञाकारी सेवक (उर्दू)
१०. प्राप्त लब्ध (उर्दू)
११. आपस में
१३. पिंजरा (उर्दू)
१४. जल में उत्पन्न
१५. चंदन
१७. स्थान (उर्दू)
१९. सतह, तह
२१. द्वितीय
२२. जांचने वाला
२४. दूसरा जन्म

**ऊपर से नीचे:-**
१. ब्यौरा
२. किसी कार्य के बनने, बिगड़ने की पूरी जिम्मेदारी (उर्दू)
३. मूल्य, दाम (उर्दू)
४. जांच, निरीक्षण (उर्दू)
५. गंभीर, संवेदनशील (उर्दू)
९. रत्नों का ढेर
१०. पराजित
११. शुरूआत, आरंभ (उर्दू)
१२. छूने से पैदा होने वाला
१३. दासी, सेविका (उर्दू)
१४. टूटा-फूटा
१५. श्रमिक (उर्दू)
१६. मृत्यु का देवता
१८. झरोखा
१९. पढ़ा हुआ
२०. तपस्या
२३. उधार, ऋण

### वर्ग पहेली-6275

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| च | क्र | २ पा | णि | ■ | ■ | ३ खु | ले | ४ आ | म |
| म | ■ | र | ■ | ५ आ | गो | श | ■ | तं | ■ |
| ६ क | पा | ल | ■ | ग | ■ | ७ हा | नि | क | ८ र |
| ना | ■ | ग | ■ | ९ ज | ली | ल | ■ | ■ | ख |
| ■ | १० आ | ना | ११ का | नी | ■ | ■ | १२ भा | स्क | र |
| ■ | ख्या | ■ | म | ■ | १३ नू | पु | र | ■ | खा |
| १४ अ | न | १५ म | ना | ■ | त | ■ | १६ त | १७ ना | व |
| र्द्धा | ■ | हा | ■ | १८ ज | न | १९ क | ■ | स्ति | ■ |
| २० गि | र | वी | ■ | ता | ■ | २१ स | म | क | २२ क्ष |
| नी | ■ | २३ र | ण | ना | य | क | ■ | ■ | ति |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6276 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 8 | 7 |
| 3 | 8 | 7 | 1 | 6 | 5 | 4 | 2 | 9 |
| 2 | 5 | 9 | 7 | 8 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 8 | 9 | 4 | 2 | 7 | 6 | 1 | 5 | 3 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 1 | 3 | 9 | 4 | 8 |
| 5 | 1 | 3 | 4 | 9 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 3 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 7 | 4 |
| 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 |

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : शुक्रवार 4 अगस्त , 2023 श्रावण कृष्ण पक्ष 2**

### राशिफल

मेष -आप का दिन मित्रों और सामाजिक कामों के पीछे भागदौड़ में बीतेगा। धन का खर्च भी करना पड़ेगा। आपके नए मित्र बन सकते हैं, जो भविष्य में आपके लिए लाभदायी रहेंगे। सरकारी कामों में सफलता प्राप्त होगी।

वृषभ -आज का दिन आपके लिए शुभ फलदायी है। विशेषकर व्यवसाय करने वालों के लिए आज का दिन बहुत लाभदायी रहेगा। व्यवसाय में पदोन्नति का भी योग है। कार्यालय में उच्च अधिकारी का सहयोग प्राप्त होगा।

मिथुन -आप का दिन प्रतिकूलता लेकर आएगा। मानसिक रूप से चिंता और शारीरिक रुप से शिथिलता का अनुभव होगा। काम करने का उत्साह नहीं रहेगा। व्यवसायिक स्थल पर भी अधिकारियों और सहकर्मियों का व्यवहार नकारात्मक रहेगा।

कर्क -वैचारिक रूप से नकारात्मकता छाई रहने से आज दिनभर शारीरिक और मानसिक रुप से अस्वस्थता बनी रहेगी। आपको नकारात्मकता से दूर रहने की सलाह दी जाती है। क्रोध पर भी आज संयम रखना पड़ेगा। खर्च अधिक होगा।

सिंह -आज पति-पत्नी के बीच अनबन हो जाने से दांपत्यजीवन में क्लेश हो सकता है। आप दोनों में से किसी का स्वास्थ्य न बिगड़े इसका ध्यान रखें। सांसारिक तथा अन्य मामलों के कारण भी आपका मन उदासीन रहेगा।

कन्या -व्यावसायिक क्षेत्र में आज यश प्राप्त होने की संभावना अधिक हैं। सहकर्मियों का साथ मिलेगा।पारिवारिक वातावरण में सुख का अनुभव होगा। शारीरिक और मानसिक रुप से भी आप स्वस्थ रहेंगे। आर्थिक लाभ होगा।

तुला -वैचारिक रूप से विशालता और वाणी की मधुरता अन्य लोगों को प्रभावित करेगी और इससे अन्य व्यक्तियों के साथ संबंधों में मेल बना रहेगा। चर्चा-परिचर्चा में भी आप प्रभाव जमा सकेंगे।

वृश्चिक -स्नेहीजनों के साथ संबंधों में सावधानी बरतें। शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थता के कारण व्यग्रता बनी रहेगी। माता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। धन और कीर्ति की हानि होगी। पारिवारिक वातावरण क्लेशपूर्ण रहेगा।

धनु -विरोधी आज परास्त होंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। नए काम का आरंभ करने के लिए समय अनुकूल है। स्नेहीजनों के साथ समय आनंद सहित गुजारेंगे।

मकर -आज का दिन मिश्रित फलदायी है। परिजनों के साथ गलतफहमी या मनमुटाव के प्रसंग बनने से मन में ग्लानि छाई रहेगी। निरर्थक खर्च होगा। आरोग्य का ध्यान रखें। विद्यार्थियों को आज अभ्यास में रुचि नहीं होगी।

कुंभ -आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन लाभदायी है। परिवार का वातावरण आनंद से भरा रहेगा। मित्रों और परिजनों के साथ आनंदपूर्वक समय गुजार सकेंगे। आज आप प्रवास और पर्यटन का आनंद भी उठा सकेंगे।

मीन -कोर्ट-कचहरी या स्थायी संपत्ति की झंझट में न पड़ें। एकाग्रता से आज सभी कार्यों में फायदा होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। स्वजनों के वियोग का प्रसंग उपस्थित होगा। परिजनों के साथ मतभेद रहेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## फ्रांसीसी समाचार एजेंसी ने ट्विटर के खिलाफ दायर की याचिका

**पेरिस,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। फ्रांस की एक समाचार एजेंसी ने कॉपीराइट मामले को लेकर माइक्रोब्लागिंग साइट ट्विटर के खिलाफ याचिका दायर की है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक यह याचिका बुधवार को दायर की गयी। याचिका में कहा गया है कि मीडिया समूहों की रिपोर्टें और तस्वीरें लंबे समय से ट्विटर , फेसबुक और गूगल जैसे प्लेटफार्मों पर प्रदर्शित की जा रही है इसलिए उन्हें भी मुनाफे का एक हिस्सा मिलना चाहिए।

**कॉपीराइट का है मामला**

याचिका में 2019 के यूरोपीय संघ के उस कानून का हवाला दिया गया है जिसमें 'पड़ोसी अधिकार' व्यवस्था के तहत सामग्री साझा करने के लिए भुगतान को तर्कसंगत ठहराया गया था और गूगल और फेसबुक ने कुछ फ्रांसीसी मीडिया आउटलेट्स को भुगतान करने के लिए सहमति जतायी। फ्रांसीसी समाचार एजेंसी ने अरबपति टाइकून एलोन मस्क के स्वामित्व वाले ट्विटर की ओर से ऐसा कोई भुगतान नहीं किये जाने और इससे इंकार किये जाने का आरोप लगाया है।

## नाइजर से 350 फ्रांसीसी नागरिकों को निकाला गया'

**पेरिस,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। फ्रांस ने नाइजर में सैन्य द्वारा किए तख्तापलट के कारण 350 से अधिक फ्रांसीसी नागरिकों को को अब तक वहां निकाला है। यह जानकारी फ्रांस के यूरोप एवं विदेश मामलों के मंत्रालय ने बुधवार को दी। मंत्रालय ने बताया कि नाइजर के नियामी से दो उड़ानें पहले ही रवाना हो चुकी हैं, जिनमें फ्रांसीसी नागरिकों के साथ-साथ यूरोपीय संघ के अन्य देशों के नागरिक भी सवार हैं। मंत्रालय ने कहा कि निकासी उड़ानों में 510 से अधिक लोग सवार हैं। निकासी अभियान के तहत तीसरी उड़ान भी निर्धारित है। मंत्रालय के अनुसार फ्रांस के नाइजर में लगभग 1,200 पंजीकृत नागरिक रहते हैं। इनमें से लगभग 600 नागरिकों ने निकाले जाने की इच्छा व्यक्त की है। फ्रांस के बीएफएमटीवी से बात करते हुए फ्रांस की विदेश मंत्री कैथरीन कोलोना ने मंगलवार को पुष्टि की कि फ्रांस नाइजर में सैन्य हस्तक्षेप नहीं करेगा। उल्लेखनीय है कि पिछले बुधवार को नाइजर के रक्षा एवं सुरक्षा बलों ने कहा कि देश में सैनिकों ने कथित तौर पर बंधक बनाए जाने के




■ लगभग 600 नागरिकों ने निकाले जाने की इच्छा व्यक्त की

कुछ ही घंटों बाद राष्ट्रपति मोहम्मद बज़ौम को सत्ता से बेदखल कर दिया। इसके दो दिन बाद नाइजर के राष्ट्रपति गार्ड के पूर्व नेता जनरल अब्दौराहमाने त्चियानी को 'होमलैंड की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय परिषद का अध्यक्ष' नामित किया गया। बाद में उन्होंने संविधान को निलंबित करने और सरकार को भंग करने के आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिससे परिषद को सभी विधायी और कार्यकारी प्राधिकरणों का प्रयोग करने का अधिकार मिल गया। श्री बज़ौम ने 2021 में चुनाव जीतने के बाद पदभार ग्रहण किया। साल 1960 में फ्रांस से स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद से नाइजर में चार तख्तापलट हो चुका है।

## बांग्लादेश में डेंगू मरीजों की संख्या 57,127 हुई

**ढाका,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। बांग्लादेश में डेंगू के 2,711 नए मामले सामने आए हैं और 12 मरीजों की हुई है। इसके साथ ही डेंगू मरीजों की संख्या 57,127 तथा इस साल जनवरी से अब तक इसके कारण मरने वालों की संख्या बढ़कर 273 हो गई है। स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशालय ने बुधवार को बताया कि 2638 मरीजों के साथ होने के बाद इस महामारी को मात देने वालों की संख्या बढ़कर 47,529 हो गई है। बांग्लादेश में पिछले महीने इस संक्रमण के सबसे ज्यादा 43,854 नए मामले सामने आए थे तथा 204 मरीजों ने जान गंवाई थी। बांग्लादेश में जून से सितंबर तक बरसात के मौसम में डेंगू के मामले सामने आते हैं। इस दौरान यहां मच्छरों से उत्पन्न होने वाली इस बीमारी का अधिक खतरा रहता है।

■ अब तक 273 लोगों की मौत



## चीन में बाढ़ से निपटने में मदद करेगा एप्पल

**बीजिंग,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनी एप्पल चीन के बीजिंग और हेबेई प्रांत में बाढ़ की स्थिति से निपटने में मदद करेगी। कंपनी के प्रमुख टिम कुक ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, बीजिंग और आसपास के हेबेई प्रांत में भयानक बाढ़ से प्रभावित लोगों के प्रति हमारी संवेदनाएं हैं। एप्पल इस बाढ़ में राहत प्रयासों के लिए दान देगा। मीडिया ने बीजिंग बाढ़ रोकथाम प्राधिकरण का हवाला देते हुए बताया कि शहर में भारी बारिश से मरने वालों की संख्या 11 तक पहुंच गई, जबकि हेबेई प्रांत में नौ और लोगों की मौत हो गई। वहीं भारी बारिश से राजधानी के 13 जिलों में कुल 44,673 लोग प्रभावित हुए हैं। बीजिंग में विभिन्न इलाकों में फंसे लगभग 127,000 लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। अधिकारियों ने कहा कि बाढ़ का खतरा अभी भी बना हुआ है। आपदा से हुई आर्थिक क्षति का आकलन अभी भी किया जा रहा है।

## जापान में खानून तूफान से दो की मौत, 61 घायल

**टोक्यो।** जापान के दक्षिणी द्वीप ओकिनावा प्रान्त में शक्तिशाली तूफ़ान खानून के कारण मूसलाधार वर्षा जारी है और वर्षा जनित घटनाओं से गुरुवार को मरने वालों की संख्या बढ़कर दो हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। तूफान के कारण ओकिनावा में 24 प्रतिशत घरों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। इसके अलावा, उरुमा शहर में मोमबत्ती से आग लगने के कारण में एक वृद्ध महिला (89) की जलकर मृत्यु हो गई। इससे पहले बुधवार को, शक्तिशाली तूफान में एक घर ढह गया, जिसमें एक व्यक्ति (90) घायल हो गया था और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

## आज का इतिहास

1666- नीदरलैंड और इंग्लैंड के बीच समुद्री लड़ाई हुई।
1886- कोलंबिया ने संविधान अंगीकार किया।
1870- ब्रिटिश रेड क्रॉस सोसाइटी की स्थापना हुई।
1914- जर्मनी के पहले विश्वयुद्ध में शामिल होने के बाद ब्रिटेन ने भी युद्ध में उतरने की घोषणा की।
1929- अभिनेता, गायक, निर्देशक किशोर कुमार का जन्म।
1935- गवर्नमेंट ऑफ इंडिया ऐक्ट 1935 को ब्रिटिश राजशाही की मंजूरी मिली।
1954- पाकिस्तान सरकार ने हाफिज जलंधरी द्वारा लिखे गीत को राष्ट्रगान के रूप में अपनाने पर सहमति दी।
1956- देश का पहला परमाणु अनुसंधान रिएक्टर अप्सरा शुरू हुआ।
1961- अमेरिका के पहले अश?वेत राष?ट्रपति बराक ओबामा का जन?म हुआ था।
1967- विश्व के सबसे लंबे चिनाई बांध नागार्जुनसागर का निर्माण।
1997- मो. ख़ातमी ने ईरान के नए राष्टपति के रूप में शपथ ली।
2000- ब्रिटेन की महारानी राजमाता एलिजाबेथ ने अपना सौवां जन्मदिन मनाया।
2001- रूस और उत्तरी कोरिया के बीच सामरिक समझौता हुआ।
2004- नासा ने एल्टिक्स सुपर कम्प्यूटर केसी को कल्पना चावना नाम दिया।
2006- उड़ीसा की महिला मुख्यमंत्री तथा लेखिका नंदिनी सत्पथी का निधन।
2007- अमेरिका ने स्पेस प्रोब फीनिक्स को लॉन्च किया। इसी मिशन ने मंगल की सतह के नीचे पानी और बर्फ होने का पता लगाया था।

**प्रस्ताव** राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख एंड्री यरमक ने दी जानकारी

## यूक्रेन ने शांति फार्मूला लागू करने की रणनीति को रखा सामने

कीव, 3 अगस्त (एजेंसियां)। यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय ने यूक्रेन द्वारा शांति फॉर्मूला को लागू करने के लिए तीन-चरणीय रणनीति का खुलसा किया है। राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख एंड्री यरमक ने बुधवार को एक टेलीग्राम पोस्ट में कहा, पहले चरण में यूक्रेनी अधिकारियों और यूक्रेन से मान्यता प्राप्त राजदूतों के बीच बैठकें शामिल हैं, इसका उद्देश्य शांति फॉर्मूला पर विस्तार से चर्चा करना है।यरमक ने कहा कि दूसरे चरण में, कीव शांति योजना के कार्यान्वयन के लिए तंत्र खोजने के लिए विदेशी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों और राजनीतिक सलाहकारों के साथ बातचीत करेगा। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यरमैक के अनुसार, यूक्रेन में संघर्ष को समाप्त करने के उद्देश्य से उपायों को लागू करने के लिए विश्व नेताओं की भागीदारी वाला एक वैश्विक शिखर सम्मेलन शांति रणनीति का अंतिम चरण होगा।

यरमैक ने कहा, यूक्रेन के शांति फॉर्मूले पर चर्चा के लिए पहली अंतरराष्ट्रीय बैठक जून में डेनमार्क में हुई थी और अगली बैठक सऊदी अरब में होगी। उन्होंने कहा कि पश्चिम, एशिया, अफ्रीका, मध्य पूर्व और लैटिन अमेरिका के देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और राजनीतिक सलाहकार बैठक में हिस्सा लेंगे। यूक्रेनी राष्ट्रपति कार्यालय के उपप्रमुख इगोर झोवक्वा के मुताबिक, 5-6 अगस्त को सऊदी अरब के जेद्दा में होने वाली बैठक में 30 से ज्यादा देशों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। यूक्रेन के राष्ट्रपति ब्लादिमिर ज़ेलेंस्की ने नवंबर 2022 में यूक्रेन में शांति के लिए डिज़ाइन किया गया 10-सूत्रीय फॉर्मूला सामने रखा।




### यूक्रेन ने रूस पर अनाज को नुकसान पहुंचाने का लगाया आरोप

**कीव।** यूक्रेन ने रूस पर दक्षिणी यूक्रेनी बंदरगाहों पर डेन्यूब नदी के पास बीती रात हमला करने और लगभग 40,000 टन अनाज को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है। यूक्रेन के मंत्री मंत्री ऑलेक्ज़ेंडर कुब्राकोव ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, रूसियों ने गोदामों और अनाज लिफ्टों पर हमला किया लगभग 40,000 टन अनाज क्षतिग्रस्त हो गए। ये अनाज कुछ अफ्रीकी देशों, चीन और इज़राइल से भेजे गये थे। कुब्राकोव ने रूस पर हमले को अंजाम देने के लिए ईरानी ड्रोन का उपयोग करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ये वही बंदरगाह हैं जो आज वैश्विक खाद्य सुरक्षा की नींव बन गए हैं। नाटो-सदस्य रोमानिया से नदी के पार बंदरगाह, अनाज निर्यात के लिए यूक्रेन से मुख्य वैकल्पिक मार्ग है, क्योंकि जुलाई के मध्य में रूस की नाकाबंदी ने यूक्रेन के काला सागर बंदरगाहों पर यातायात रोक दिया था।

## दुनिया को जानें

### जस्टिन ट्रूडो का 18 साल बाद पत्नी से तलाक का फैसला

**ओटावा,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो (51) और उनकी पत्नी सोफी (48) ने आपसी सहमति से शादी के 18 वर्ष बाद तलाक लेने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा गुरुवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। श्री ट्रूडो कनाडा के दूसरे प्रधानमंत्री होंगे, जो इस पद पर रहते हुए तलाक ले रहे हैं। इससे पहले, उनके पिता पियरे ट्रूडो ने प्रधानमंत्री के पद पर रहते हुए, वर्ष 1984 में पत्नी मर्गेरेट से तलाक लिया था। श्री जस्टिन और श्रीमती सोफी के तीन बच्चे हैं। दोनों के तलाक की खबर सुनकर लोग हैरान हैं, क्योंकि इस जोड़ी को लोगों ने खूब सराहा था। श्री ट्रूडो और उनकी पत्नी ने व्यापक चर्चा और काफी विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया। उन्होंने अपने बच्चों का पालन-पोषण करने के लिए माता-पिता के रूप में एकजुट होकर साथ रहने का विकल्प चुना है।



# खेल जगत

## मैं अगले साल होने वाले इंग्लैंड के भारत दौरे का हिस्सा नहीं हूं : मोईन अली

**लंदन,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। अनुभवी ऑफ स्पिन ऑलराउंडर मोईन अली ने पुष्टि की है कि मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम की अपील के बावजूद वह अगले साल इंग्लैंड के भारत के टेस्ट दौरे का हिस्सा नहीं होंगे। जैक लीच के पीठ में स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण एशेज सीरीज से बाहर होने के बाद सितंबर 2021 में टेस्ट से संन्यास लेने वाले मोईन अली वापस आए। उन्होंने रोमांचक एशेज श्रृंखला में चार मैच खेले। आईसीसी ने मोईन अली के हवाले से कहा, अगले साल होने वाले भारत दौरे के लिए मैकुलम ने मुझसे फिर पूछा, लेकिन मैंने साफ मना कर दिया। मेरे लिए अपने करियर को इस तरह खत्म करना काफी अच्छा रहा। एशेज 2-2 से ड्रा करने के बाद इंग्लैंड का अगला टेस्ट असाइनमेंट अगले साल 25 जनवरी से 11 मार्च तक भारत की पांच मैचों की श्रृंखला की यात्रा है जिसमें हैदराबाद, विशाखापत्तनम, राजकोट, रांची और धर्मशाला में मैच खेले जाएंगे।



# मौजूदा चैंपियन द. कोरिया ने पिछड़ने के बाद जापान पर जीत के साथ शुरू किया अभियान



■ सत्येन्द्र पाल सिंह

■ द. कोरिया के लिए जियोलियांग व जुंगहो किम ने दागा एक-एक गोल

चेन्नै, 3 अगस्त (देशबन्धु)। रयोमा ओका के बेहतरीन मैदानी गोल से तूफानी अंदाज से आगाज कर पहले क्वॉर्टर में बढ़त लेने के बाद आखिरकार पिछली उपविजेता जापान का किला दूसरा क्वॉर्टर खत्म होने से चार मिनट पहले बिखर गया। जियोलियांग पार्क के 26 वें मिनट में दागे गोल से एक एक की बराबरी लेने बाद तीसरे क्वॉर्टर के पांचवें मिनट में जुंगहो किम के मैदानी गोल से हासिल बढ़त को आखिर तक कायम रखते हुए मौजूदा चैंपियन दक्षिण कोरिया ने जापान पर पुरुष एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 हॉकी के पहले राउंड रॉबिन लीग मैच में बृहस्पतिवार को 2-1 से जीत के साथ अपना अभियान शुरू किया। भुवनेश्वर में इस साल हुए विश्व कप में भी दक्षिण कोरिया ने जापान को इसी अंतर से हराया था। पिछली एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में लीग में दोनों टीमों का लीग मैच 3-3 से बराबर रहा था और फाइनल में भी 3-3 की बराबरी के बाद दक्षिण कोरिया ने शूटआउट में 4-2 से जीत के साथ खिताब जीता था।

राइकी फुजीयामा, रयोमी ओका, योसी कातो, युमा नगाई और सेरेना तनाका की अगुवाई में जापान ने मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में खासतौर दाएं छोर से तेज हमले बोल कर अपने किले की चौकसी कर रहे कप्तान सेंटर बैक जोंगहयुन जांग और जंगजुन ली जैसे दक्षिण कोरिया के बूढ़े शेरों को चौंका दिया। रयोसी कातो दाएं से गेंद को लेकर दक्षिण कोरिया की डी में पहुंचे और उनके तिरछे पास पर बाएं डी के ठीक उपर रयोमा ओका ने गेंद को कब्जे में ले पूरी रक्षापंक्ति को छका गोल कर जापान को 1-0 से आगे कर दिया। दक्षिण कोरिया को इससे दो मिनट पहले मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला था लेकिन जापान के रिव्यू पर तीसरे अंपायर ने इसके नकार दिया। जापान ने पांच मिनट बाद मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर भी हासिल किया लेकिन मनाबू यामाशिता के तेज फ्लिक को दक्षिण कोरिया के 'रशर'जूनवू जियोंग ने रोक कर दक्षिण कोरिया को बराबरी पाने से रोक दिया। जिंगवांग हयुन के तेज फ्लिक पर दूसरा क्वॉर्टर खत्म होने से चार मिनट पहले जियोलियांग पार्क ने चतुराई से तेज पुश से गोल कर दक्षिण कोरिया को एक-एक की बराबरी दिला दी।

दक्षिण कोरिया ने तीसरे क्वॉर्टर में अपनी रणनीति बदली और शुरू से जापान के गोल पर तेज हमले बोले। जूनवु जियोंग ने तीसरे क्वॉर्टर क्वॉर्टर में दाएं से तेज पास डी की ओर बढ़ते साथी जुंगहो किम के लिए फेंका और इस पर उन्होंने बाएं से बाएं से तेज से शॉट जमा गोल कर दक्षिण कोरिया को मैच के 35 वें मिनट में 2-1 से आगे कर दिया। जापान ने तीसरे क्वॉर्टर में बराबरी पाने के लिए और दक्षिण कोरिया ने अपनी बढ़त को और मजबूत करने के लिए हमले तेज कर दिए लेकिन और गोल नहीं हुआ। जापान ने चौथे और आखिरी क्वॉर्टर में अपनी पूरी ताकत झोंक दी और पेनल्टी कॉर्नर भी हासिल किया लेकिन बराबरी पाने में नाकाम रही।

# ऑस्ट्रेलिया ओपन के क्वार्टरफाइनल में भिड़ेंगे किदांबी, प्रियांशु



**सिडनी,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के अनुभवी शटलर किदांबी श्रीकांत और युवा प्रतिभा प्रियांशु राजावत ने ऑस्ट्रेलिया ओपन 2023 में गुरुवार को अपने-अपने मुकाबले जीतकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनायी।

प्रियांशु ने 59 मिनट चले पुरुष प्री-क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे के वांग ज़ू वेई को 21-8, 13-21, 21-19 से मात दी। किदांबी ने ताइपे के सू ली यांग को 21-10, 21-17 से हराने में सिर्फ 39 मिनट का समय लिया। क्वार्टरफाइनल में किदांबी और प्रियांशु आमने-सामने होंगे।

इस बीच, एचएस प्रणय और पीवी सिंधु ने भी अपने-अपने दूसरे चरण के मुकाबले जीते, जबकि मिथुन मंजूनाथ और किरण जॉर्ज हारकर सुपर 500 टूर्नामेंट से बाहर हो गये।

खराब फॉर्म से जूझ रहीं सिंधु ने महिला एकल के प्री-क्वार्टरफाइनल में हमवतन आकर्षि कश्यप को 21-14, 21-10 से हराया। प्रणय ने चीनी ताइपे के ची यू जेन के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए एक घंटे 14 मिनट में 19-21, 21-19, 21-13 से जीत दर्ज की।

पहले दौर में पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू को मात देने वाले मंजूनाथ मलेशिया के ली ज़ी जिया से 21-13, 12-21, 19-21 से हार गये। किरण को इंडोनेशिया के एंथनी गिनटिंग के हाथों 15-21, 18-21 की सीधे सेटों की हार का स्वाद चखना पड़ा।

महिला युगल प्रतियोगिता में, त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय जोड़ी जापान की मायु मात्सुमोतो और वकाना नागाहारा के हाथों 10-21, 20-22 से हारी।

# कोलंबिया पर उलटफेर कर सुपर-16 में मोरक्को



**पर्थ,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। विश्व रैंकिंग में 72वें नंबर की मोरक्को ने फीफा महिला विश्व कप 2023 में बड़े उलटफेर को अंजाम देते हुए गुरुवार को कोलंबिया को 1-0 से मात दी। मोरक्को ने निब स्टेडियम पर खेले गये ग्रुप-एच मुकाबले में अनीसा लहमारी (45+4वां मिनट) के गोल की बदौलत जीत हासिल करते हुए सुपर-16 में प्रवेश किया। इस हार के बावजूद कोलंबिया ग्रुप-एच की शीर्ष टीम के रूप में प्री-क्वार्टरफाइनल में पहुंच गयी, हालांकि मोरक्को ने विश्व नंबर दो जर्मनी को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। जर्मनी को सुपर-16 में पहुंचने के लिये दिन के एक अन्य मुकाबले में दक्षिण कोरिया को हराना था। एशियाई टीम ने जर्मनी को 1-1 के ड्रॉ पर रोक लिया। चो सो ह्यून ने छठे मिनट में गोल जमाकर दक्षिण कोरिया को शुरुआती बढ़त दिला दी। एलेक्जेंड्रा पॉप ने 42वें मिनट में गोल जमाया लेकिन यह जर्मनी को ड्रॉ से आगे नहीं ले जा सका। दूसरी ओर, मोरक्को ने कोलंबिया के विरुद्ध पहले क्वार्टर में ज्यादा से ज्यादा समय तक गेंद को अपने कब्जे में रखा। शुरुआती मौके गंवाने के कारण मोरक्को पहले हाफ में गोलरहित रह सकती थी, लेकिन अनीसा लहमारी ने अतिरिक्त समय के चौथे मिनट में लहमारी ने गेंद को नेट में पहुंचाकर अपनी टीम को निर्णायक बढ़त दिला दी। कोलंबिया इसका जवाबी गोल नहीं ढूंढ सकी और मोरक्को ने मुकाबला जीत लिया। मोरक्को सुपर-16 में पहुंचने वाली पहली अरब टीम है, जहां उसका सामना विश्व की नंबर पांच टीम फ्रांस से होगा। कोलंबियाई टीम अगले चरण में जमैका से भिड़ेगी।

# मनोज तिवारी ने क्रिकेट को कहा अलविदा

**कोलकाता,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। भारत और पश्चिम बंगाल के अनुभवी बल्लेबाज मनोज तिवारी ने गुरुवार को क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। तिवारी ने सोशल मीडिया पर साझा किये गये संदेश में लिखा, क्रिकेट के खेल को अलविदा। इस खेल ने मुझे सब कुछ दिया है। वे सब जिसका मैंने सपना भी नहीं देखा था, उस समय से जब मेरे जीवन में कई तरह की कठिनाइयां थीं। हमेशा इस खेल का और परमेश्वर का शुक्रगुज़ार रहूंगा, जो हमेशा मेरे साथ रहे।



क्रिकेट के खेल को अलविदा। इस खेल ने मुझे सब कुछ दिया है। वे सब जिसका मैंने सपना भी नहीं देखा था, उस समय से जब मेरे जीवन में कई तरह की कठिनाइयां थीं। हमेशा इस खेल का और परमेश्वर का शुक्रगुज़ार रहूंगा, जो हमेशा मेरे साथ रहे : मनोज तिवारी

पश्चिम बंगाल के हावड़ा में जन्मे तिवारी ने रणजी ट्रॉफी के 2006-07 सीज़न में 99.50 की औसत से 796 रन बनाकर सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। चोट के कारण उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर उतरने के लिये लंबा इंतजार करना पड़ा। तिवारी ने तीन फरवरी 2008 को ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध ब्रिसबेन वनडे में अंततः भारतीय जर्सी पहनी।

मनोज ने भारत के लिये 12 एकदिवसीय मैचों में 287 रन बनाये जहां उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 104 रन रहा। टी20 प्रारूप में वह सिर्फ तीन बार ही भारत का प्रतिनिधित्व कर सके। पश्चिम बंगाल के पूर्व कप्तान तिवारी ने अपना प्रथम श्रेणी करियर 2004 में ईडन गार्डन में शुरू करने के बाद 2023 में कोलकाता के उसी मैदान पर समाप्त किया। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनका आखिरी मैच सौराष्ट्र के विरुद्ध खेला गया रणजी ट्रॉफी फाइनल था जहां दूसरी पारी में अपनी टीम के लिये सर्वाधिक रन बनाने के बावजूद उन्हें हार का सामना करना पड़ा। तिवारी ने कहा, मेरे बचपन से लेकर पिछले साल तक मेरे सभी कोचों को धन्यवाद, जिन्होंने मेरी क्रिकेट उपलब्धियों में भूमिका निभाई है। मनबेंद्र घोष, मेरे पिता समान कोच इस क्रिकेट यात्रा में स्तंभ की तरह रहे हैं। अगर वह नहीं होते तो मैं क्रिकेट जगत में कहीं भी नहीं पहुंच पाता। धन्यवाद सर और आपके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। तिवारी ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ 2012 में खिताब जीतने के अलावा राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स, दिल्ली डेयरडेविल्स और पंजाब किंग्स का भी प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने कुल मिलाकर 183 टी20 मैचों में 3436 रन बनाये, जिसमें 15 अर्द्धशतक शामिल रहे।

# दो बार का विजेता जर्मनी पहली बार ग्रुप चरण में बाहर



**ब्रिस्बेन (ऑस्ट्रेलिया),** 3 अगस्त (एजेंसियां)।। यहां 2023 फीफा महिला विश्व कप में गुरुवार को ग्रुप एच में जर्मनी को दक्षिण कोरिया ने 1-1 से ड्रा पर रोक दिया, क्योंकि दोनों टीमें ग्रुप चरण से आगे बढ़ने में विफल रहीं। यह पहली बार है कि दो बार का टूर्नामेंट विजेता जर्मनी नौ महिला विश्व कप में इस चरण में बाहर हुआ है। इसी समय पर्थ में हुए ग्रुप एच के दूसरे मैच में पहले हाफ में अनीसा लाहमरी के गोल की मदद से मोरक्को ने कोलंबिया को 1-0 से हराया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, समूह में शीर्ष पर रहने के लिए कोलंबिया के पास छह अंक थे, जबकि विश्व कप में पदार्पण करने वाला मोरक्को, जो अपने शुरुआती मैच में जर्मनी से 6-0 से हार गया था, ने लगातार दो जीत के साथ वापसी की और उपविजेता रहा।

अंतिम दौर के ग्रुप मैचों से पहले, कोलंबिया छह अंकों के साथ ग्रुप एच में शीर्ष पर था, उसके बाद जर्मनी और मोरक्को दोनों तीन अंकों के साथ थे। स्कोररहित दक्षिण कोरिया सहित, सभी चार टीमों के पास राउंड 16 के लिए क्वालीफाई करने का मौका था। दक्षिण कोरिया अपने मैच में सिर्फ दो मिनट में स्कोर करने के करीब था, जब केसी फेयर शानदार तरीके से पेनल्टी क्षेत्र में आगे बढ़ी, लेकिन उनके शॉट को जर्मन गोलकीपर मर्ले फ्रोहम्स ने पोस्ट पर गिरा दिया। फ़ेयर के लगभग चूकने के चार मिनट बाद, दक्षिण कोरिया ने एक बार फिर जर्मनी की रक्षा को ध्वस्त कर दिया क्योंकि ली यंग-जू ने एक सटीक थ्रू-पास दिया जिससे चो सो-ह्यून को शुरुआती गोल करने का मौका मिल गया। हाफ टाइम से ठीक पहले, जर्मनी ने एलेक्जेंड्रा पोप के माध्यम से बराबरी की, जिनके हेडर ने स्वेंजा हथ के दाईं ओर से क्रॉस के बाद गेंद को शीर्ष कोने में भेज दिया। नॉकआउट चरण में पहुंचने के लिए जर्मनी को जीत की सख्त जरूरत थी, जर्मनी ने दूसरे हाफ में भी आक्रमण जारी रखा। 57वें मिनट में पोप ने फिर से गोल किया, लेकिन ऑफसाइड के कारण वीएआर द्वारा गोल को अस्वीकार कर दिया गया। तीन मिनट बाद, पोप ने हथ के क्रॉस के साथ अपने बराबरी के गोल को लगभग दोहराया, लेकिन इस बार जर्मनी की कप्तान का शक्तिशाली हेडर क्रॉसबार से टकरा गया। कोलंबिया को अगले मंगलवार को मेलबर्न में जमैका से भिड़ना है, जबकि दुनिया की 72वें नंबर की टीम मोरक्को उसी दिन एडिलेड में फ्रांस से भिड़ेगी।

# स्टोक्स-मैकुलम ने पिछले साल ब्रॉड को संन्यास लेने से रोका था : एंडरसन



लंदन, 3 अगस्त (एजेंसियां)। इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने खुलासा किया कि स्टुअर्ट ब्रॉड ने पिछले सीजन में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने के बारे में सोचा था, लेकिन टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स और मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने उन्हें ऐसा करने से रोक दिया था। टेस्ट में 604 विकेट के साथ, स्टुअर्ट ब्रॉड इस प्रारूप में विकेट लेने वालों की सर्वकालिक सूची में पांचवें स्थान पर हैं और 600 से अधिक विकेट लेने वाले केवल दो तेज गेंदबाजों में से एक हैं। दूसरे तेज गेंदबाज एंडरसन हैं। ब्रॉड ने अगस्त 2006 में अपने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण के बाद से 121 एकदिवसीय मैचों में 178 विकेट और 56 टी20 में 65 विकेट लिए हैं। एंडरसन ने कहा, तीसरे दिन के खेल के लिए टीम बस में चढ़ने से पहले स्टुअर्ट ने मुझे कॉफी पर अपने संन्यास के बारे में बताया। शुरू में मुझे थोड़ा झटका लगा। लेकिन उसकी बात सुनने के बाद मैंने उसका समर्थन किया। उसने मुझे बताया कि वो पिछले सीजन में भी इसके बारे में सोच रहा था, मगर स्टोक्स और मैकुलम ने उसे रोक लिया था।

# टीम का कोच कोई भी हो मेरा फोकस हमेशा भारत के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर : विवेक सागर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



■ हमारा ध्यान एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जीत एशियाई खेलों के लिए बेहतर तैयार होने पर

■ मैं फिलहाल डिफेंसिव मिडफील्डर के रूप में खेल रहा हूं

चेन्नै, 3 अगस्त (देशबन्धु)। सदाबहार पूर्व कप्तान और मौजूदा टीम में सबसे ज्यादा 334 अंतराष्ट्रीय हॉकी मैच खेलने वाले सेंटर हाफ मनप्रीत सिंह भारतीय पुरुष हॉकी की टीम की रीढ़ हैं। मनप्रीत की तरह उन्हीं के नक्शेकदम पर चलने वाले और उन्हें अपना आदर्श मानने वाले 22 बरस विवेक सागर प्रसाद भारत के लिए 114 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल कर हमलों के सूत्रधार और रक्षण की अहम कड़ी के रूप में अब टीम की रीढ़ बन चुके हैं। विवेक सागर प्रसाद ब्रेडा में 2018 में सम्पन्न आखिरी चैंपियंस ट्रॉफी में रजत पदक और 2021 के टोक्यो ओलंनिपक में 41 बरस बाद कांसे के रूप में अपना पहला पदक जीतने वाली आठ बार की स्वर्ण पदक विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे ही अपने घर में पिछल एफआईएच हॉकी विश्व कप में नौवें स्थान पर रहने वाली टीम का हिस्सा थे। अपने जमाने में कलाकार के रूप में ख्यात भारत को 1975 में क्वालालंपुर में विश्व कप जिताने वाली अहम भूमिका निभाने वाले अशोक कुमार सिंह के काबिल शागिर्द हैं। विवेक सागर ने हॉकी का शुरुआती पाठ मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी में अशोक कुमार सिंह जैसे चतुर हॉकी उस्ताद से सीखा। विवेक सागर फिलहाल यहां आठवीं एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में शिरकत कर रही भारतीय पुरुष हॉकी टीम का अहम हिस्सा हैं। चोट के कारण विवेक सागर 2016 में लखनउ में चीफ कोच हरेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में जूनियर पुरुष हाकी विश्व कप में स्थान बनाने से चूक गए थे। विवेक की सबसे बड़ी ताकत हॉकी की कलाकारी के साथ भारत हॉकी टीम के हर उस्ताद के मार्गदर्शन में उसी के मुताबिक खेलने की क्षमता है। ग्राहम रीड के ओडिशा हॉकी विश्व कप में भारत के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद चीफ कोच के पद से इस्तीफा देने के बाद चीफ कोच की जिम्मेदारी संभालने वाले क्रेग फुल्टन की रणनीति के मुताबिक विवेक सागर प्रसाद ने अपने खेल को पिछले करीब ढाई महीने में ढाला है। इस बाबत पूछे जाने पर विवेक सागर कहते हैं, %टीम का कोच कौन होगा इसका फैसला करने का अधिकार तो हॉकी इंडिया का है। भारत के लिए करीब पिछले छह बरस से ज्यादा में मैं अलग-अलग हॉकी उस्तादों के मार्गदर्शन में खेला हूं। मैं तो हॉकी खिलाड़ी हूं। बेशक किसी भी कोच के मार्गदर्शन में उसकी रणनीति के मुताबिक खुद को ढालने में लगता है और नए चीफ कोच क्रेग फुल्टन की रणनीति के मुताबिक भी खुद को ढालने में बेशक कुछ वक्त लगा। टीम का कोच कोई भी हो मेरा फोकस हमेशा भारत के लिए हर मुकाबले और टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर रहता है। आपको इसके लिए जेहनी तौर तैयार करना पड़ता है। भारत के लिए अब करीब सात बरस से खेलने से मैंने बतौर खिलाड़ी खुद को भारत के कोच के रूप में अलग-अलग हॉकी उस्तादों के मार्गदर्शन में उसके मुताबिक खेलना सीख लिया है।बतौर टीम फिलहाल हमारा ध्यान यहां एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जीत एशियाई खेलों के लिए जेहनी तौर पर बेहतर तैयार होने पर है। मैं खुशकिस्मत हूं कि हमारी टीम में मनप्रीत सिंह और हार्दिक सिंह जैसे चतुर और अनुभवी सेंटर हाफ हैं। जब आप अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो बतौर खिलाड़ी आपसे अपेक्षाओं के साथ जिम्मेदारी भी बहुत बढ़ जाती है। मैं अब मौजूदा भारतीय हॉकी टीम में मूलत- रक्षात्मक सेंटर हाफ के रूप में खेल रहा हूं लेकिन मौका मिलने और टीम की जरूरत के मुतबिक पर आगे खुद हमले के लिए भी जाता हूं। अब भारतीय टीम में मेरी जिम्मेदारी प्रतिद्वंद्वी टीम के गोल के हमलों को नाकाम करने साथ अपने साथियों को आगे गोल के अभियान में मदद करने की है। हमारी मौजूदा टीम में हर खिलाड़ी टीम की जरूरत के मुताबिक एक साथ दो भूमिकाएं निभा रहे हैं। अब भारतीय टीम में मैं डिफेंसिव मिडफील्डर के रूप में खेल रहा हूं कि लेकिन मौका मिलने पर आक्रामक सेंटर हाफ के रूप में साथी स्ट्राइकर की ओर बराबर गेंद बढ़ाने की कोशिश करता हूं।

## सार संक्षेप

### एमआई केप टाउन ने आगामी नीलामी से पहले खिलाड़ियों को बरकरार रखने की घोषणा की

**केप टाउन/मुंबई।** एमआई केप टाउन ने गुरुवार को एसए20 की आगामी नीलामी से पहले खिलाड़ियों को रिटेन करने की घोषणा की। दक्षिण अफ़्रीकी कोर को रैसी वान डेर डुसेन, रयान रिकेल्टन - जिन्होंने 2023 सीएसए पुरस्कारों में डिवीजन 1 वन-डे कप प्लेयर ऑफ़ द सीज़न और डोमेस्टिक प्लेयर ऑफ़ द सीज़न के रूप में कई सम्मान प्राप्त किए -, ग्रांट रोलोफ़सेन, डेलानो पोटगिएटर, जॉर्ज लिंडे, डुआन जेन्सन और ब्यूरन हेंड्रिक्स के साथ बरकरार रखा गया है। पिछले सीज़न के वाइल्डकार्ड पिक जोफ्रा आर्चर और स्पीडस्टर ओली स्टोन दूसरे सीज़न के लिए एमआई केप टाउन के साथ बने रहेंगे। इस बीच, राशिद खान, कैगिसो रबाडा, डेवाल्ड ब्रेविस, लियाम लिविंगस्टोन, सैम करेन और टॉम बैंटन सहित खिलाड़ी पूर्व-हस्ताक्षर में शामिल हुए। टिम डेविड और हेनरी ब्रूक्स के साथ ज़ियाद अब्राहम, वेस्ले मार्शल, ओडियन स्मिथ और वकार सलामखिल को रिलीज़ कर दिया गया है, जिन्हें सीज़न प्रतिस्थापन खिलाड़ियों के रूप में अनुबंधित किया गया था।

### नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने शाजन, मैकार्टन और मुकुल के साथ अनुबंध किया

गुवाहाटी। नॉर्थईस्ट युनाइटेड एफसी ने गुरुवार को 2023-24 सीजन से पहले तीन प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों शाजान फ्रैंकलिन, मैकार्टन लुइस निकसन और मुकुल पंवार के साथ अनुबंध की घोषणा की। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने शाजन के साथ एक साल, वहीं मैकार्टन और मुकुल दोनों ने हाईलैंडर्स के साथ तीन साल का अनुबंध किया है। शाजन और मैकार्टन दोनों एफसी बेंगलुरु यूनाइटेड में मिडफील्ड में टीम के साथी थे और इस साल की शुरुआत में द्वितीय डिवीजन लीग में खेले थे। दूसरी ओर, मुकुल चंडीगढ़ फुटबॉल अकादमी से जुड़े हुए हैं और पेशेवर फुटबॉल में अपना पहला कदम रख रहे हैं। 16 वर्षीय डिफेंडर 2023 अंडर-17 एएफसी एशियाई कप में भारतीय राष्ट्रीय टीम का भी हिस्सा था। सहायक कोच नौशाद मूसा ने तीन युवाओं के अनुबंध की सराहना की। मूसा ने कहा, शाजन इस साल की शुरुआत में संतोष ट्रॉफी जीतने वाली कर्नाटक टीम का अहम हिस्सा थे। मैं मैकार्टन पर तब से नजर रख रहा हूं जब वह इंडियन एरोज के साथ थे। दोनों खिलाड़ी लंबे हैं और तकनीकी रूप से प्रतिभाशाली हैं। मुकुल ने अंडर-17 में अच्छा प्रदर्शन किया है। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के अनुसार, हाईलैंडर्स में शामिल होने के पीछे इस तिकड़ी का मुख्य कारण क्लब की युवा फुटबॉलरों को अवसर देने की इच्छा के साथ-साथ इंडियन सुपर लीग में खेलने की उनकी उत्सुकता है।

# [ अर्थ जगत ]

## पेट्रोल और डीजल की क़ीमतें यथावत

नई दिल्ली, 3 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की क़ीमतें गिरने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज भी यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एनटीपीसी | 4.02 प्रतिशत |
| पावर ग्रिड | 3.00 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.28 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 2.16 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.96 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 1.12 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.09 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनीलीवर | 0.91 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.63 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.46 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दडा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

# जमा राशि पर जीएसटी लगाने से 80 प्रतिशत ऑनलाइन गेमिंग उद्योग हो जाएगा खत्म



नई दिल्ली, 3 अगस्त (एजेंसियां)। जीएसटी काउंसिल की 51वीं बैठक में ऑनलाइन गेमिंग पर एकत्र सकल मूल्य पर 28 प्रतिशत कर लगाने पर जोर दिया गया। उद्योग जगत के भागीदारों ने गुरुवार को एक बार फिर फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी प्लेटफॉर्म के बजाय जमा पर जीएसटी लगाया जाना चाहिए। कंपनियों द्वारा लिया जाने वाला कमीशन इकाई की अर्थव्यवस्था को अव्यवहार्य बना देगा, इससे उद्योग का 80 प्रतिशत हिस्सा नष्ट हो जाएगा। उनके अनुसार अधिकांश नुकसान एमएसएमई और स्टार्टअप्स में केंद्रित होंगी, जो नए युग के बिजनेस मॉडल का निर्माण करते हैं।

विनज़ो की सह-संस्थापक सौम्या सिंह राठौड़ ने कहा, 400 प्रतिशत की यह वृद्धि पूरी तरह से एकाधिकारवादी खेल के उदय को प्रोत्साहित करेगी। उचित कराधान हमारे 500 मिलियन से अधिक इंटरनेट उपभोक्ताओं को अवैध अपतटीय उत्पादों से बचा सकता है। एक संयुक्त बयान में, फेडरेशन ऑफ इंडियन फैंटेसी स्पोर्ट्स और ई-गेमिंग फेडरेशन ने कहा कि नया कर ढांचा, अनिश्चितता को स्पष्ट और हल करते हुए, जीएसटी में 350 प्रतिशत की भारी वृद्धि करेगा और भारतीय ऑनलाइन गेमिंग उद्योग को कई साल पीछे धकेल देगा। उन्होंने कहा, हालांकि, यह गेमिंग कंपनियों को भारत में गेमिंग की नींव को नया करने और पुनर्निर्माण करने का एक संघर्षपूर्ण मौका देगा।

जीएसटी परिषद ने संशोधनों के कार्यान्वयन के छह महीने बाद कर की दर और मूल्यांकन पर निर्णयों की समीक्षा करने का भी निर्णय लिया है, इससे उद्योग को कुछ आशा मिली है। प्राइस वॉटरहाउस एंड कंपनी के पार्टनर प्रतीक जैन ने कहा, यह भी स्पष्ट किया गया है कि जीएसटी अग्रिम रूप से एकत्र की गई पूरी राशि पर लागू होगा और बाद में जीतने से प्राप्त आय पर कर नहीं लगाया जाएगा। यह एक स्वागत योग्य स्पष्टीकरण है, क्योंकि इस मुद्दे पर कुछ भ्रम था। जैन ने कहा, यह भी स्पष्ट किया गया है कि ऑफशोर ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को पंजीकरण लेना होगा और अनुपालन करना होगा, अनुपालन न करने पर ऐसी साइटों को ब्लॉक किया जा सकता है। पार्टनर और लीडर, अप्रत्यक्ष कर, बीडीओ इंडिया के गुंजन प्रभाकरन के अनुसार, जीएसटी परिषद ने सिफारिश की है कि ऑनलाइन गेमिंग और कैसीनो के लिए आपूर्ति का मूल्य खिलाड़ी द्वारा या उसकी ओर से आपूर्तिकर्ता को भुगतान या देय या जमा की गई राशि होनी चाहिए। गेम में लगाई गई राशि को छोड़कर, लगाए गए प्रत्येक दांव के कुल मूल्य को नहीं। प्रभाकरन ने कहा, इसका मतलब यह है कि ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म या कैसीनो द्वारा प्राप्त राशि पर कर लगाया जाता है और व्यक्तिगत दांव पर कर लगाए जाने की चिंता का समाधान कर दिया गया है।

# केंद्र ने लैपटॉप, पीसी और टैबलेट के आयात पर लगाया प्रतिबंध



**नई दिल्ली**, 3 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने गुरुवार को लैपटॉप, टैबलेट, पर्सनल कंप्यूटर और सर्वर के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) द्वारा गुरुवार को जारी एक अधिसूचना में कहा गया है कि इन वस्तुओं के आयात को लाइसेंस के तहत अनुमति दी जाएगी, लेकिन कुछ उपयोग के मामलों को प्रतिबंधों से छूट दी गई है।

इनमें ऑनलाइन पोर्टल, कोरियर या पोस्ट के माध्यम से एक लैपटॉप, टैबलेट, पर्सनल कंप्यूटर या अल्ट्रा-स्मॉल फॉर्म फैक्टर कंप्यूटर का आयात शामिल हैं। डीजीएफटी अधिसूचना में कहा गया है कि सामान नियमों के तहत आयात भी इन प्रतिबंधों के अंतर्गत नहीं आता है।

इनमें से लगभग 20 वस्तुओं को अनुसंधान और विकास, परीक्षण, बेंचमार्किंग, मूल्यांकन, मरम्मत और पुन: निर्यात व उत्पाद विकास जैसे उद्देश्यों के लिए प्रति खेप आयात लाइसेंस से छूट दी गई है। आयात को इस शर्त के अधीन अनुमति दी जाएगी कि आयातित सामान का उपयोग केवल बताए गए उद्देश्यों के लिए किया जाएगा और बेचा नहीं जाएगा।

अधिसूचना में आगे कहा गया है, इसके अलावा, इच्छित उद्देश्य के बाद, उत्पादों को या तो उपयोग से परे नष्ट कर दिया जाएगा या फिर से निर्यात किया जाएगा। हालांकि, इन इलेक्ट्रॉनिक सामानों के आयात की अनुमति तब दी जाती है, जब वे किसी पूंजीगत वस्तु का आवश्यक हिस्सा हों।

# टोयोटा की नई वेलफायर लाँच




नई दिल्ली, 3 अगस्त (एजेंसियां)। यात्री वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज बहुप्रतीक्षित ऑल-न्यू वेलफायर भारत में लॉन्च करने की घोषणा की जिसकी शुरूआती एक्स शोरूम कीमत 11990000 रुपये है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह एक सेल्फ-चार्जिंग मजबूत हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन है जो भारतीय ऑटोमोटिव परिदृश्य में आराम, परिष्कृतता और प्रदर्शन के सार को फिर से परिभाषित करता है। ऑल-न्यू वेलफ़ायर आराम और गतिशीलता, कमांडिंग बल और गतिशील कौशल प्रदान करता है जो ड्राइविंग अनुभव को असाधारण ऊंचाइयों तक ले जाता है। यह ईंधन की कम खपत और कार्बन फुटप्रिंट भी सुनिश्चित करता है। वेलफायर एक मजबूत हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन (एसएचईवी) है। एसएचईवी इंजन बंद होने पर 40 प्रतिशत दूरी और 60 प्रतिशत समय तक इलेक्ट्रिक या शून्य उत्सर्जन मोड पर चल सकता है । ऑल-न्यू वेलफ़ायर डिलीवरी नवंबर 2023 से शुरू होने की उम्मीद है। ऑल-न्यू वेलफायर के टीएनजीए प्लेटफॉर्म (जीए-के) के सौजन्य से एक अद्भुत ड्राइविंग का अनुभव करें। बढ़ी हुई कठोरता और स्थिरता के साथ, उन्नत सस्पेंशन सिस्टम शानदार और आरामदायक सवारी की पेशकश करते हुए, ऑल-न्यू वेलफायर को बेहतर गतिशीलता प्रदान करता है। इसके अलावा, इस मजबूत हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन (एसएचईवी) मॉडल में 2.5-लीटर इनलाइन चार-सिलेंडर डीओएचसी (डबल ओवरहेड कैमशाफ्ट) इंजन है। यह इलेक्ट्रिक मोटर और हाइब्रिड बैटरी से भी जुड़ा है।

# ओएनजीसी ने बीपीसीएल से किया समझौता

मुंबई, 3 अगस्त (एजेंसियां)। तेल एवं गैस क्षेत्र की सार्वजनिक कंपनी ओएनजीसी ने मुंबई क्षेत्र से उत्पादित कच्चे तेल को बेचने के लिए सरकारी तेल विपणन कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (बीपीसीएल) के साथ एक दीर्घकालिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किया है। एक अधिकारी ने यहां गुरुवार को यह जानकारी दी। ओएनजीसी के कार्यकारी निदेशक संजय कुमार और बीपीसीएल के कार्यकारी निदेशक मनोज हेडा ने सी. मथावन जैसे शीर्ष अधिकारियों और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह सौदा कोटा तंत्र के पिछले आवंटन की जगह केंद्र द्वारा घरेलू कच्चे तेल के लिए विपणन और मूल्य निर्धारण की स्वतंत्रता देने के निर्णय के बाद हुआ है। अधिकारियों ने कहा कि नई व्यवस्था को तेजी से अपनाते हुए, ओएनजीसी ने कच्चे तेल की पहली सफल ई-नीलामी शुरू की। मुंबई हाई फील्ड्स से सालाना लगभग 130-140 लाख टन कच्चे तेल का उत्पादन होता है। चेंबूर पूर्व के माहुल में बीपीसीएल की मुंबई रिफाइनरी का ओएनजीसी के साथ पुराना संबंध है। यह 1976 से उसके कच्चे तेल का प्रसंस्करण कर रही है। अरब सागर में पानी के नीचे पाइपलाइन से ओएनजीसी के तेल की आपूर्ति बीपीसीएल की रिफाइनरी को होती है जिससे लॉजिस्टिक्स लागत काफी कम हो जाती है।

### ऑयल इंडिया महारत्न व ओएनजीसी विदेश नवरत्न कंपनी बनी

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस क्षेत्र में कार्यरत दो सरकारी कंपनियों ऑयल इंडिया लिमिटेड को 13वीं महारत्न कंपनी और ओएनजीसी विदेश लिमिटेड को 14वीं नवरत्न कंपनी का दर्जा दिया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इन दोनों सरकारी कंपनियों को महारत्न और नवरत्न का दर्जा दिये जाने को अनुमोदित कर दिया है। ऑयल इंडिया ने वित्त वर्ष 2022-23 में 41039 करोड़ रुपये का कारोबार किया और उसका शुद्ध लाभ 9845 करोड़ रुपये रहा था। इसी तरह से ओएनजीसी विदेश लिमिटेड ने मार्च 2023 को समाप्त वित्त वर्ष में कुल 11676करोड़ रुपये का कारोबार किया और उसका शुद्ध लाभ 1700 करोड़ रुपये रहा था।

## सार संक्षेप

### भारती एयरटेल का मुनाफा लगभग स्थिर

**नई दिल्ली।** दूरसंचार सेवायें प्रदान करने वाली कंपनी भारती एयरटेल ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 1612 करोड़ रुपये का समग्र लाभ अर्जित किया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 1607 करोड़ रुपये की तुलना में मामूली बढ़ा है। कंपनी ने निदेशक मंडल की बैठक के बाद जारी वित्तीय लेखाजोखा में कहा कि इस तिमाही में उसका परिचालन राजस्व 37440 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 14 प्रतिशत अधिक है। इस तिमाही में कंपनी का औसत प्रति ग्राहक राजस्व(एआरपीयू) 9.28 प्रतिशत बढ़कर 200 रुपये हो गया जबकि जून 2022 को समाप्त तिमाही में यह 183 रुपये रहा था। उसने कहा कि पहली तिमाही में 4.13 लाख नये ग्राहक जोड़े गये हैं।

### बेनेली का राजधानी में विस्तार

**नई दिल्ली।** दोपहिया वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी बेनेली, कीवे इंडिया ने राजधानी दिल्ली में अपना विस्तार करते हुये नये शोरुम की शुरूआत की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि कंपनी के प्रबंध निदेशक विकास झबख ने इसके शुभारंभ के मौके पर कहा देश भर में अपने उपभोक्ताओं के साथ जुड़ने के लिए हम तेज़ी से अपने डीलरशिप नेटवर्क का विस्तार कर रहे हैं। इस विस्तार से न सिर्फ वे बेनेली एवं कीवे जैसे जाने-माने ब्राण्ड्स की ओर से सर्वश्रेष्ठ सुपरबाइकों का अनुभव पा सकेंगे, बल्कि बेजोड़ कस्टमर सर्विस का लाभ भी उठा सकेंगे। एआरके ऑटो के साथ साझेदारी करते हुए हमें बेहद ख़ुशी का अनुभव हो रहा है। हमें विश्वास है कि उनके साथ मिलकर हम उपभोक्ताओं को सर्वश्रेष्ठ कस्टमर सर्विस उपलब्ध कराएंगे, जिसके लिए ब्राण्ड को जाना जाता है। उनका उपभोक्ता उन्मुख दृष्टिकोण कंपनी के मूल्यों के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि राजा गार्डन स्थित इस नये शोरूम को दिल्ली एवं आस-पास के क्षेत्रों के बेनेली, कीवे राइडरों को सेल्स, सर्विस और स्पेयर सपोर्ट प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई है। एआरके ऑटो के बैनर तले लॉन्च की गई इस 3एस सुविधा का प्रबन्धन डीलर प्रिंसिपल नकुल कामरा द्वारा किया जाएगा। इस नए आउटलेट के साथ बेनेली, कीवे इंडिया का सशक्त नेटवर्क 58 टचपॉइन्ट हो गये हैं।

### तीन दिनों में एयर इंडिया एक्सप्रेस की तीसरी उड़ान में आई खराबी

**कोच्चि।** तीन दिनों में एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक और उड़ान में खराबी आने की सूचना मिली है। 170 यात्रियों के साथ विमान ने केरल के कोच्चि हवाई अड्डे से शारजाह के लिए उड़ान भरी, लेकिन 45 मिनट बाद वापस लौट आया। फ्लाइट बुधवार रात करीब 10.30 बजे कोच्चि एयरपोर्ट से रवाना हुई और तुरंत बाद लौट आई। 170 यात्रियों को शारजाह जाने वाली अन्य उड़ानों में बिठाया गया। इसके पहले सोमवार को दोपहर से ठीक पहले, बहरीन जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान ने तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे से अपनी उड़ान रद्द कर दी।


# शेयर बाजार में दूसरे दिन भी हाहाकर

**मुंबई** 3 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक बाजार के कमजोर रुझान के दबाव में स्थानीय स्तर पर विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की भारी बिकवाली से आज शेयर बाज़ार में लगातार दूसरे दिन भी हाहाकार मच गया।

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 542.10 अंक का गोता लगाकर 65,240.68 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ़्टी 144.90 अंक की गिरावट लेकर 19,381.65 अंक पर आ गया। वहीं, दिग्गज कम्पनियों के विपरीत मझौली और छोटी कम्पनियों में लिवाली का जोर रहा। इससे बीएसई का मिडकैप 0.14 प्रतिशत चढ़कर 29,967.64 अंक और स्मॉलकैप 0.23 प्रतिशत की तेजी लेकर 34,841.48 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3715 कम्पनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1770 में बिकवाली जबकि 1790 में लिवाली हुई वहीं 155 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

बीएसई में पावर, यूटिलटीज़ और हेल्थ केयर समूह की 0.73 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर शेष 16 समूहों में बिकवाली हुई। कमोडिटीज़ 0.19, सीडी 0.34, ऊर्जा 0.85, एफ एम सी जी 0.55, वित्तीय सेवाएं 0.94, इंडस्ट्रीयल 0.30, आईटी 0.17, दूरसंचार 0.34, ऑटो 0.40, बैंकिंग 1.06, कैपिटल गुड्स 0.65, धातु 1.15, तेल एवं गैस 0.92, रियल्टी 1.85 और टेक समूह के शेयर 0.20 प्रतिशत लुढ़क गए।




अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीसई 0.78, जर्मनी का डैक्स 0.65, जापान का निक्केई 1.68 और हांकांग का हैंगसेंग 1.68 प्रतिशत गिर गया जबकि चीन के शंघाई कंपोज़िट में 0.58 प्रतिशत की तेजी रही।

कारोबार की शुरुआत में सेंसेक्स 232 अंक की बड़ी गिरावट लेकर 65,550.82 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 65,820.82 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद शुरू हुई बिकवाली से यह दोपहर बाद 64,963.08 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 65,782.78 अंक के मुकाबले 0.82 प्रतिशत टूटकर 65,240.68 अंक पर रहा।

निफ़्टी भी 63 अंक उतरकर 19,463.75 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,537.65 अंक के उच्चतम जबकि 19,296.45 अंक के निचले स्तर पर भी रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,526.55 अंक की तुलना में 0.74 प्रतिशत लुढ़ककर 19,381.65 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली प्रमुख कम्पनियों में टाइटन 2.56, बजाज फिनसर्व 2.29, आईसीआईसीआई बैंक 2.24, एसबीआई 1.33, टीसीएस 1.19, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.17, मारुति 1.12, ऐक्सिस बैंक 0.96, एलटी 0.91, विप्रो 0.82, एचडीएफसी बैंक 0.74, भारती एयरटेल 0.66, टाटा मोटर्स 0.63, एचसीएल टेक 0.55, रिलायंस 0.46 और टेक महिंद्रा 0.35 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, इंफ़ोसिस 0.63, एनटीपीसी 0.43, सन फ़ार्मा 0.40, कोटक बैंक 0.06, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 0.05 और पावर ग्रिड ने 0.02 प्रतिशत का मुनाफ़ा कमाया।

# जिंसों में टिकाव



**नई दिल्ली**, 3 अगस्त (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों की गिरावट के दबाव और स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अगस्त का पाम ऑयल वायदा 66 रिंगिट गिरकर 3750 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह अगस्त का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.36 सेंट की गिरावट लेकर 60.35 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों के भाव में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफ़ाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव में टिकाव रहा।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** चना 5050-5150, दाल चना 6050-6150, मसूर काली 7250-7100, मूंग दाल 8750-8850, उड़द दाल 10600-10700, अरहर दाल 10300-10400 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2550-2650 रुपये और **चावल :** 2900-3000 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** चीनी एस 3590-3690, चीनी एम. 3850-3950, मिल डिलीवरी 3470-3570 और गुड़ 3750-3850 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

**खाद्य तेल :** सरसों तेल 12088 रुपये, मूंगफली तेल 20732 रुपये, सूरजमुखी तेल 13553 रुपये, सोया रिफाइंड 12014 रुपये, पाम ऑयल 9000 रुपये और वनस्पति तेल 11000 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

# हैकरवन 12 प्रतिशत कर्मचारियों की छंटनी करेगा

**सैन फ्रांसिस्को,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका स्थित बग बाउंटी और पैठ परीक्षण प्लेटफॉर्म हैकरवन ने अपने लगभग 12 प्रतिशत कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की घोषणा की है। इसके लिए उसने प्रौद्योगिकी क्षेत्र पर वैश्विक आर्थिक मंदी के प्रभाव को जिम्मेदार ठहराया है। नौकरी में कटौती के फैसले से अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, नीदरलैंड और अन्य देशों सहित वैश्विक स्तर पर कर्मचारी प्रभावित होंगे। हैकरवन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मार्टन मिकोस ने बुधवार को एक ब्लॉगपोस्ट में कहा, मैंने पुनर्गठन करने का दर्दनाक और आवश्यक निर्णय लिया है। हम अपनी टीम का आकार लगभग 12 प्रतिशत तक कम कर देंगे। यह निराशाजनक खबर है, क्योंकि हम सभी ने अपने साथी हैकरनीज़ के साथ मजबूत संबंध बनाए हैं। लंबे समय तक सफल बने रहने के लिए यह कार्रवाई आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह छंटनी एक ही बार होगी। उन्होंने कहा, %%हम अपने भविष्य के वित्तीय प्रदर्शन या व्यापक आर्थिक माहौल में पूर्ण दृश्यता का दावा नहीं करते हैं, लेकिन हम स्पष्ट रूप से एक ही कार्रवाई करना चाहते थे और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना चाहते थे। मिकोस ने कहा कि प्रभावित कर्मचारियों को नकद मुआवजे और गैर-नकद लाभ सहित विच्छेद पैकेज मिलेगा।

# पुरानी कारों के रिटेलर स्पिनी ने दो इकाइयों का विलय किया, 300 कर्मचारियों की छंटनी




नई दिल्ली, 3 अगस्त (एजेंसियां)। पुरानी कारों के रिटेल प्लेटफॉर्म स्पिनी ने लागत में कटौती की कवायद के तहत लगभग 300 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। उसने ट्रूबिल और स्पिनी मैक्स का मुख्य प्लेटफॉर्म में विलय किया है जिससे इन दोनों इकाइयों के कर्मचारियों पर छंटनी की गाज सबसे ज्याद गिरी है।इनट्रैकर ने सूत्रों के हवाले से बताया कि नौकरी में कटौती से करीब 300 कर्मचारी प्रभावित होंगे जो 6000 कर्मचारियों के कुल कार्यबल का लगभग 4.5 प्रतिशत है।

कंपनी के मुताबिक, लक्ष्य आगे चलकर साफ-सुथरा तथा अधिक केंद्रित निष्पादन और ग्राहकों को एक ही प्लेटफॉर्म पर सब कुछ पेश करना है। यही वजह है कि छंटनी हो रही है। कंपनी ने एक बयान में कहा, हमने विश्वसनीय, बजट-अनुकूल कारों की मांग में तेज वृद्धि देखी है क्योंकि अधिकांश लोगों ने कार्यालय से काम फिर से शुरू कर दिया है। विभिन्न ब्रांड प्लेटफार्मों में कारों की हमारी सूची को विभाजित करके, हम कभी-कभी ऐसे ग्राहकों को पर्याप्त विकल्प प्रदान करने में असमर्थ थे। इस एकीकरण से हम इन ग्राहकों की जरूरतों को अच्छी तरह से पूरा करने में सक्षम होंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि छंटनी का शिकार कर्मचारियों को तीन महीने का वेतन दिया जाएगा। इसके अलावा कंपनी ने प्रभावित कर्मचारियों के लिए ईएसओपी वेस्टिंग में तेजी लाने की भी बात कही है। कुछ कर्मचारियों ने छंटनी के बारे में लिंक्डइन पर भी बात की। एक लिंक्डइन उपयोगकर्ता ने बुधवार को पोस्ट किया, मैं घोषणा करना चाहता हूं कि मुझे स्पिनी से हटा दिया गया है... यह कितना भी कड़वा क्यों न हो, जीवन चलता रहता है...।

स्पिनी ने 2021 में नए और मौजूदा निवेशकों से 28.3 करोड़ डॉलर की फंडिंग जुटाने की घोषणा की, जिससे उसका मूल्यांकन 1.8 अरब डॉलर हो गया और वह उस वर्ष एक और यूनिकॉर्न बन गया। यह कंपनी की पहली छंटनी है, जबकि कारदेखो और कार्स24 जैसे प्रतिस्पर्धी पहले ही पिछले कुछ वर्षों में सैकड़ों कर्मचारियों को निकाल चुकी हैं। कार्स24 ने पिछले साल 600 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया था और कारदेखो ने 2022 में कई कर्मचारियों की छंटनी की थी।

# टर्निमल बिल्डिंग समेत अन्य कार्यों को शीघ्र पूरा करें

## कलेक्टर ने सेना से मिली जमीन पर प्रोजेक्ट तैयार करने दिए निर्देश

### नवपदस्थ कलेक्टर ने एयरपोर्ट उन्नयन कार्य का लिया जायजा

### बिलासा देवी एयरपोर्ट का 3 सीबीएफआर से 3 सीआईएफआर कैटेगरी में हो रहा उन्नयन



**बिलासपुर**, 3 अगस्त (देशबन्धु)। बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट में चल रहे उन्नयन कार्य को देखने आज जिले के नवपदस्थ कलेक्टर संजीव झा उन्नयन कार्य के नोडल आफिसर निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत के साथ एयरपोर्ट पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने एयरपोर्ट डायरेक्टर और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से एयरपोर्ट अब तक हुए कार्य और निर्माणाधीन कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री झा ने एयरपोर्ट टर्मिनल बिल्डिंग के उन्नयन कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश पीडब्ल्यूडी एवं ठेकेदार को दिए। इसके अलावा रनवे के पास निर्माणाधीन आइसोलेशन बेय को भी जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए है। ज्ञात है की चकरभाटा स्थित बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट का 3 सीबीएफआर से 3 सीआईएफआर कैटेगरी में उन्नयन किया जा रहा है जिसके बाद एयरपोर्ट में नाइट लैंडिंग की सुविधा शुरू हो सकेगी।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री संजीव झा ने रक्षा विभाग से वापस मिले 1012 एकड़ जमीन को अपने अधीन कर जल्द प्रोजेक्ट तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही यात्रियों की सुविधाओं में विस्तार करने कार्य योजना तैयार करने के निर्देश एयरपोर्ट डायरेक्टर को दिए। उन्होंने कहा 3 सीआईएफआर कैटेगरी हो जाने के बाद नाइट लैंडिंग की सुविधा शुरू हो जाएगी जिसका बाद आगे के लिए भी काम करना है ताकि बिलासपुर एयरपोर्ट में आवागमन बढ़ाने और सर्वसुविधायुक्त बनाया जा सकें। एयरपोर्ट के टर्मिनल बिल्डिंग उन्नयन कार्य में फाल सिलिंग, टेनसाइल क्लाथ का शेड, पेवर ब्लाक का पाथ वे, एसी और लाइटिंग का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा नाइट लैंडिंग के लिए सीसीआर रूम का भी निर्माण किया जा रहा है जहां इलेक्ट्रॉनिक पैनल स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा रनवे के लिए अतिरिक्त जमीन और फेंसिंग कार्य का भी कलेक्टर ने निरीक्षण किया।

# निलंबन विस्तारण का आदेश नहीं, स्त्रीरोग विशेषज्ञ बहाली की पात्र, हाईकोर्ट का फैसला

**बिलासपुर**, 3 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्य अस्पताल अधीक्षक के पद पर जिला बेमेतरा में पदस्थ दुर्ग निवासी डॉ. वंदना भेले को जिला दुर्ग में विलंब से ज्वाईनिंग दिये जाने पर सचिव, स्वास्थ्य विभाग, रायपुर द्वारा निलंबित कर दिया गया था।



21 मार्च 2023 को सचिव, स्वास्थ्य विभाग द्वारा उन्हें आरोप पत्र जारी किया गया। निलंबन आदेश को क्षुब्ध होकर डॉ. वंदना भेले द्वारा अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय एवं घनश्याम शर्मा के माध्यम से हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की गई। अधिवक्ताओं द्वारा यह तर्क प्रस्तुत किया गया कि चूंकि डॉ. वंदना भेले द्वारा पारिवारिक परेशानियों के कारण स्थानांतरित स्थल पर विलंब से ज्वाइन किया था उनके द्वारा जानबूझकर आदेश की अवज्ञा नहीं की गई थी। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट द्वारा अजय कुमार चौधरी विरुद्ध यूनियन ऑफ इंडिया द्वारा सचिव एवं अन्य के वाद का हवाला दिया गया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट द्वारा यह सिद्धांत प्रतिपादित किया गया है कि यदि किसी शासकीय अधिकारी-कर्मचारी को सेवा से निलंबित कर 90 दिवस के भीतर आरोप पत्र जारी कर दिए जाने के भी यदि वरिष्ठ अधिकारी कर्मचारी को लगातार निलंबित रखना चाहते हैं तो उन्हें निलंबन के 90 दिवस के भीतर लगातार निलंबन में रखने जाने का प्रयाप्त एवं विशेष कारण बताते हुए निलंबन के विस्तारण का आदेश जारी किया जाना आवश्यक है। उक्त विस्तारण आदेश जारी ना किये जाने से शासकीय कर्मचारी निलंबन से बहाली का पात्र है। चूंकि याचिकाकर्ता के मामले में सचिव, स्वास्थ्य विभाग, रायपुर द्वारा डॉ. वंदना भेले को निलंबित कर आरोप पत्र जारी कर दिया गया परन्तु लगातार निलंबन में रखने का विशेष एवं ठोस कारण बताते हुए विस्तारण आदेश जारी ना किये जाने से याचिकाकर्ता निलंबन से बहाली की पात्र है।

उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा उक्त रिट याचिका की सुनवाई के पश्चात रिट याचिका को स्वीकार कर सचिव, स्वास्थ्य विभाग को यह निर्देशित किया गया कि वे निलंबन से बहाली एवं निलंबन भत्ता प्रदाय किये जाने हेतु तत्काल याचिकाकर्ता के अभ्यावेदन का निराकरण करें।

## सार-संक्षेप




### जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में 3 को मिली अनुकंपा नियुक्ति

**बिलासपुर**, 3 अगस्त (देशबन्धु)। आज जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर बैंक में फ़ौत हुए कर्मचारियो के आश्रितो को प्रमोद नायक ने नियुक्ति पत्र देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अपने कर्तव्य के प्रति निशठावान रहने हेतु निर्देशत किया। जिन तीन कर्मचारियो की भर्ती की गई उनके नाम कु. अंजना यादव पिता स्वर्गीय बसंत यादव, अभिनव सिंह ठाकुर पिता स्वर्गीय मनोज ठाकुर, रविन्द्र सिंह पिता स्वर्गीय भुनेश्वर सिंह राज को शाखाओ में पदस्थ किया गया। इस अवसर पर बैंक के नुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीकांत चंद्राकर, नोडल अधिकारी आशीष दुबे, विपणन प्रभारी सुशील चंद्राकर, लेखा से रवि ठाकुर स्थापना से प्रकाश शर्मा, उपस्थित थे।

### सर्व मंगला बिहार कॉलोनी के लोग जलभराव से परेशान

**बिलासपुर**, 3 अगस्त (देशबन्धु)। नगर निगम विलासपुर के वार्ड नंबर 14 मे उसलापुर रेलवे स्टेशन के सामने, महर्षि स्कूल रोड मे सर्व मंगला बिहार कॉलोनी स्थित है, साईं प्रभा अपार्टमेंट भी इसी कोलोनी के अंतर्गत आता है। इस कॉलोनी मे 22,23 स्वतंत्र मकान तथा साई प्रभा अपार्टमेंट के 48 फ्लैट मिलाकर लगभग 250 लोग निवास रत हैं। कॉलोनी से बाहर पानी के निकासी की कोई स्थाई व्यवस्था न होने से कॉलोनी का प्रस्तावित गार्डन पूरी तरह से बारहों महीने कीचड़ से भरा गंदा तालाब बना रहता है, कई तरह के कीड़े-मकोड़े, जहरीले सांप, बिच्छू लगातार निकलते रहते हैं। कॉलोनी वासियों के लगातार अनुरोध पर संज्ञान लेते हुए नगर निगम ने नाली का निर्माण कार्य प्रारंभ करवाया, परन्तु आधे निर्माण के बाद बशीर खान वगैरह की प्राइवेट जमीन होने के कारण कार्य स्थगित कर दिया गया। अभी पिछले दिनों हुई वारिस के कारण पूरी कॉलोनी में पानी भर गया था, इस पर कॉलोनी निवासियो के अनुरोध पर आगे कच्ची नाली की खुदाई करके कुछ राहत पहुंचाई गई, परन्तु इस लगभग 1.5 द्व्ह्ल चौड़ी नाली से समस्या का स्थाई समाधान नहीं हो सकता।

### मंडल में राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की जयंती मनाई गई



**बिलासपुर**, 3 अगस्त (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल में आज मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर में स्थित हिंदी पुस्तकालय में अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक योगेश कुमार देवांगन की अध्यक्षता में राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सहायक कार्मिक अधिकारी एवं प्रभारी राजभाषा अधिकारी स्नेहाशीष घोष एवं मंडल कार्यालय में कार्यरत विभिन्न विभाग में कार्यरत कर्मचारीगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अध्यक्ष ने माँ सरस्वती एवं गुप्त के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। इस अवसर पर उपस्थित साहित्य प्रेमी कर्मचारियों द्वारा गुप्त की जीवनी पर संक्षिप्त प्रकाश डाला गया एवं उनकी कविताओं का काव्य-पाठ किया। प्रभारी राजभाषा अधिकारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदी साहित्य में गुप्त जी का योगदान अविस्मरणीय है। उनकी कविताओं में देश का अतीत, वर्तमान और भविष्य का मिश्रण देखने को मिलता है। आज का यह कार्यक्रम राजभाषा के प्रसार-प्रसार के क्रम में कर्मचारियों के बीच नई ऊर्जा का संचार करेगा। अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि मैथिलीशरण गुप्त जी की अमर कृतियां आज के संदर्भ में भी प्रासंगिक है। उन्होंने अपनी कविताओं के माध्यम से स्त्रियों की दशा को समाज के समक्ष बड़े ही मार्मिक ढ़ग से प्रस्तुत किया है। उनकी जयंती पर उनकी रचनाओं को पढ़ना वास्तव में उन्हें सच्ची आदरांजलि होगी।

### सरकंडा क्षेत्र में जलभराव

# भाजयुमो ने क्रिकेट खेलकर व रोपाई करके किया विरोध प्रदर्शन

**बिलासपुर**, 3 अगस्त (देशबन्धु)। सरकंडा क्षेत्र में हुए जलभराव के विरोध में आज भारतीय जनता युवा मोर्चा उत्तर मंडल सरकंडा ने अनूठे अंदाज में विरोध प्रदर्शन किया। भाजयुमो ने आज बजरंग चौक, भगत सिंह स्कूल और इमलीभांठा क्षेत्र में भरे हुए पानी में क्रिकेट खेलकर और रोपाई करके अनूठा प्रदर्शन किया। जिसका नागरिको ने भी समर्थन किया।



भाजयुमो मंडल अध्यक्ष महर्षि बाजपेयी ने कहा कि हर वर्ष बारिश में सरकंडा का यही हाल होता है। नालियों की सफाई नही होने के कारण जगह जगह लोगो के घरों में पानी घुस गया है भगत सिंह स्कूल में पानी भर जाने के कारण स्कूल की छुट्टी करनी पड़ी है और नगर निगम के अधिकारी और कांग्रेस के विधायक और महापौर दोनों गायब है। महर्षि ने कांग्रेसियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि साल भर सफाई ठेके के नाम पर नेता कमीशन खाते हैं जिसका हर्जाना जनता भुगतती है। आज लोगो के घरों में पानी भर गया है लेकिन बिलासपुर के विधायक और महापौर दोनों के पास नागरिको के घरों में झांकने का समय तक नही है। आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता इन्हें सबक सिखाएगी और सत्ता से बेदखल कर देगी।

प्रदर्शन के दौरान संस्कार सोनी, तुषार साव, दुर्गेश यादव, अनीष तिवारी, अंकित मानिकपुरी, यश कश्यप सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।।

# खेती-किसानी के लिए किसानों को सभी तरह की ऋण सहायता-नायक

### मस्तूरी की नवीन समिति निरतु में प्रमोद नायक ने किया ऑफिस सह गोदाम का भूमिपूजन

**बिलासपुर**, 3 अगस्त (देशबन्धु)। आज जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर के सीपत क्षेत्र में धनिया शाखा अंतर्गत समिति निरतु में 200 में.टन. का गोदाम एवं समिति का आफिस का भूमि पूजन जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष प्रमोद नायक के द्वारा किया गया। भूमि पूजन के अवसर पर रास्ते मे ग्राम कुकदा के कृषको एवं क्षेत्र के कांग्रेसी नेताओ द्वारा फूल माला एवं फटाकों से नायक का स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधिवत भूमि का पूजन कर धरती माँ का आशीर्वाद लेकर नारियल फोड़कर कुदाल चला कर कार्य प्रारम्भ किया गया। भूमि पूजन के इस अवसर में बाहर से आये अतिथियों का स्वागत किया गया। संबोधन में प्रमोद नायक, राहुल सोनवानी, राजेस्वर भार्गव, एवं प्रेमचंद जायसी ने संबोधित किया।



नायक ने अपने ओजस्वी संबोधन में प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल मुख्यमंत्री के द्वारा किसानों के लिए चलाए जा रहे लाभप्रद योजनाओ के बारे में अवगत कराएं साथ ही बैंक में किसानों को अपने भुगतान के लिए अब लाइन नही लगानी पड़ेगी क्योकि बैंक द्वारा अभी तक 10 एटीएमऔर 10 शाखाओ के विस्तार के बारे में बताए। उन्होंने यह भी बताया कि किसानों को उनकी सुविधा हेतु 146 नवीन समिति का गठन किया गया एवं उनमे गोदाम सह आफिस हेतु प्रति गोदाम 25.48 लाख स्वीकृत कर 146 समितियों निर्माण कराया जा रहा है। जिसका लाभ सीधे किसानों को होगा, नायक ने यह भी बताया कि बैंक/समिति के माध्यम से किसानों को उनकी खेती किसानी हेतु समस्त प्रकार के ऋण वितरण किया जा रहा है। जिससे समिति के ऋणी कृषको के संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है बैंक के ऋण के व्यवसाय में भी लगातार वृद्धि होने से बैंक इस वर्ष सकल लाभ में है। कार्यक्रम के इस अवसर में उपस्थित गणमान्य मुख्य अतिथि प्रमोद नायक अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर अतिविशिष्ट अतिथि राजेंद्र धीवर उपाध्यक्ष मछुआ कल्याण बोर्ड, प्रेमचंद जायसी उपाध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस कमेटी, चित्रकांत श्रीवास उपाध्यक्ष केश शिल्प बोर्ड, राहुल सोनवानी सभापति जिला पंचायत, राजेश्वर भार्गव सभापति जिला पंचायत बिलासपुर, दुबे सिंह कश्यप जिला अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ, मनोज खरे वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रमोद जायसवाल अध्यक्ष ब्लॉक किसान कांग्रेस सीपत शरद दुबे, नूर मोहम्मद, रोशन जायसवाल, अरविंद लहरिया, वीरेंद्र कुमार लहसन, ईश्वर पाटनवार, बुटन पाटनवार, उमेश कश्यप इदरीश खान, सुभाष टंडन, निखिल जयसवाल, मोहन पाटनवार, हरीराम बख्शी एवं क्षेत्र के किसान तथा ग्रामीण कांग्रेसी नेता और साथ ही जिला सहकारी बैंक, जिला बिलासपुर के नोडल अधिकारी आशीष दुबे, शाखा प्रबंधक जवाहर यादव, जितेंद्र तिवारी, समिति से राजेश यादव, कोमल यादव आदि उपस्थित थे।

# ग्रिप में खराबी व तार टूटने से सात घंटे बंद रही बिजली

**बिलासपुर**, 3 अगस्त (देशबन्धु)। बिजली उपभोक्ताओं के लिए बुधवार का दिन परेशानी भरा रहा। खासकर मंगला क्षेत्र के अलखधाम नगर स्थित एक ट्रांसफार्मर की ग्रिप में आई खराबी व केबल टूटने के कारण सात घंटे तक इस क्षेत्र में सप्लाई ठप रही है। वहीं दूसरी तरफ कुछ न कुछ तकनीकी खामियों की वजह से शहर के अधिकांश क्षेत्रों में बिजली गुल रही है। बरसात की वजह से सुधार करने में भी बिजली कर्मचारियों को भारी मशक्कत करनी पड़ी।

मौसम बरसात का हो या गर्मी का। जब भी मिजाज बदलता है सबसे पहले असर बिजली सप्लाई पर पड़ता है। बुधवार को तो सुबह तेज वर्षा होने लगी है। इसकी वजह से तेलीपारा, कुदुदंड, जून बिलासपुर, सरकंड, व्यापार बिहार, अज्ञेय नगर, हेमू नगर व गीतांजलि सिटी में दिनभर सप्लाई चालू- बंद होती रही। मंगला के अलखधाम नगर में तो ट्रांसफार्मर का ग्रिप व केबल टूट गया था। इस समस्या की वजह से सुबह 6.30 बजे के करीब अचानक बिजली बंद हो गई। इस पर उपभोक्ताओं फ्यूज काल सेंटर को सूचना दी।

**■ शहर के कई इलाकों में वोल्टेज डाउन की भी समस्या**

यहां से कर्मचारियों को भेजा गया। लेकिन, ग्रिप व तार को टूटा देखकर यह कहते हुए लौट गए कि इसे निजी कर्मचारी नहीं बल्कि, बिजली कंपनी के स्थाई कर्मचारी ही सुधार सकेंगे। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को सूचना देनी बात भी कही। इस आवश्वासन पर लोगों को लगा कि जल्द बिजली सप्लाई सुचारू हो जाएगी। लेकिन, सुधार दल को मौके पर पहुंचने के लिए छह घंटे लग गए। इसके बाद करीब एक घंटे की जद्दोजहद के बिजली चालू हुई। लेकिन, शाम को वापस तकनीकी खराबी आने के बाद दोबारा सप्लाई ठप हो गई। इसके बाद देरात तक इस क्षेत्र में अंधेरा छाया रहा।

## जल संरक्षण पर वेबिनार का आयोजन

**बिलासपुर**, 3 अगस्त( देशबन्धु)। नेहरू युवा केंद्र के द्वारा गाँवों में जल संरक्षण को लेकर शुरू किया जागरूकता अभियान। पंचतत्व जीवन के लिए आधार माने गए हैं एक तत्व जल भी हैं। इसी को चरितार्थ करने के लिए नेहरू युवा केन्द्र बिलासपुर द्वारा जल संरक्षण विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य वक्ता के रूप में रीमा गांगुली पूर्व जिला समन्वयक यूनिसेफ द्वारा बताया गया कि अगर जल ही नहीं रहेगा तो जीवन की कल्पना कैसी और सृष्टि का निर्माण कैसा? जल का महत्व इस बात का भी परिचायक है कि दुनिया की बड़ी-बड़ी सभ्यताएँ और प्राचीन नगर नदियों के किनारे ही बसे और फले-फूले। लेकिन, आज विकास की अंधी दौड़ और विलासिता भरी जिंदगी में प्राकृतिक संसाधनों का तो जैसे कोई मोल नहीं रह गया है। घरेलू स्तर पर जल का उचित व संयमित उपयोग एवं उद्योगों में पानी के चक्रीय उपयोग जल संरक्षण में सहायक हो सकते हैं। इस्तेमाल किये हुए पानी का फिर से शौचालयों अथवा बगीचों में फिर से इस्तेमाल वर्षा जल का संग्रहण करके हम पानी को बचा सकते हैं।

# आवारा पशुओं को दुर्घटना से बचाने रेडियम बेल्ट व ईयर टैगिंग

### हाईकोर्ट के निर्देश पर अमल

**बिलासपुर**, 3 अगस्त (देशबन्धु)। आवारा पशुओं को दुर्घटना से बचाने एवं उनकी पहचान के लिए रेडियम बेल्ट एवं इयर टैगिंग का कार्य निरंतर जारी है। इसके लिए पशु चिकित्सा विभाग द्वारा 10 समितियों का गठन किया गया है। इन समितियों द्वारा नेशनल हाईवे, स्टेट हाईवे एवं अन्य मुख्य मार्गों का दैनिक भ्रमण कर पिछले एक सप्ताह में अब तक 614 पशुओं में रेडियम बेल्ट एवं 435 पशुओं में ईयर टैगिंग का कार्य किया जा चुका है। हाईकोर्ट के निर्देश के परिपालन में यह कार्यवाही की जा रही है।



जिले में नगर निगम बिलासपुर के द्वारा 04 कॉउ कैचर के माध्यम से रहंगी गोठान में 198, मोपका गोठान में 176, पाराघाट गोठान में 171 एवं तखतपुर गोठान में 15 इस प्रकार कुल 560 पशुओं को विस्थापित किया गया है। जिनका विभागीय अमले के द्वारा पशु चिकित्सकीय कार्य के साथ-साथ एच.एस. व बी.क्यू का टीकाकरण किया गया है। अब तक भारत शासन द्वारा संचालित एनडीडीबी के इनॉफ पोर्टल में 379 पशुओं का आवारा श्रेणी में पंजीयन किया गया है। उपरोक्त पंजीकृत जप्त पशुओं में 120 नर सांड पशु है, जिन्हें निकट भविष्य में बैगा बिरहोर जनजातियों को कृषि प्रयोजन के लिये जिला प्रशासन से प्रशासकीय अनुमति पश्चात वितरित किया जाना है। इसी प्रकार लावारिस जप्त गायों को भी पशुपालन हेतु इच्छुक किसानों को मार्गों में खुला न छोड़ने के शपथ पत्र पर जिला प्रशासन से प्रशासकीय स्वीकृति के बाद वितरित किये जाने की कार्य योजना प्रस्तावित है। जिले में अनुदान प्राप्त 04 पंजीकृत गौशालाओं में कुल लगभग 800 पशु क्षमता के विरूद्ध 760 पशु रखे गये हैं, जिनमें जप्त किये जा रहे घुमन्तू पशुओं को अतिरिक्त क्षमता अनुरूप विस्थापित किया जा सकता है। इसके साथ ही जिले में नेशनल हाईवे एवं स्टेट हाईवे के पास नये गौशाला खोलने हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किये जा रहे हैं, जिसमें ऐसे निजी गौशाला जिनमें न्यूनतम 50 पशु, आधा एकड़ गौशाला के नाम से भूमि तथा जल व शेड उपलब्ध होंगे, को प्राथमिकता से पंजीयन किया जायेगा। वर्तमान में जिले में कुल 14 पशु चिकित्सालय, 64 पशु औषधालय, 01 चलित पशु चिकित्सा इकाई, 01 रोग अन्वेषण प्रयोगशाला संचालित है एवं जिले में अतिशीघ्र मोबाईल वेटनरी यूनिट की सुविधायें आमजनों के लिए उपलब्ध करायी जाएगी।

## 120 घुमंतू मवेशियों को निगम ने रहंगी गोठान में शिफ्ट किया

### अब तक 2700 से अधिक मवेशियों को सड़क से हटाकर शिफ्ट किया



सड़क और खुलें में घूमने वाले मवेशियों को पकड़ने बुधवार की रात नगर निगम ने विशेष अभियान चलाया। इस दौरान हाईकोर्ट मार्ग और शहर के अन्य हिस्सों से रात में 120 मवेशियों को सड़क से पकड़कर रहंगी गोठान में शिफ्ट किया गया। विदित है की निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत के निर्देश पर नगर निगम द्वारा सड़क को मवेशी मुक्त बनाने लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत रात में भी विशेष अभियान का आगाज किया गया है। मवेशी मालिकों से अपने पालतू जानवरों को बाहर नहीं छोड़ें इसके लिए भी समझाइश दी जा रही है। सड़को पर दिखने वाले मवेशियों को पकड़ने के बाद शहरी समेत ग्रामीण गोठान ले जाया जा रहा है। वहीं पिछले सवा महीने से अधिक समय में नगर निगम की टीम द्वारा लगभग 2700 से अधिक अवारा मवेशियों को सड़क से हटाकर पकड़ा गया है रात के अंधेरे में भी मवेशी और राहगीर दोनों सुरक्षित रहें इसके लिए पकड़े जा रहें मवेशियों के गले में निगम कर्मियों द्वारा रेडियम पट्टी बांधा जा रहा है। निगम कमिश्नर श्री कुणाल दुदावत के निर्देश पर सड़कों को मवेशी मुक्त बनाने विभिन्न स्तरों पर प्रयास जारी है।

**NECC**

| 04.08.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 4.15 | 65 | 165 |
| चिल्हर | 5.50 | 80 | 170 |

डिलीवरी 4.30 सैकड़ा
दर्जन अंडा 65 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 700 रू.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। सम्पादक- अशोक शर्मा, प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188